रांची, शुक्रवार
28:04:2023

देश/विदेश 11 तालिबान ने काबुल एयरपोर्ट ब्लास्ट के मास्टरमाइंड.. .. झारखंड 9 टीबी मुक्त... अभिव्यक्ति 6 सुप्रीम कोर्ट का फैसला क्या केंद्र .. .. नेपोटिज्म के कारण इंडस्ट्री 10

अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 115 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

हेमन्त सरकार का संवेदनशील प्रयास

जीवन रक्षा को मिली उड़ान

झारखण्ड की जनता के लिए पहली बार

एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक - 28.04.2023 | समय - अपराह्न 01:00 बजे
स्थान - स्टेट हैंगर, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची

रांची तथा

देवघर | दुमका
बोकारो | धनबाद
जमशेदपुर | गिरिडीह

एयरपोर्ट पर भी एयर एम्बुलेंस सेवा होगी उपलब्ध

अधिकतम दो घंटे में

एयर एम्बुलेंस उड़ान हेतु होगा तैयार।
आपातकालीन उपकरणों सहित चिकित्सक के साथ सेवा होगी उपलब्ध

नागर विमानन प्रभाग से संपर्क करें -

+91 82105 94073 0651-4665515
airambulance.cad@gmail.com

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 296108 (IPRD)23-24

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

राज-काज

प्रोजेक्ट भवन में आयोजित झारखंड कैबिनेट का फैसला

राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता चार फीसद बढ़ा

- सहायक प्राध्यापकों के वेतन में वृद्धि
- संविदा कर्मियों के मानदेय का निर्धारण
- आज की बैठक में कुल 26 प्रस्ताव मंजूर

राष्ट्रीय खबर

रांची: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 26 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने सातवां वेतनमान प्राप्त राज्य कर्मियों का 4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाने पर स्वीकृति दी। अब 42 फीसदी डीए मिलेगा। 1 जनवरी 2023 की तिथि से सभी कर्मियों को लाभ मिलेगा। बड़े महंगाई भत्ता का लाभ पेंशनभोगी या पारिवारिक पेंशन भोगियों को भी मिलेगा। वहीं अपुनरीक्षित वेतनमानवाले कर्मियों का डीए 212 प्रतिशत से बढ़ा कर 221 प्रतिशत किया गया। अपुनरीक्षित पेंशन भोगियों का डीए 221 प्रतिशत किया गया।कैबिनेट ने उत्पाद नीति में संशोधन किया है। राज्य में संविदा पर कार्यरत कर्मियों की संविदा राशि का निर्धारण किया गया। इनका वेतन निर्धारण सातवां वेतनमान के अनुरूप किया गया। 1 से 15 अलग-अलग लेबल है। रांची धनबाद बोकारो और जमशेदपुर में 18 ग्रेड पे के तहत 25600 रुपये और अन्य शहरों में 24400 वेतनमान तय हुआ। उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित अभियंत्रण महाविद्यालय राजकीय पॉलीटेक्निक कार्यों के सुचारू रूप से संचालन के लिए स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक व्याख्याता के मानदेय बढ़ोतरी तथा गेस्ट फैकल्टी की सेवा प्रदान करने की

स्वीकृति दी गयी। सहायक अध्यापकों को 57700 और 56100 रुपये मिलेंगे। इसी तरह रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों एवं उच्च महाविद्यालय में शिक्षण कार्य का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर कार्यरत आवश्यकता आधारित सहायक अध्यापकों का 57100, रुपये मानदेय किया गया। जेपीएससी के द्वारा सहायक अध्यापक के पद पर नियमित बैकलॉग नियुक्ति तथा पैनल का अवधि विस्तार किया गया तथा गेस्ट फैकल्टी की सेवा प्रदान करने की मंजूरी दी गयी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में इंटर्न्स की वृतिका का पुनरीक्षण एवं झारखंड चिकित्सा सेवा नियुक्ति प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गयी। निजी मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण शुल्क तय किया गया। एसटी, एससी के जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए नये फॉर्मेट की स्वीकृति दी गयी। भारत सरकार के अनुरूप प्रपत्र पांच सभी स्तरों में लागू होगा। इसके तहत केंद्रीय संस्थानों इत्यादि में नामांकन या नियुक्ति के लिए या लागू था वहीं अब झारखंड में भी यह पपत्र पांच ही लागू होगा। पहले झारखंड में फॉर्मेट 4 से प्रमाण पत्र बनता था।

राज्य औषधि नियंत्रण सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी दी गयी। झारखंड अवैध खनन अभियंत्रण सेवा शर्त संशोधन नियमावली की मंजूरी दी गयी। दोनों ही मामले में झारखंड से मैट्रिक इंटर पास करने के बाध्यता को शीथिल किया गया। प्रवासी मजदूरों के मृत होने पर उनके शरीर को उनके पैतृक आवास में लाने के लिए पहले 25000 की राशि सरकार देती थी उसे बढ़ा कर 50 हजार किया गया। झारखंड मोटरयान संवर्ग नियमावली 2023 की मंजूरी दी गयी। राज्य में क्रिमिनल ट्रैकिंग सिस्टम डेवलप करने के लिए योजना लायी गयी। राज्य में नगर निकाय चुनाव होने तक 34 नगर निकायों में प्रशासक की नियुक्ति होगी। यह प्रशासक निकाय कहीं कार्यालय प्रधान नगर आयुक्त इत्यादि होंगे। शराब नीति में संशोधन के तहत जी एसबीसीएल को अगले 4 महीने तक खुदरा दुकान संचालित करने की अनुमति दी कि 1 मई 2023 से या व्यवस्था लागू होगी। यह वैसे जिलों में लागू हुआ जहां अभी तक प्लेसमेंट एजेंसी का चयन नहीं हुआ है।

उड़ीसा में 40 हजार आदिवासी बच्चों से मिलेंगे मुख्यमंत्री

कीट युनिवर्सिटी के आमंत्रण पर जाएंगे भुवनेश्वर

राष्ट्रीय खबर

रांची: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी और इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस के समारोह में शुक्रवार को शामिल होंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन KIIT यूनिवर्सिटी के आमंत्रण पर करीब 40 हजार बच्चों से मिलकर कर उन्हें संबोधित करेंगे। मालूम हो कि इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस पूरे विश्व में सबसे बड़ा आदिवासी संस्थान है, जिसे 1992-93 में डॉ अच्युत सामंता द्वारा शुरू किया गया था। इस संस्थान में देश भर के वंचित आदिवासी वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ- साथ रोजगारपरक बनाया जाता है। वर्तमान में यहां करीब 40 हजार आदिवासी बच्चों को प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती है, जिसमें अधिकतर बालिकाएं शिक्षा ग्रहण करती हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले डिप्टी मेयर, कहा

झारखंड सरकार कर रही निकायों को कमजोर करने की साजिश

राष्ट्रीय खबर

रांची: रांची शहर समेत पूरे झारखंड की आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि जिस गर्मजोशी से महामहिम ने मुलाकात की यह उनके सरल व्यक्तित्व को दशार्ता है। उन्होंने राष्ट्रपति को बताया कि झारखण्ड सरकार नगर निकाय को लगातार कमजोर करने की साजिश कर रही है।नगर निकायों की मजबूती के लिए

74वा संशोधन लागू कराने की मांग की।सरकार की चुनाव कराने की मंशा नहीं

डिप्टी मेयर ने महामहिम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नगर निकायों को किस तरह दबाया जाता है। इसका ताजा उदाहरण है कि पिछले दो सालों से झारखण्ड के 13 नगर निकायों का चुनाव लंबित है एवं झारखण्ड की राजधानी रांची सहित 33 नगर निकायों का कार्यकाल अप्रैल माह 2023 में पूरा हो रहा है। इसके फलस्वरूप अप्रैल माह के बाद झारखण्ड की राजधानी रांची सहित झारखण्ड के सभी 46 नगर निकायों का चुनाव लंबित हो जाएगा। जिससे सभी 45 नगर निकायों के क्षेत्र में निवास करने वाले जनमानस का अपने कार्यों का कराने के लिए नगर निकाय के पदाधिकारियों के पास दौड़ना होगा, जिससे आम जनमानस को काफी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

बन्ना गुप्ता के आरोप पर बीजेपी ने किया पलटवार, कहा-

मंत्री रहते वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच होना मुश्किल

राष्ट्रीय खबर

रांची: बन्ना गुप्ता अश्लील वायरल वीडियो पर झारखंड में सियासत जारी है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा भाजपा पर निशाना साधने के बाद भाजपा ने पलटवार करते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। बन्ना गुप्ता वायरल वीडियो मामले की बीजेपी ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। बीजेपी ने कहा है मामले की जांच में सहयोग के लिए मंत्री जी को पहले इस्तीफा देना चाहिए।

मंत्री दें इस्तीफा

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर हमला बोलते हुए कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री पर इतने गंभीर आरोप लगने के बाद उन्हें नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने भाजपा विधायक सी पी सिंह के मामले में बन्ना गुप्ता द्वारा आरोप लगाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सीपी सिंह ने सैक्सटॉर्सन का केस खुद लालपुर थाना में जाकर किया है और इसकी जांच का आग्रह पुलिस से किया है।मंत्री रहते वायरल वीडियो की जांच होना मुश्किलः बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि बीजेपी

शुरू से ही वायरल वीडियो की जांच की मांग कर रही है। मगर तीन दिन हो गए इसकी जांच नहीं हो पाई है। मंत्री रहते हुए बन्ना गुप्ता के मोबाइल की जांच पुलिस द्वारा करना संभव नहीं दिख रहा है। इसलिए भाजपा मांग करती है कि जांच में सहयोग बन्ना गुप्ता को करना चाहिए। इसलिए मंत्री पद से वे इस्तीफा दें। यदि बेदाग साबित होते हैं तो फिर से वे मंत्री बन सकते हैं। गौरतलब है कि एक महिला के साथ अश्लील बातचीत का वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को रांची स्थित अपने आवास पर मीडियाकर्मियों के समक्ष सफाई देते दिखे। इस दौरान भाजपा और निर्दलीय विधायक सरयू राय पर बन्ना गुप्ता निशाना साधते नजर आए।

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में

आरोपी अरविंद व्यास ने हाइकोर्ट में अपनी याचिका ली वापस

राष्ट्रीय खबर

रांची: पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी अरविंद व्यास, मनोज कुमार व बाबूलाल पुनमिया की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान अरविंद व्यास की ओर से दाखिल याचिका वापस ले ली गयी। अब मामले में केवल मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की याचिका की सुनवाई होगी। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 19 जून निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने पैरवी की। बता दें कि अरविंद व्यास और मनोज पुनमिया दोनों की ओर से ईडी की विशेष अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किये जाने को हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावे अरविंद व्यास, मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावड़े, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपियों के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज करायी थी। मधु कोड़ा एवं अन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। फिलहाल इस मामले में ईडी कोर्ट में गवाही चल रही है।

प्रेस-वार्ता

कांग्रेस में बोर्ड निगम को लेकर उठापटक शुरू,कहा-

40 वर्षों तक पार्टी का झंडा ढोने वालों को किया गया दरकिनार

- कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक कर लगातार विरोध कर रहे हैं
- पार्टी का एक खेमा अब दिल्ली का रूख करने का मन बना रहा है

राष्ट्रीय खबर

रांची: बोर्ड-निगम को लेकर कांग्रेस कोटे से सीएम को भेजे गये नाम को लेकर न्यूज विंग में छपी खबर के बाद कांग्रेस में खटराग शुरू हो गया है। कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक कर लगातार विरोध कर रहे हैं। पार्टी का एक खेमा अब दिल्ली का रूख करने का मन बना रहा है। विक्षुब्ध नेताओं ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि बाहरी नेताओं को सम्मान देने के

चक्कर में पार्टी के लिये वर्षों से झंडा ढो रहे समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। पार्टी के नेता सुनील सिंह ने कहा कि बोर्ड-निगम के लिये पार्टी द्वारा भेजे गये नामों की अनुशंसा सही नहीं है। समर्पित नेताओं का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से शिकायत करेंगे। उनसे आग्रह भी करेंगे कि पार्टी द्वारा बोर्ड निगम के लिये भेजे गये नामों को रद करें। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष से पांचों प्रमंडलों से पार्टी के सभी समर्पित कार्यकताओं को जगह देने की भी मांग की है। ज्ञात हो कि बोर्ड-निगम के लिये पार्टी की ओर से किये गये नामों की अनुशंसा से संबंधित खबर बीते मंगलवार को न्यूज विंग में प्रकाशित की गयी थी।राष्ट्रीय अध्यक्ष करें हस्तक्षेप

कांग्रेस नेता मानस सिन्हा ने कहा कि सभी समर्पित कांग्रेसी के हस्ताक्षर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेजा जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री को बोर्ड निगम के लिए कांग्रेस की ओर से भेजी गई सूची को वापस लेने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही यह आग्रह किया जाएगा कि वैसे लोग जो कम से कम 15 वर्षों तक कांग्रेस में योगदान दिया है उन्हें ही बोर्ड निगम में जगह दी जाए।

मानस सिन्हा ने कहा कि इसके साथ साथ समाज के हर वर्ग को बोर्ड निगम में प्रतिनिधित्व दिया जाए। बोर्ड निगम की संभावित सूची से नाराज प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील सिंह ने कहा कि जो व्यक्ति आजसू से कांग्रेस में आया उसे विधायक दल के नेता ने 15 सूत्री में जगह दे दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा और जेवीएम से कांग्रेस में आये में राजीव रंजन प्रसाद, राजद से कांग्रेस में शामिल हुए शमशेर आलम, बंधु तिर्की की पार्टी जनाधिकार मंच में रहीं रमा खलखो का नाम बोर्ड निगम के लिए आ रहा है, यह ठीक नहीं है। कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता ऐसे में खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

बोर्ड-निगम के लिए कई दौर की बैठकें भी हुई थीं

राजेश ठाकुर के प्रदेश अध्यक्ष बनने के कुछ दिनों बाद ही अविनाश पांडे को झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी की कमान थमायी गयी। इसके बाद से वे जब भी रांची आये, पार्टी पदाधिकारियों, विधायकों की बैठक में बोर्ड आयोग, निगम के गठन को लेकर सबसे ज्यादा बातें होती रही है। एक बार फिर से बोर्ड-निगम को लेकर पार्टी में सुगबुगाहट शुरू हो गयी है।

पेज तीन का शेष

एक साल बाद दिल्ली ...

देखने आया युवक उस लड़की की मां यानी अपने होने वाली सास के साथ रात को चुपके से भाग गया था। उस वक्त भी दुल्हन के परिवार का दावा था कि होने वाली सास और दूल्हा दोनों दूसरे राज्यों में चले गए हैं। हालांकि, महिला के पति ने अपनी फोटो के साथ अपनी पत्नी के गायब होने के बाद पुलिस से संपर्क किया। पता चला है कि यह युवक अपनी शादी के लिए दुल्हन को देखने गया था। लड़की की मां उस वक्त दुल्हन के बगल में ही बैठी थी। एक जैसी दो घटनाओं ने समाज में हो रही उथल पुथल को नये सिरे से रेखांकित कर दिया है।

सदस्यता रद्द होने के बाद .. ..

उत्तरदायी है। मई 2019 के विधानसभा चुनावों में 45 वर्षीय दासंगलू पुल ह्युलियांग से फिर से चुने गए थे। उन्होंने इससे पहले 2016 में अपने पति और पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की मृत्यु के बाद उपचुनाव में सीट जीती थी। 2019 में दासंगलु पुल से हारने वाली कांग्रेस उम्मीदवार लुपलुम कृ ने सुश्री पुल की जीत को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था, उन्होंने कहा था कि उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में अपने पति की मुंबई में चार और अरुणाचल प्रदेश में दो संपत्तियों की घोषणा नहीं की थी।उन्होंने कहा कि सुश्री पुल का नामांकन उनकी आपत्तियों के बावजूद स्वीकार कर लिया गया। सुश्री पुल ने कहा था कि उन्होंने अपने पति की संपत्तियों पर अपना दावा छोड़ दिया है। अदालत ने दिए अपने आदेश में यह भी कहा कि दसांगलू पुल के नामांकन पत्रों को गलत तरीके से स्वीकार करने से उनके चुनाव के परिणाम पर भौतिक रूप से असर पड़ा। क्री ने अपनी याचिका में दावा किया था कि पुल की उम्मीदवारी काफी हद तक दोषपूर्ण थी क्योंकि उन्होंने हलफनामे में अपने पति की मुंबई में चार और अरुणाचल प्रदेश में दो संपत्तियों की घोषणा नहीं की थी। हालांकि, भाजपा विधायक ने अदालत में कहा कि कानूनी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र के मद्देनजर कलिखो पुल की पहली पत्नी डांगविमसाई पुल उनकी संपत्ति की मालकिन हैं जिस वजह से उन्होंने चुनावी हलफनामे में इनमें से किसी भी संपत्ति का जिक्र नहीं किया। पुल ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगी।

अब महिला पहलवानों .. ..

उन्होंने भी यह कहा कि इन खिलाड़ियों के पदक जीतने से देश का सम्मान बढ़ता है। अब जब वे मुश्किल में हैं तो सरकार न्याय क्यों नहीं कर पा रही है, यह बात समझ से परे है।

दरअसल इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजा है। सोमवार को कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अर्जी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी। इसी दिन देश के मशहूर पहलवान बिनेश फोगाट ने एक सनसनीखेज आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने उन महिला पहलवानों की पहचान उजागर की है जिन्हें प्रताड़ित किया गया। वे रिश्वत देने की भी कोशिश कर रहे हैं। सात महिला पहलवानों ने पिछले शुक्रवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पहलवानों का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मंगलवार को अदालत को बताया, वीडियो रिकॉर्डिंग ने यौन उत्पीड़न की घटना को साबित कर दिया। दुर्व्यवहार के समय एक की उम्र 16 वर्ष थी। इसने गोल्ड भी जीता। फोगट का दावा है कि उनकी एकता को तोड़ने की धमकियों के अलावा, वे शिकायतकताओं को मोटी रकम की घूस देना चाहते हैं। उसने हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश और कोच महावीर प्रसाद का नाम लिया और फोन पर धमकी दी और रिश्वत की पेशकश की।

एक क्षुद्र आकाशगंगा .. .. ..

उच्च दर पर नए सितारे उत्पन्न किए। अनुमान है कि बिग बैंग के लगभग 500 मिलियन वर्ष बाद इस दूरी पर अब तक खोजी गई सबसे छोटी आकाशगंगाओं में से एक है। खगोलविदों को उन आकाशगंगाओं के बारे में अधिक जानने में मदद कर सकती है जो ब्रह्मांड के अस्तित्व में आने के कुछ ही समय बाद मौजूद थीं और बाद में काल के गाल में समा गयी। इस बारे में शोध प्रबंध साइंस नामक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। यह दुनिया की शीर्ष सहकर्मी-समीक्षित अकादमिक पत्रिकाओं में से एक है। मिनेसोटा विश्वविद्यालय के शोधकर्ता जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का उपयोग करके दूर की आकाशगंगा का अध्ययन करने वाली पहली टीमों में से एक थे, और उनके निष्कर्ष अब तक के सबसे पहले प्रकाशित होने वाले लोगों में से एक होंगे। माना जा रहा है कि यह खोज हमें उन पहली आकाशगंगाओं की विशेषताओं के बारे में और जानने में मदद कर सकती है कि वे आस-पास की आकाशगंगाओं से कैसे भिन्न हैं, और पहले की आकाशगंगाएँ कैसे बनीं। जेम्स वेब टेलीस्कोप हबल स्पेस टेलीस्कॉप के रूप में लगभग 10 गुना अधिक प्रकाश एकत्र कर सकता है और इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रम में रेडर, लंबी तरंगदैर्ध्य पर अधिक संवेदनशील है। शोधकताओं ने कहा कि यह वैज्ञानिकों को डेटा की एक पूरी तरह से नई जानकारी तक पहुंचने की इजाजत देता है। शोधकताओं ने कहा है कि जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप में ब्रह्मांड में बहुत दूर तक देखने की अद्भुत क्षमता है। यह इस पेपर के बारे में सबसे रोमांचक चीजों में से एक है। हम उन चीजों को देख रहे हैं जिन्हें पिछले टेलिस्कोप कभी कैप्चर करने में सक्षम होते। यह मूल रूप से अपने जीवन के पहले 500 मिलियन वर्षों में हमारे ब्रह्मांड का एक स्नैपशॉट प्राप्त कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के जांच .. .. ..

किया गया था कि विदेश में रहने वाले विनोद अडानी ने अडानी ग्रुप में कथित फ्रॉड के लिए ऑफशोर कंपनियों के एक नेटवर्क का इस्तेमाल किया था। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विनोद अडानी ने फरवरी में तीन कंपनियों के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। ये कंपनियां ऑस्ट्रेलिया में अडानी परिवार की कोल माइन से जुड़ी हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच के आदेश दिए थे। लेकिन अब पता चला है कि इस अदालती आदेश के जारी होने के कुछ दिन पहले ही विनोद अडानी ने तीन कंपनियों के डायरेक्टर पद छोड़ दिया था। इनमें कार्मिकेल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर, कार्मिकेल रेल सिंगापुर और एबट पॉइंट टर्मिनल एक्सपेंशन शामिल हैं। हालांकि वह सिंगापुर स्थित कंपनी एबट पॉइंट पोर्ट होल्डिंग्स के बोर्ड में बने हुए हैं। इस बीच मार्केट रेगुलेटर सेबी इस बात की जांच कर रहा है कि अडानी ग्रुप और विनोद अडानी के बीच हुए कुछ ट्रांजैक्शंस के बारे में सही ढंग से खुलासा किया गया था या नहीं। अडानी ग्रुप के एक प्रतिनिधि ने कहा कि विनोद अडानी ग्रुप की कुछ कंपनियों में शेयरहोल्डर हैं लेकिन कार्मिकेल माइन के विकास या उससे जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर में उनका कोई मैनेजमेंट रोल नहीं है। विनोद अडानी के इस्तीफे के बारे में अडानी ग्रुप ने सवालों का जवाब नहीं दिया। विनोद अडानी ने भी उन्हें ईमेल से भेजे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि विनोद अडानी ने दर्जनों शेल कंपनियों के जरिए अडानी ग्रुप के अरबों डॉलर को आरपार किया था।

अडानी ग्रुप का कहना है कि विनोद अडानी प्रमोटर ग्रुप का हिस्सा हैं। उसका साथ ही कहना है कि उसने सभी जरूरी डिस्क्लोजर किए हैं। लेकिन ग्रुप उनके बिजनस के बारे में सवालों से बचता रहा है। उसका कहना है कि विनोद अडानी ग्रुप की किसी भी लिस्टेड कंपनी या उनकी सब्सिडियरी कंपनियों के मैनेजमेंट में नहीं है, इसलिए उनके बिजनस से जुड़े सवालों का कोई मतलब नहीं है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि विनोद अडानी का अडानी ग्लोबल के दुबई ऑफिस में एक कैबिन है और वह रोज दो-तीन घंटे इसमें बैठते हैं। लेकिन अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि ने कहा कि इस तरह के सवालों का कोई मतलब नहीं है। 74 साल के विनोद अडानी दुबई में एक फैमिली इनवेस्टमेंट ऑफिस चलाते हैं। एक सूची में विनोद अडानी को सबसे अमीर एनआरआई बताया गया था। हाल का वर्षों में वह अडानी ग्रुप के कई बड़े फैसलों में शामिल रहे हैं। इनमें सीमेंट कंपनियों के अधिग्रहण से ग्रीन एनर्जी बिजनस शामिल है।

अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 115 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

चाणक्य नीति

युगान्ते प्रचलते मेरुः कल्पान्ते सप्त सागराः।
साधवः प्रतिपन्नार्थान् न चलन्ति कदाचन॥

भावार्थ : एक युग के अंत में सुमेरु पर्वत भी अपने स्थान पर स्थिर नहीं रहता, कल्प के अंत में समुद्र भी अपनी सीमाएं लांघकर इस संसार को कष्ट में डाल देता है, परंतु श्रेष्ठ पुरुष अपने हाथ में लिए हुए कार्य को पूरा करने की प्रतिज्ञा से विचलित नहीं होते।

रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम	मिनीमम
33.00 °C	22.00 °C

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .15 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .17 बजे

सूडान से 17 सौ से अधिक भारतीय निकाले गये

नईदिल्ली : सूडान में रह रहे लगभग 3,400 भारतीय नागरिकों में से 1700 से अधिक को संकट वाले इलाकों से बाहर ले जाया जा चुका है। सरकार हर नागरिक को जल्द से जल्द बाहर निकालने की दिशा में काम कर रही है। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। कुछ भारतीयों को अभी भी राजधानी खार्तूम के बाहरी इलाकों में पहुंचने में कठिनाई हो रही है। सरकार उन्हें सड़क मार्ग से पोर्ट सूडान ले जाने की कोशिश कर रही है। भारतीय नागरिकों को वहां से निकालने के लिए युद्धपोतों और सैन्य विमानों का सहारा लिया जा रहा है। क्वात्रा ने ऑपरेशन कावेरी के बारे में कहा, हमारा उद्देश्य और लक्ष्य फंसे हुए भारतीयों को जल्द से जल्द खतरे से बाहर निकालना है।

सांसदी बहाल करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नईदिल्ली : लक्षद्वीप से राकांपा के सांसद रहे मोहम्मद फैजल का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। एक एडवोकेट ने याचिका दायर करके सवाल किया है कि जब उनकी सजा को किसी बड़ी कोर्ट ने रद्द नहीं किया तो वो फिर से कैसे लोकसभा में बैठने के लिए योग्य घोषित कर दिए गए। एडवोकेट ने जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 का हवाला देकर सवाल किया है कि लोकसभा स्पीकर कैसे उनकी सांसदी को बहाल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट में ये मामला लेकर लखनऊ के एडवोकेट अशोक पांडेय लेकर गए। उनका कहना है कि टॉप कोर्ट इस मामले में संजीदगी से विचार करे। अगर हाईकोर्ट उन्हें 307 के मामले से ही बरी कर देता तो बात और थी। लेकिन हाईकोर्ट ने केवल उनकी सजा पर ही रोक लगाई है। इसके आधार पर लोकसभा के स्पीकर कैसे फैजल की सांसदी को फिर से बहाल कर सकते हैं।

अमित शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

बेंगलुरु : कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला, डॉ परमेश्वर और कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख डीके शिवकुमार ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य भाजपा नेताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत में, अमित शाह पर चुनावी राज्य कर्नाटक में अपनी हालिया रैलियों के दौरान भड़काऊ बयान देने, दुश्मनी व नफरत को बढ़ावा देने और विपक्ष को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है।डीके शिवकुमार ने भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद कहा, केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो सांप्रदायिक दंगे होंगे। वह ऐसा कैसे कह सकते हैं? हमने भारत के चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज की है। कांग्रेस नेताओं ने शिकायत में 25 अप्रैल को कर्नाटक के विजयपुरा और अन्य स्थानों पर अमित शाह, संबंधित भाजपा नेताओं और रैली के आयोजकों के नाम का उल्लेख किया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

राजनीति › खडगे के बयान ने डंस लिया भाजपा को

कर्नाटक में चुनावी तापमान अब लगातार ऊपर की तरफ

›› जनसभा में कहा मोदी एक जहरीला सांप
›› बाद में कहा भाजपा की विचारधारा पर कहा
›› भाजपा की तरफ से निंदा और आलोचना की बाढ़

राष्ट्रीय खबर

बेंगलुरु: कर्नाटक विधानसभा के चुनाव की तिथि करीब आने से राजनीतिक तापमान भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। भाजपा को एक मोर्चे पर लिंगायत समुदाय के नेताओं को संभालना पड़ रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के एक बयान से भाजपा विफर गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कलबुर्गी में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना जहरीले सांप से की। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा था कि इसे इसे ठीक से समझो, मोदी एक जहरीले सांप की तरह हैं। यह परखने के लिए स्वाद मत लो कि यह जहर है या नहीं। चखोगे तो मर जाओगे। हालांकि बाद में मीडिया से बातचीत के दौरान टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर खड़गे ने स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा कि उनका यह कथन व्यक्तिगत तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए नहीं था। उनके मुताबिक, मेरे कहने का तात्पर्य यह था कि भाजपा की विचारधारा जहरीले साँप की तरह है। मैंने पीएम मोदी के लिए व्यक्तिगत रूप से यह कभी नहीं कहा। मैंने जो कहा वह यह था कि उनकी विचारधारा एक सांप की तरह है और यदि आप इसे छूने की कोशिश करते हैं, तो आपकी मृत्यु निश्चित है।

वैसे इस बयान के सोशल मीडिया पर वायरल होते ही यह साफ हो गया कि उनके बयान का जहर भाजपा को लग चुका है। उनकी टिप्पणी ने भाजपा नेताओं की तीखी आलोचना की। शिमला में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी अध्यक्ष बनाया लेकिन कोई उन्हें ऐसा नहीं मानता। इसलिए, गांधी परिवार से सुर्खियां बटोरने के लिए, उन्होंने एक ऐसा बयान देने के बारे में सोचा जो सोनिया गांधी द्वारा दिए गए बयान से भी बुरा है। उन्होंने कहा, राजनेताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि भारत के लोगों ने दो बार पीएम मोदी को वोट देकर सत्ता में पहुंचाया है और इस तरह के बयान देश का अपमान है। कांग्रेस पार्टी को इस तरह की टिप्पणी के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की वरिष्ठ नेता शोभा करंदलाजे ने कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे वरिष्ठ नेता और कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। वह दुनिया को क्या बताना चाहता है? पीएम नरेंद्र मोदी हमारे देश के पीएम हैं और पूरी दुनिया उनका सम्मान करती है और प्रधानमंत्री के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना दशार्ता है कि कांग्रेस किस स्तर तक गिर गई है। हम चाहते हैं कि वह (खड़गे) देश से माफी मांगें।

इस विवाद के बीच ही कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार ने फिर कहा है कि भाजपा को चुनाव के बाद पता चलेगा कि शेट्टार क्या चीज है। दरअसल अमित शाह के बयान में उनकी आलोचना किये जाने के बाद शेट्टार ने कहा कि भाजपा के नेता यह भूल गये कि इस राज्य में पार्टी को स्थापित करने में उनका क्या योगदान है। राज्य की जनता सब कुछ जानती है। इसलिए मतगणना में भाजपा को यह अच्छी तरह पता चल जाएगा कि जगदीश शेट्टार की सामाजिक छवि क्या है।

लगातार गायब रहने के एक साल बाद दिल्ली से पकड़ी गयी यूपी के भागी युवती

दुल्हे को छोड़कर ससुर के साथ भागी

›› शादी तय होते ही युवती ने बताया था
›› हंगामा बढ़ा तो दोनों अचानक भाग गये
›› पुलिस की नजर दोनों पर लगातार बनी थी

राष्ट्रीय खबर

नईदिल्ली: उत्तरप्रदेश की एक लड़की को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी के बाद जो कहानी सामने आयी है, वह चौंकाने वाली है। अभी की जानकारी के मुताबिक इस लड़की की शादी जिस युवक से तय हुई थी, वह उस लड़के के पिता यानी अपने होने वाले ससुर के साथ ही घर से भाग गयी थी। अब पहली बार लड़की ने औपचारिक तौर पर पुलिस से कहा है कि वह अमित नामक युवक को नही बल्कि अमित के पिता से प्यार करती है। गिरफ्तारी के बाद यह जानकारी सामने आयी है कि दोनों करीब एक साल से इधर उधर भाग रहे थे। लेकिन पुलिस भी उनकी तलाश में थी। वैसे यह जानकारी भी सामने आयी है कि युवक से शादी की बात तय होने के बाद ही युवती ने खुलासा किया कि वह अमित के ससुर कमलेश से प्रेम करती है। घटना की जानकारी होते ही हंगामा और बढ़ गया। इसी वजह से दोनों अचानक ही भाग निकले। कमलेश पर लड़की के परिजनों ने अपहरण का आरोप लगाया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस पूरे शहर में छापेमारी कर रही थी। पुलिस के मुताबिक ये काफी साल से देश के अलग-अलग शहरों में घूम रहे हैं। आखिरकार मंगलवार को उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। कमलेश को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि पुलिस ने बताया कि युवती को हिरासत में लेने से पहले उसका शारीरिक परीक्षण किया जाएगा। याद दिला दें कि इससे पहले पश्चिम बंगाल के मालदा से इससे मिलती जुलती एक जानकारी सामने आयी थी। वहां पर अपनी शादी के लिए एक लड़की

›› पेज 2 भी देखें

संपत्ति छिपाने में भाजपा विधायक की सदस्यता रद्द

सदस्यता रद्द होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी

›› अरुणाचल प्रदेश के मामले में कांग्रेस नेता की याचिका
›› हाई कोर्ट ने माना की उम्मीद्वारी दोषपूर्ण ही थी
›› कई संपत्तियों की घोषणा हलफनामा में नहीं की

भूपेन गोस्वामी

गुवाहाटी: गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने चुनावी हलफनामे में संपत्ति की जानकारी छिपाने के कारण अरुणाचल प्रदेश की भाजपा की विधायक दसांगलू पुल की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई। उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ ने एक आदेश में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अंजाव जिले की हयुलियांग विधानसभा सीट से उनके (पुल) चुनाव को अवैध घोषित कर दिया ।भाजपा की महिला नेता को संपत्ति की जानकारी छुपाकर विधानसभा चुनाव जीतना भारी पड़ गया। क्योंकि अब हाईकोर्ट ने उनकी विधायकी को ही रद्द कर दिया है। यह मामला अरूणाचल प्रदेश का है। यहां पर गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ ने अरुणाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विधायक दासंगलू पुल के चुनाव को जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत अवैध घोषित कर दिया है। उन पर आरोप था कि चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपनी संपत्तियों के बारे में जानकारी छुपाई गई थी।अदालत ने कहा कि प्रतिवादी/लौटे उम्मीदवार ख्दसंगलू पुल, ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 33 के अनुसार अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया था, और इस तरह प्रतिवादी/लौटे उम्मीदवार का नामांकन पत्र खारिज करने के लिए

›› पेज 2 भी देखें

पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के पहुंचने से बदल गया सारा माहौल

अब महिला पहलवानों को धमकी देने का लगा आरोप

राष्ट्रीय खबर

नईदिल्ली: ओलंपियन विनेश फोगट ने दावा किया कि बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों को धमकाया जा रहा है। न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवारों को भी धमकाया जा रहा है। शिकायत वापस लेने के लिए भी दबाव बनाया जा रहा है। महासंघ के पदाधिकारियों के एक समूह ने पहलवानों की एकता को तोड़ने का प्रयास किया। विनेश का कहना है कि उनके परिवार वालों को धमकाया जा रहा है। वे अपना दिन दहशत में बिताते हैं। पुलिस को चाहिए कि जल्दी से एफआईआर ले और इन बेबस लोगों के साथ खड़ी हो। दिल्ली पुलिस और केंद्र शिकायतकर्ताओं को किसी भी तरह के नुकसान की जिम्मेदारी वहन करेंगे। उन्होंने पूरे मामले में खेल मंत्रालय की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उनके मुताबिक करीब तीन महीने से पहलवान विरोध कर रहे हैं। इसके बावजूद खेल मंत्रालय ने बृजभूषण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

इस बीच, पूर्व पहलवान बबीता फोगट, जिन्हें यौन उत्पीड़न की जांच की जांच कर रही ओवरसाइट कमेटी को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ने इस बार भी पूर्व पहलवान पर बल्ज होने का आरोप लगाया है। वह खुद इस कमेटी में हैं। उन्होंने दावा किया कि बृजभूषण पर तैयार की गई रिपोर्ट को उन्हें पढ़ने नहीं दिया गया। इससे पहले समिति सदस्य राधिका श्रीमन ने उनके हाथ से झपट लिया। कुल मिलाकर, यौन उत्पीड़न के मुद्दे की जटिलता धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। इधर सत्यपाल मलिक भी जंतर मंतर पर इन आंदोलनकारियों के पास पहुंचे थे।

›› पेज 2 भी देखें

खालिस्तानी समर्थकों के परिवार के लोग जेल में मिले

पूर्वोत्तर संवाददाता

गुवाहाटी : असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह का परिवार आज उनसे मिलने पहुंचा है। वहीं अमृतपाल के साथ बंद अन्य कैदियों के परिजन भी उससे मिल चुके हैं। इस दौरान वकील और एसजीपीसी के सदस्यों ने भी अपनी बात रखी है। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह फिलहाल असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। सूत्रों के मुताबिक, उनके परिवार के सदस्य और उनके वकील भी आज उनसे मिले हैं।एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि दो वकीलों सहित जेल में बंद खालिस्तानी कार्यकर्ता का 12 सदस्यीय सदस्य 27 अप्रैल को डिब्रूगढ़ की केंद्रीय जेल पहुंचा था। वारिस पंजाब डे के जेल में बंद खालिस्तानी समर्थकों में से नौ, उनके परिवार के एक-एक सदस्य डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में उनसे मिल रहे हैं। हालांकि अमृतपाल सिंह के परिवार का कोई भी सदस्य आज उनसे मिलने नहीं आया। एसजीपीसी के नेतृत्व वाली टीम में दो-दो वकील भगवंत सिंह सियाल्का, वकील सिमरनजीत सिंह और एक अन्य सदस्य शामिल हैं।जेल में बंद खालिस्तानी कार्यकर्ता के परिवार के सदस्यों के आने के कारण डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में आज सुरक्षा बढ़ा दी गई। आज जेल के बाहर सीपीआरएफ के अतिरिक्त बल तैनात किए गए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य वकील भगवंत सिंह सियालका ने 27 अप्रैल को कहा था कि वह बोर्ड के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। हम बंदियों से मिलने और बंदियों के परिवार के सदस्यों की उनके संबंधित परिजनों से मुलाकात के बाद पंजाब के लिए रवाना होने के लिए पहुंचे हैं। बोर्ड का जो भी आदेश होगा, हम उसे उच्च न्यायालय में चुनौती देने की कोशिश करेंगे।

जानकारी › अंतरिक्ष में जेम्स वेब टेलीस्कोप के स्थापित होने से हुआ फायदा

एक क्षुद्र आकाशगंगा का पहली बार पता चला

›› आकार में छोटा पर बहुत शक्तिशाली था वह
›› इस बारे में पहले कल्पना नहीं की गयी थी
›› टेलीस्कोप ने नई जानकारी उपलब्ध करायी

राष्ट्रीय खबर



रांची: अतीत के पन्नों को पलटने में भी अब अंतरिक्ष टेलीस्कोप मददगार बन रहे हैं। इसे सच साबित कर दिखाया है नये जेम्स वेब टेलीस्कोप ने। इस नये खगोल दूरबीन की मदद से वह नई जानकारी सामने आयी है, जिसके बारे में खगोल वैज्ञानिक अब तक अनभिज्ञ थे। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा ट्विन सिटीज की अगुआई वाली टीम ने अतीत में 13 अरब से अधिक वर्षों में एक अनोखी, छोटी आकाशगंगा की खोज की है। इस आकाशगंगा की स्थिति ने भी खगोल वैज्ञानिकों को हैरान किया है। इस आकाशगंगा ने आकार में बहुत छोटा होने के बाद भी अत्यधिक

›› पेज 2 भी देखें

आकाशगंगा की प्राचीन गतिविधियों का भी पता चल पाया

इस शोध के वरिष्ठ लेखक और विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर पैट्रिक केली ने कहा, यह आकाशगंगा जेम्स वेब को छोड़कर सभी दूरबीनों की पहुंच से बहुत दूर है, और दूर की आकाशगंगा के ये अपनी तरह के पहले अवलोकन शानदार हैं। हम बिग बैंग के अधिकांश रास्ते को देखने में सक्षम हैं, और हमने आकाशगंगाओं को कभी नहीं देखा है जब ब्रह्मांड इस स्तर के विवरण में युवा था। आकाशगंगा का आयतन मिल्की वे का लगभग एक लाखवां हिस्सा है, लेकिन हम देख सकते हैं कि यह अभी भी हर साल समान संख्या में तारे बना रहा है। जेम्स वेब टेलीस्कोप एक बार में एक संपूर्ण आकाशगंगा समूह की छवि के लिए पर्याप्त विस्तृत क्षेत्र का निरीक्षण कर सकता है। गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग नामक एक घटना के कारण शोधकर्ता इस नई, छोटी आकाशगंगा को खोजने और उसका अध्ययन करने में सक्षम हुए। इस विधि से आकाशगंगा की प्राचीन गतिविधियों का भी पता चल पाया है। आकाशगंगा क्लस्टर लेंस के कारण यह छोटी पृष्ठभूमि वाली आकाशगंगा 20 गुना अधिक चमकीली दिखाई देती है, यदि क्लस्टर अपने प्रकाश को आवर्धित नहीं कर रहा होता। शोधकताओं ने इसके कुछ भौतिक और रासायनिक गुणों के अलावा, आकाशगंगा कितनी दूर थी, यह मापने के लिए स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग किया। जब ब्रह्मांड इतना छोटा था तब मौजूद आकाशगंगाओं का अध्ययन करने से वैज्ञानिकों को खगोल विज्ञान में एक बड़े सवाल का जवाब देने में मदद मिल सकती है कि ब्रह्मांड कैसे फिर से जुड़ गया।

बड़े भाई विनोद ने कई कंपनियों से रिश्ता तोड़ा

सुप्रीम कोर्ट के जांच के आदेश के बीच ही चुपचाप हुआ खेल

›› बीस हजार करोड़ का मालिक कौनः राहुल
›› हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में नाम आया बार बार
›› ऑस्ट्रेलिया के कारोबार से खुद को अलग किया

राष्ट्रीय खबर

नई दिल्ली: गौतम अडाणी के बड़े भाई विनोद अडाणी ने गुपचुप तरीके से अडाणी समूह की तीन कंपनियों से इस्तीफा दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले की जांच के आदेश जारी होने के इतने दिनों बाद यह सूचना सार्वजनिक हुई है। दरअसल विदेशी फर्जी कंपनियों ने लाखों करोड़ के निवेश का मुद्दा ही विनोद अडाणी को इस जांच के दायरे में ला चुका था। इस बीच राहुल गांधी ने फर्जी कंपनियों से अडाणी समूह में आये बीस हजार करोड़ का मालिक कौन, यह सवाल उठा दिया। दरअसल अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को अडानी ग्रुप के बारे में एक निगेटिव रिपोर्ट जारी की थी। इसमें ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के बड़े भाई विनोद अडानी का नाम सबसे ज्यादा बार आया था। रिपोर्ट में दावा

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

किसानों ने राज्यपाल से लगायी गुहार

रांची: झारखंड किसान महासभा के बैनर तले विभिन्न जिलों से सैंकड़ो की संख्या में किसान गुरूवार को राजभवन के समक्ष पहुंचे। किसानों ने राजभवन के समीप एकदिवसीय घरना बैठे। महासभा के महासचिव पंकज राय ने बताया कि राज्य में अब किसानों के नाम पर गड़बड़ियां को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पिछले दिनों विभाग के स्तर से प्रिजर्वेशन यूनिट आवंटनमं धांधली की बात प्रमाणित हो चुकी है। ऐसे में राज्यपाल से अनुरोध है कि तत्काल इस मामले में लीगल एक्शन के लिये पहल करें। आपूर्ति करने वाली कंपनी को काली सूची में डालने का भी काम किया जाना चाहिये। इसके अलावा राज्य में एक आदर्श और स्पष्ट कृषि नीति के निर्माण में राज्यपाल पहल करें इस काम में किसानों, किसान संगठनों की भी भागीदारी हो, राष्ट्रीय बागवानी मिशन द्वारा संचालित वर्षों पूरानी योजनाओं की समीक्षा की जानी चाहिये और गैर योजनाओं को बंद किया जाना चाहिये।

गुणवत्ता

शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास में जुटी है पासवा

बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से निपटेंगे : दूबे

राष्ट्रीय खबर

रांची: प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा पासवा शिक्षा और उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास में निरंतर सफलता पूर्वक कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में मेधावी छात्रों को सम्मान देना हो या कम संसाधन में बेहतर शिक्षा देने वाले प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित करना हो या फिर ब्लड डोनेशन कैंप के माध्यम से जरूरतमंदों को रक्त की आपूर्ति करना हो,इसके अतिरिक्त कई सामाजिक सुधार के कार्यक्रम भी किए जाते रहे हैं। शिक्षण के क्षेत्र में यदि कोई ठगी,फजीर्वाड़ा या विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा, अभिभावकों की गाढ़ी कमाई को लुटा जाएगा तो पासवा मौन नहीं रह सकता है हम इसके खिलाफ जोरदार आवाज उठाऐंगे। आमतौर पर देखा गया है कि शहर में कई कोचिंग संस्थान फर्जी विज्ञापन और छात्रों के गलत मेधा सूची के सहारे विद्यार्थियों को लुभाने का काम करती है और मोटी रकम वसूल कर अपने संस्थानों में नामांकन कराते हैं।एक तरह से अगर देखा जाए तो यह जालसाजी है, धोखाधड़ी है, 420 है जिसके माध्यम से शिक्षा माफिया मोटी रकम वसूलते हैं और झारखंड जैसे गरीब, पिछड़े,भोले भाले आदिवासी के बच्चों का आर्थिक और मानसिक दोहन करते हैं।

पिछले दिनों बायोम मेडिकल इंस्टीट्यूट द्वारा धोखाधड़ी, फजीर्वाड़ा एवं ठगी का मामला सामने आया है। बायोम मेडिकल संस्थान ने अपने ब्रांडिंग के लिए फजीर्वाड़ा किया है। प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कोचिंग संस्थानों द्वारा झारखंड के भोले भाले गरीब आदिवासी, दलित,पिछड़े बच्चों का दोहन कोई नई बात नहीं है। छात्र जीवन से लेकर अब तक कई बार हम लोगों ने कोचिंग संस्थानों द्वारा झूठ परोसने और ठगने का मामला उठाते रहे हैं।वर्तमान में बायोम कोचिंग की गोलमाल, फजीर्वाड़ा और धोखाधड़ी की घटना सार्वजनिक हुई है। राजस्थान के टॉपर आशीष गहलोत के तस्वीर को रांची के चौंक चौराहों पर होर्डिंग लगाकर एवं विज्ञापन के माध्यम से अभिभावकों एवं छात्रों को अपनी ओर आकर्षित करने का नायाब तरीका ढूंढा है। राजस्थान के टॉपर आशीष गहलोत ने वीडियो जारी कर बायोम की गलत सूचना का खंडन किया है , उसने साफ साफ यह भी कहा है की मैं किसी बायोम संस्थान को नही जानता और ना ही कभी रांची गया हूं। प्रदेश पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा राँची के एक मेडिकल संस्थान बायोम के द्वारा शिक्षा जगत पर एक काला धब्बा लगाने का काम किया गया है। आज राँची के हर चौक चौराहे पर बायोम का एक बड़ा बड़ा होर्डिंग देखा जा सकता है ।

न्यूज फटाफट

विद्यालयों को उच्च गुणवत्तायुक्त टैब व स्कैनर उपलब्ध करायें विभाग : मोर्चा

रांची: झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने शिक्षा विभाग से विद्यालयों में उच्च गुणवत्तायुक्त टैब और स्कैनर उपलब्ध कराने की मांग की है। मोर्चा की ओर से विभाग के अधिकारियों को इभीभी के नये वर्जन की खामियों से अवगत कराया है। इसके नये वर्जन में पूर्व की भांति मैनुवली उपस्थिति बनाने की व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। इसको लेकर मोर्चा ने झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी सहित शिक्षा सचिव, माध्यमिक और प्राथमिक शिक्षा निदेशक को ज्ञापन सौंपा है। नये वर्जन में व्याप्त खामियों को दूर करने की मांग की है। मार्चा के सदस्यों ने शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा से मिलकर ई-विद्यावाहिनी के नये वर्जन से हो परेशानी से अवगत कराया है। इस पर प्रशासी पदाधिकरी ने तकनीकी विशेषज्ञ को समुचित निदान करने का निर्देश दिया। प्रतिनिधिमंडल में विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, आशुतोष कुमार, अरूण कुमार दास शामिल थे।

शिक्षकों को छह साल के खाली बोरियों का देना होगा हिसाब

रांची: सूबे के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को मिड डे मील के अनाज की खाली बोरियों का भी हिसाब देना होगा। यह हिसाब शिक्षकों को छह साल के मिड डे मील बोरियों का देना पड़ेगा। विभाग ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षकों को इस बावत पत्र लिखा है। इसके बाद अधिक्षकों ने सभी बीईईओ को पत्र लिख है। पत्र को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुये इस आदेश का पालन करने को कहा गया है। इतना ही नहीं विभाग ने बोरियों को बाजार की निर्धारित दर पर बेचने और इससे मिलने वाली राशि को जमा करने को कहा है। विदित हो कि विभाग की ओर से पहले भी उक्त आशय का पत्र जारी किया गया था, लेकिन अनाज की खाली बोरियों का सही-सही हिसाब नहीं मिल सका था। विभिन्न जिलों में भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विभाग को इस संबंध में अबतक रिपोर्ट जिलों से प्राप्त नहीं हुआ है। यह घोर अनुशासनहीनता है। सभी बीईईओ से यह भी पूछा गया है कि अगर वे निर्धारित समय सीमा के अंदर रिपोर्ट नहीं जमा करते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से कहा गया है कि पिछले छह वर्षों में सभी स्कूलों में अनाज की आपूर्ति जिस बोरी से की गई है। उसका पूरा विवरण और उसकी बिक्री से मिले पैसों के संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को रिपोर्ट उपलब्ध करायें।

भोलानाथ सिंह एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के जूरी ऑफ अपील के अध्यक्ष बने

रांची : जापान के ककमीगहरा में 2 से 11 जून तक एशिया हॉकी महासंघ के तत्वाधान में महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष और एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष भोलानाथ सिंह को जूरी ऑफ अपील का चेयरमैन बनाया गया है। एशिया हॉकी महासंघ ने अध्यक्ष फुमियो ओगुरा ने पत्र भेजकर भोलानाथ सिंह को इसकी सूचना दी। झारखंड के खेल इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी खेल प्रशासक को विदेश में आयोजित प्रतियोगिता में चेयरमैन जूरी ऑफ अपील नियुक्त किया गया है। झारखंड वासियों के लिए यह गौरव की बात है।बता दें कि भोलानाथ सिंह पिछले माह ही एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। साथ ही उन्हें एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ सर्वश्रेष्ठ खेल प्रशासक के लिए सम्मानित भी किया गया था। भोलानाथ सिंह को हॉकी इंडिया के सभी पदाधिकारी, सदस्यों सहित झारखंड के सीईओ रजनीस कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, संतोष कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर शशि कांत प्रसाद सहित हॉकी झारखंड के सभी सदस्यों और सभी जिला के अध्यक्षों और सचिव ने बधाई दी है।

ओटीएस मेला का आयोजन विद्युत उपकेंद्र पतरातू किस्को में

लोहरदगा : लोहरदगा बिजली ऑफिस के आदेशानुसार भंडारा प्रखंड के चट्टी कुणाल टेंट हाउस के सामने वन टाइम सेटेलमेंट योजना 2023 का कैंप आज दिनांक 27 अप्रैल को लगाया गया। इसमें बकाया बिजली उपभोक्ता ने इस कैंप में आकर बिजली बिल का ब्याज माफ किया गया।इस कैंप में उपस्थित बिजली कर्मचारी दिनेश कुमार, प्रकाश द्वीप, जौहर अंसारी, शमशेर अंसारी, अजहर खान आदि मौजूद थे।28 तारीख दिन शुक्रवार को पतरातू पावर हाउस में किस्को ब्लाक के अंतर्गत ओटीएस मेला का आयोजन किया जाएगा इस मेले में भी, बिजली उपभोक्ता को पहुंचने के लिए ऑडियो से प्रचार प्रसार किया गया इसकी जानकारी बिजली कर्मचारी नवल भगत ऊर्जा मित्र अमानुल्लाह के द्वारा दिया गया। इस कैंप में प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण लाभ उठा सकते हैं जैसे कि पतरातू, किस्को, डटमा, बानपुर सेमरडीह के बिजली उपभोक्ता आकर सब स्टेशन पतरातू में अपना ब्याज की राशि माफ करा सकते हैं।

नि:शुल्क डॉग चिकित्सा शिविर कल

राष्ट्रीय खबर

रांची: कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रांची पशुचिकित्सा महाविद्यालय में 29 अप्रैल को डॉग शो एवं निः शुल्क डॉग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा। इसका आयोजन विश्व पशु स्वास्थ्य दिवस के मौके पर महाविद्यालय प्रांगण स्थित पशुचिकित्सा क्लिनिकल कंपलेक्स में 29 अप्रैल को अपराहन 3:00 बजे से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणी में पंजीकृत डॉग्स को डॉग शो में शामिल किया जायेगा। विभिन्न श्रेणी के डॉग्स को उनके व्यवहार, स्वामी के आदेश का पालन, शारीरिक स्थिति एवं बेहतर क्रिया कलाप प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी पंजीकृत डॉग का वेटनरी वैज्ञानिकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रेबीज वैक्सीनेशन किया जायेगा। साथ ही उनका आहार प्रबंधन तथा रखरखाव की जानकारी से अवगत कराया जायेगा।

खूंटी झारखंड में मिलेट कॉन्क्लेव सह प्रदर्शनी का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

खूंटी: खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालय के पीएमएफएमई डिवीजन ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सहयोग से मोटे अनाज (मिलेट्स) को बढ़ावा देने के लिए बिरसा कॉलेज, खूंटी झारखंड में मिलेट कॉन्क्लेव सह प्रदर्शनी का आयोजन किया।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग की सचिव श्रीमती अनिता प्रवीण इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि। अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष 2023 के दौरान राज्य का यह पहला आयोजन है जहां माननीय मुख्य अतिथि ने राज्य से मोटे अनाज को बढ़ावा देने पर जोर दिया और बताया कि कैसे तीन प्रभाग हैं, कृषि, प्रसंस्करण और निर्यात, जिन्हें एक साथ आना है। भारतीय बाजरा को दुनिया के नक्शे पर लाना। भारत ने लगभग 10000 मीट्रिक टन मोटे अनाज का निर्यात किया और बिहार में देश के एक बड़े हिस्से को खिलाने के लिए विशाल क्षमता और उपजाऊ मिट्टी है। उन्होंने सभा को यह भी बताया कि सरकार इस उद्देश्य को सफल बनाने के लिए समर्पित है और श्री अन्न दुनिया की आहार संबंधी आदतों को बदल देंगे। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र ने पूरी दुनिया में मिलेट अनाज उत्पादन के लिए प्रत्येक देश को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है, इसी कड़ी में भारत भी इस मुहिम में प्रमुख भूमिका निभा रहा है और देश भर में जागरूकता अभियान चल रहे हैं। ।मिलेट वर्ष के अंतर्गत आज झारखंड के खूंटी जिले में 2 दिवसीय मिलेट महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

फुटपाथ दुकानदारों ने रिम्स उपाधीक्षक कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

एजेंसियां

रांची : राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में दर्जनों की संख्या में फुटपाथ पर दुकानें लगायी जाती हैं। लेकिन गुरुवार को रिम्स में तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा फुटपाथ दुकानदारों के साथ अभद्रता की गयी। जिसके बाद नाराज फुटपाथ दुकानदारों ने चिकित्सा उपाधीक्षक कार्यालय के समक्ष जमकर हंगामा किया। दुकानदारों का कहना है कि वे कई पीढ़ियों से यहां पर दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने उनके साथ गाली गलौज और धक्का-मुक्की की। जिसके बाद सभी दुकानदार एक जुट होकर अपनी समस्याओं को चिकित्सा उपाधीक्षक के समक्ष रखने आये हैं।इस मामले में रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने कहा कि रिम्स झारखंड का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां न सिर्फ राज्य के बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। फुटपाथ पर दुकान लगने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है। गंभीर मरीजों का इलाज करने वाला विभाग ट्रॉमा सेंटर के आसपास भी फुटपाथ पर ठेले लग रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों ने दुकानदारों से यह अपील की कि रोड का इंक्रोचमेंट ना करें। किसी के पेट पर लात मारने की हमारी मंशा नहीं है। सड़क से हटकर दुकानदारों से दुकान लगाने के लिए कहा गया है। वहीं दुकानदारों से अभद्रता, गाली-गलौज व धक्का-मुक्की करने के मामले पर चिकित्सा उपाधीक्षक ने कहा कि ऐसी जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है।

सोनपूरा मुखिया ने वीसी सखी पॉइंट का किया उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर

कसमार: कसमार प्रखंड अंतर्गत सोनपूरा पंचायत के सामुदायिक भवन में गुरुवार को महिला मंडल की ओर से वीसी सखी पॉइंट का उद्घाटन सोनपूरा मुखिया चंद्रशेखर हेंब्रम ने फीता काटकर किया। वीसी पॉइंट के खुलने से पैसा जमा एवं निकासी, बीमा, आयुष्मान भारत, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना अनुदान भुगतान, बिल भुगतान आदि कई सुविधा दी जायेगी। इस दौरान मुखिया श्री हेंब्रम ने कहा कि वीसी पॉइंट सेंटर का खुलने से क्षेत्र के महिलाओं तथा बुजुर्गों को सहुलियत मिलेगी। कहा कि लोगों को पेंशन लेने के लिए 5-6 किमी दांतू दूरी तय करने के बाद ही पैसा की जमा व निकासी करते थे, अब केंद्र खुलने से लोगों को राहत मिलेगी। मौके पर सोनपूरा पंसस पूनम मरांडी, के अलावे ग्राम संगठन के अध्यक्ष देवी समेत दर्जनों महिला समूहों के महिलाएं उपस्थित थे।

झारखंड में करोना मरीजों की संख्या पहुंची 450 के पार

रांची: सूबे में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रहा है। गत दो दिनों में तीन सौ नये मरीजों की पुष्टि हुई। इसके बाद राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या 470 पहुंच गई। वर्तमान में सभी मरीज आइसोलेशन में हैं और उनका इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग लोगों को सर्तक रहने की अपील की है। वहीं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी जा रही है। जबतक कि कोई जरूरी काम न हो वैसे स्थानों में जाने से बचें। इसके अलावा मास्क लगाने को भी कहा गया है। जिससे संक्रमण की संभावना न हो। राहत वाली बात यह है कि नये मरीजों में तेजी से सुधार भी हो रहा है। पिछले 24 घंटे में 148 नये मरीजों की पुष्टि हुई है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा रद्द संबंधित सूचना

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के ई-निविदा आमंत्रण संख्या–325/2022-23/RWD/LOHARDAGA, दिनांक –31.03.2023, PR No.- 294148 द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या –RWD/LOHARDAGA/08/2022-23 कार्य का नाम "फिरोज अंसारी के घर से कब्रिस्तान होते हुए पंचायत भवन तक पथ निर्माण (लं– 1.400 कि0मी0)" कार्य की निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई-प्रोक्युमेन्ट सेल

PR.NO.296084 Rural Work Department(23-24):D

झारखंड में मिलेट्स उत्पादन में भी सरप्लस स्टेट बनने की संभावना: कुलपति

राष्ट्रीय खबर

रांची: प्रदेश में प्राचीन काल से परंपरागत तरीके से मोटे अनाज यानि मिलेट्स की खेती होती आ रही है। स्थानीय परिवेश में इसके खाद्य उत्पादों का सेवन प्रचलित रहा है। 60 के दशक के बाद गेहूं एवं धान को बढ़ावा देने से लोगों की थाली से मिलेट्स उत्पाद दूर हुआ। आज मिलेट्स को पोषणयुक्त आहार का पॉवर हाउस और सुपर फूड कहा जा रहा है। कोरोनाकाल में मिलेट्स को पोषण गुणों के आधार पर वैश्विक स्तर पर पहचान मिली। आज वर्ष 2023 को पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मना रहा है। वैश्विक, राष्ट्रीय एवं स्थानीय बाजार में मिलेट्स उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है और किसानों को मिलेट्स से अच्छी आय की संभावना बढ़ी है। उक्त बातें खूंटी में आयोजित झारखंड मिलेट्स मेला एवं सम्मेलन में मुख्य नोट्स प्रस्तुत करते हुए बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बीएयू ने अधिक उपजशील मिलेट्स के अनेकों उन्नत किस्मों को विकसित किया है। प्रदेश की वर्षाश्रित खेती स्वतः मिलेट्स फसल की खेती हेतु उपयुक्त है। प्रदेश की ऊंची (अपलैंड) भूमि में धान की जगह मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देकर सब्जी फसल की तरह झारखंड को मिलेट्स मामले में सरप्लस स्टेट बनाया जा सकता है।

बीएयू मिलेट्स के उन्नत किस्मों की बीज की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है। कहा कि बढ़िया मूल्य एवं पोषण गुण की वजह से मिलेट्स प्रदेश में आजीविका एवं पोषण सुरक्षा का बेहतर विकल्प बन सकता है। बीएयू के हॉस्टल, मेस एवं कैंटीन में मिलेट्स उत्पादों को शामिल करने का निर्देश दिया गया है। विद्यालयों के मिड डे मिल में शामिल कर जागरूकता और बढ़ावा दी जा सकती है। इस सम्मेलन में डॉ आरपी सिंह रतन, डीन एग्रीकल्चर, राय यूनिवर्सिटी की अध्यक्षता में आयोजित तकनीकी पैनल चर्चा में बीएयू मिलेट्स वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार ने किसानों को विभिन्न मिलेट्स फसल, उनका महत्व, उन्नत किस्म एवं वैज्ञानिक खेती तकनीक, पोषक गुण आदि की जानकारी दी। इस दो दिवसीय झारखंड मिलेट्स मेला एवं सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्कृत एवं उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली एवं पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में उपायुक्त, खूंटी के सहयोग किया गया है।

चांडिल जंक्शन में पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव शुरू,

चांडिल : चांडिल जंक्शन में गुरुवार से पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया। सांसद संजय सेठ ने हरि लाइट दिखाकर पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को रवाना किया। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के चालक को फूल माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। कार्यकताओं ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। वही चांडिल जंक्शन में सांसद संजय सेठ के प्रयास से रेलवे बोर्ड ने पूरी नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, टाटानगर छपरा एक्सप्रेस व एक नई ट्रेन टाटानगर गोड्डा एक्सप्रेस का ठहराव दिया गया है। इस ठराव के लिए सांसद ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता इन ट्रेनों के ठहराव की प्रतीक्षा कर रही थी जो आज सफल हुआ।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
झारखण्ड, सरकार
कार्यालय, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग

सामयिक सूचना अंक – 01 / वर्ष 2023 – 24

प्रिय किसान बंधुओं
वर्तमान मौसम में कद्दू वर्गीय सब्जियों की खेती की जा रही है। जिनमें कद्दू, करैला, नेनुआ, तुरई, खीरा महत्वपूर्ण है। कद्दूवर्गीय सब्जियों, अन्य सब्जियों की तुलना में कम कैलोरी व आसानी से पचने वाले होते है। इस कारण ये सब्जियां संतुलित आहार एवं स्वास्थ्य के लिए भोजन में विशेष योगदान प्रदान करते है।
इन फसलों में विभिन्न प्रकार के कीट व्याधि का प्रकोप होता है। फलतः उपज में कमी आती है।
कद्दूवर्गीय सब्जियों में लगने वाले प्रमुख रोग एवं कीट व्याधियों, एवं उनके प्रबंधन संबंधी सुझाव दिए जा रहे है।

1) रेड पंपकिन बीटल / लाल भृंग :–
वयस्क लालरंग का कीट अंकुरित एवं नई पत्तियों को खाकर नष्ट कर देता है। कीट के पिल्लु जड़ो, तना एवं पत्तियों को खुरच कर खाता है।
नियंत्रण :–
•वयस्क बीटल को आकर्षित कर मारने के लिए ट्रेप फसलों का उपयोग करें।
•प्रोफेनोफोस 2 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।
•गर्मी के दिनों उक्त खेतों में गहरी जुताई करें।

2) फल मक्खी :–
फलमक्खी के शिशु फलों में प्रवेश कर गुद्दों को खाते है एवं फल विकृत आकार के हो जाते है।
नियंत्रण :–
•ग्रसित फलों को तोड़कर गड्ढे में दबा दें।
•1 लीटर पानी में 20 ग्राम गुड़ और 10 मिली मालाथियन मिलाकर घोल का छिड़काव करें।

3) चूर्णिल आसिता / पाउडरी मिल्ड्यू :–
फसल के पत्तियों व फलों पर सफेद चूर्ण दिखाई देता है जिससे पौधा भोजन निर्माण करने में असमर्थ हो जाता है। फल स्वरूप बढ़वार रूक कर पैदावार कम हो जाता है।
नियंत्रण :–
•पौधे लगाने के लिए पर्याप्त धूप एवं उचित हवा प्रवाह वाला स्थान चुने।
•सल्फर पाउडर 25kg प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।
•केराथेन या केथेक्सीन 1 मिली प्रति लीटर पानी का छिड़काव करें।

4) मृदारोमिल आसिता / डाउनी मिल्ड्यू :–
पत्तियों के ऊपरी सतह पर पीले धब्बे तथा नीचे की सतह पर कवक की वृद्धि दिखाई देती है।
नियंत्रण :–
•प्रारंभिक अवस्था में रोग ग्रस्त पौधे को उखाड़ कर नष्ट कर दें।
•पौधे की पत्तियों पर जैविक कवकनाशी या नीम तेल का छिड़काव करें।
•मैकोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के घोल का छिड़काव करें।

5) एन्थ्रेकनोज / श्यामवर्ण :–
पत्तियों व फल पर काले गहरे भूरे धब्बे बन जाते है। फल कठोर हो जाता है।
नियंत्रण :–
•फसल चक्र अपनाएं।
•थीरम 4 ग्राम प्रति किलो ग्राम बीज की दर से बीजोपचार करें। मैकोजेब 2 ग्राम प्रति लीटर पानी का 15 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें।

कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR296054 (Agriculture)23-24*D

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर ›› अपडेट

खदान में सुरक्षा के इंतजाम से असंतोष

बेरमो : सीसीएल ढोरी क्षेत्र के सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने गुरुवार को ढोरी क्षेत्र के ढोरी खास के 7-8 अंडर ग्राउंड खदान का निरीक्षण किया। बोर्ड के सदस्यों ने खदान में सुरक्षा के इंतजाम को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए बताया कि उत्पादन से ज्यादा मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि है। पूरी सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन करें।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

बिष्णुगढ गाल्होबार के प्रवासी मजदूर शहनवाज की कोल्हापुर में बिल्डिंग से गिरने से मौत

बेरमो : प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला रूक नहीं रहा है।लगातार उनकी मौत की खबर आ रही है। इसी क्रम में बिष्णुगढ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बिल्डिंग से गिरने से हो गई।बताया जाता कि बिष्णुगढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाल्होवार निवासी जाकिर अंसारी के 20 वर्षीय पुत्र शाहनवाज वारसी उर्फ चुक्की की महाराष्ट्र के कोल्हापुर की बुधवार शाम को काम करने के दौरान चार मंजिले बिल्डिंग के बालकनी से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया।अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो रोककर बुरा हाल है।वह टाइल्स-मार्बल मिस्त्री के रूप में कार्यरत था। वहीं इस दुखद घटना को लेकर प्रवासी हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने कहा कि हमारे झारखंड के हजारीबाग, गिरीडीह, बोकारो जिले के अधिकतर लोग पलायन कर चुके हैं और अधिकतर मजदूर विदेशों में काम करते हैं और प्रवासी मजदूरों की मौते लगातार हो रही हैं।जो एक बडी चिंता का विषय हैं। इसलिए मैं झारखंड सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि मृतक परिवारों को कंपनी के साथ-साथ सरकार की ओर से उचित सहयोग राशि दी गई।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो का आजसू फुसरो नगर समिति ने किया स्वागत

बेरमो : आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो गिरिडीह (गांडेय) जाने के क्रम में शहीद निर्मल महतो चौक पर आजसू फुसरो नगर समिति के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।मौके पर केंद्रीय सचिव श्री संतोष कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी, नगर अध्यक्ष महेश देशमुख,पूर्व मुखिया धनेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि नरेश प्रसाद महतो, अशोक चौहान, नगर सचिव मनोज कुमार महतो कार्यकारी अध्यक्ष संतोष रवानी, बेरमो प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष कृष्णा महतो उपाध्यक्ष बीरु हाड़ी, यूनियन नेता बबलू महतो, जितेश कुमार, छात्रसंघ अध्यक्ष पप्पू सिंह, सचिव विक्की महतो, जसवंत महतो, रोहित चौधरी, रिंकू महतो, सुमित पासवान, शिबू महतो, चीकू शर्मा, सुनील कुमार मीडिया प्रभारी छोटू कुमार उपस्थित थे।

डीवीसी का बंद बी प्लांट का अस्तित्व अब इतिहास बनकर रह जायेगा

बेरमो/बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के 630 मेगावाट क्षमता वाले बी प्लांट का अस्तित्व अब समाप्त हो जाएगा। यह प्लांट अब इतिहास बनकर रह जाएगा। दरअसल इस बंद प्लांट को डिस्मेंटल किया जाना है। लिहाजा प्रबंधन ने इस निमित्त टेंडर निकाला है। बी प्लांट के तीन यूनिट के यह प्लांट को डिस्मेंटल के लिए प्रबंधन ने 21 अप्रैल को ऑनलाईन टेंडर निकाल दिया है। हैदराबाद की कंपनी राधा स्मेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड को 288.60 करोड़ रूपए का प्लांट डिस्मेंटल का टेंडर मिला है। 1992 में बी प्लांट से शुरू हुआ था बिजली उत्पादन: डीवीसी का बोकारो थर्मल में 630 मेगावाट की बी प्लांट था। 210 गुना के 3 यूनिट थे। 1992 में बोकारो थर्मल बी प्लांट अस्तित्व में आया था। था। लंबे समय से बोकारो थर्मल पावर प्लांट ने कई कीर्तिमान स्थापित किया था लेकिन अब हमेशा के लिए इतिहास बनकर रह जायेगा।

उद्घाटन डीएमएफटी के तहत 14 मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का कराया जा रहा है निर्माण

गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का हुआ उद्घाटन

▶▶रामगढ़ जिले में 1000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं

राष्ट्रीय खबर

रामगढ़: बुधवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में डीएमएफटी मद से नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने संयुक्त रूप से मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर माननीय विधायक श्रीमती सुनीता चौधरी, उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अध्यक्ष जिला परिषद श्रीमती सुधा देवी, उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्यों अन्य जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा बच्चों के बीच पठन सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक रामगढ़ श्रीमती सुनीता चौधरी ने डीएमएफटी के तहत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू होने पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यों की सराहना की वहीं उन्होंने कहा कि मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से ना केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि रामगढ़ जिले के विकास में भी इससे गति आएगी। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा की रामगढ़ जिले में 1000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं। लेकिन लगभग 50% आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन अस्थाई भवनों अथवा किराए के भवनों में हो रहा है। गए विकास कार्यों से संबंधित जानकारियां कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का कराया जा रहा है निर्माण, कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से आंगनवाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराए गए हैं ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस कुपोषण पर होगा कड़ा प्रहार जिले में संचालित होगा अत्याधुनिक एमटीसी वाहन शहरी क्षेत्र में पड़ने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 205 वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमें चारदिवारी नहीं है की पहचान की गई। इसके लिए डीएमएफटी के तहत न्यास परिषद द्वारा प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न चरणों में आंगनवाड़ी केंद्रों के चारदीवारी का कार्य पूर्ण करने हेतु अनुमोदन दिया गया है वही इसके तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त के द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है।

सीसीएल प्रबंधन की नितियो का होगा विरोध : शमशेर

बेरमो /कथारा : जब से सीसीएल कथारा वाशरी से रिजेक्ट कोल उठाव का ऑफर स्वीकृति हुआ है तब से लेकर आय दिन लदनी मजदूरों का आंदोलन और बैठको का दौर लगातार जारी है। जिस कारण सीसीएल द्वारा रिजेक्ट उठाव के अनुमति और ऑफर स्वीकृत के बाद भी रिजेक्ट कोल का उठाव शुरू नही हो सका है। इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को रिजेक्ट कोल स्टाक के 19 डी के समीप लदनी मजदूर नेता शमशेर आलम के नेतृत्व में विस्थापित प्रभावित बेरोजगार समिति के बैनर तले एक अहम बैठक हुई जिसमें आसपास के दर्जनों गांवो के विस्थापित और बेरोजगार लदनी मजदूर शामिल हुए। मौके पर कहा गया कि डीओ धारकों से वार्ता के बाद यह तय हुआ था कि आधा मशीन और आधा मजदूरो द्वारा रिजेक्ट लोड करवाया जायेगा मगर अभी तक इस पर कोई पहल नही हुई है। लदनी मजदूरों का हक व अधिकार मार कर समिति किसी भी किमत पर रिजेक्ट कोल का उठाव नही होने देगी। कहा कि स्थानीय बेरोजगारों से रोजगार छिनने का हक किसी को नही दिया जा सकता है। कहा कि अगर लदनी मजदूरों को लोडिंग का काम नही दिया गया तो बाध्य होकर समिति उग्र आंदोलन करेगी। इस बैठक में उपरोक्त लोगो के अलावे बांध पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बबलू यादव, कथारा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सतेन्दर, हिरालाल मांझी, बबलू करमाली, अनवर अंसारी, अनील यादव, फरीद अंसारी, सैरुन निशा, गुंजा देवी, जुलेखा खातून, दौलती देवी, मुनवा देवी, कलावती देवी, तहरुन निशा, मालती देवी, बेबी देवी, गेंदिया देवी आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, विस्थापित और लदनी मजदूर उपस्थित थे।

खेतको में आयोजित हुआ कव्वाली का महा मुकाबला

बेरमो /खेतको : पेटरवार प्रखंड के खेतको में गुलाम मोहिउद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह के 55 वा सालाना उर्स मुबारक के मौके पर मंगलवार को देर रात्रि कव्वाली का महा मुकाबला का आयोजन किया गया। इस कव्वाली के मुख्य गायक यूपी बदायूं से जुनेद सुलतानी एंड पार्टी वा यूपी कानपुर से सीबा परवीन एंड पार्टी का आगमन हुआ जिनके बीच रात भर कव्वाली के मुकाबले में रात भर श्रोता झूमते नजर आये। कव्वाल जुनेद सुलतानी वा सीबा परवीन ने एक से बढ़कर एक हिंदू मुस्लिम की तहजीब के बारे में कव्वाली प्रस्तुत किए जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कव्वाली का आगाज कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर अंसारी,मुखिया अनवरी खातून वा समाज समाज सेवी अनवर आलम द्वारा सामुहिक रुप से फीता काटकर किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, जिला परिषद अशोक मुर्मू सह 20 सूत्री सदस्य, सीपीआई नेता आफताब आलम, मो इस्लाम अंसारी, कथारा कांग्रेस क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस, सनाउल्लाह अंसारी, समाजसेवी सुरेश नायक, अरुण नायक एवं प्रशासन के साथ-साथ पंचायत सदस्य जाफर अली एवं कमेटी के लोग कव्वाली को कामयाब बनाने में अहम योगदान देते नजर आये।

विद्यालय में बच्चों को दिया गया मिजिल्स रुबेला टीका

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : दून पब्लिक स्कूल सतकीरा,तोपचांची में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मिजिल्स रुबेला टीकाकरण को लेकर कैंप का आयोजन किया गया।कैंप में विद्यालय शिक्षकों और स्वास्थ्य विभाग के एएनएम द्वारा स्कूल के बच्चों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों में आयोजित टीकाकरण अभियान मैं भाग लेकर स्वेच्छा से रूबेला का इंजेक्शन लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर विकास कुमार पाण्डेय ने कहा कि रुबेला संक्रामक बीमारी है जो एक दूसरे से फैलता है । उन्होंने कहा कि इस टीकाकरण अभियान में हमलोगो को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और अगल बगल इस अभियान के बारे में लोगो को जागरुक करना चाहिए। डायरेक्ट राजू उपाध्याय और प्राचार्य सौम्य विकास मुखर्जी ने सभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी को धन्यवाद दिया। मौके पर धीरज गिरी,अरुण आयुषी पाठक सहित विद्यालय के सभी सदस्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कुजू में इनमौसा का सीसीएल स्तरीय एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

बेरमो: कुजू क्षेत्र में सीसीएल इनमौसा अध्यक्ष रामराज सिंह की अध्यक्षता में सीसीएल स्तरीय एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह उप महामंत्री सीसीएल विजय कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत झंडोत्तोलन एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। तत्पश्चात स्वर्गीय जेके बनर्जी, संस्थापक इनमौसा के चित्र पर माल्यार्पण मुख्य अतिथि के साथ-साथ सभा की अध्यक्षता कर रहे रामराज सिंह, सीसीएल कमेटी के अन्य पदाधिकारी गण तथा सीसीएल के अन्य क्षेत्रों से आए हुए अध्यक्ष एवं सचिव तथा कुजू क्षेत्र के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों के द्वारा किया गया! बैठक में सांगठनिक एकता के संबंध में साथी साथ सीसीएल के तमाम क्षेत्रों से आए हुए क्षेत्रीय सचिवों के द्वारा दिए गए सुझाव पर विजय बाबू द्वारा क्रमबद्ध तरीके से सीसीएल तथा कोल इंडिया प्रबंधन के समक्ष बातों को रखने के लिए आश्वस्त किया गया। मूल विषयों जैसे रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट वालों को कॉल इंडिया से मान्यता दिलाना, कैडर स्कीम में बदलाव लाना, ग्रेच्युटी को 1जनवरी 2017 से सभी के लिए 2000000 लागू करवाना, जूनियर ओवरमैन ग्रेड सी में बहाल किए जाने वाले सभी माइनिंग स्टाफ को 3 साल के अंदर ग्रेड बी में पदोन्नति कराना, मेन पावर बजट में पर्याप्त संख्या में माइनिंग स्टाफ के लिए सैंक्शन पोस्ट दिलाना तथा अन्य लंबित विषयों को प्रबंधन के समक्ष जोरदार तरीके से रखने की बातें कहीं। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों में सीसीएल कमेटी से सहायक उप महासचिव सुधीर कुमार सिंह, सहायक संगठन मंत्री अवधेश कुमार, कोषाध्यक्ष रामेश्वर महतो के अलावे क्षेत्रीय सचिव कथारा, बैजनाथ नायक, क्षेत्रीय सचिव बीएडके डीपी मौर्या, क्षेत्रीय सचिव ढोरी पवन सिंह, क्षेत्रीय सचिव अरगड्डा मधुसूदन सिंह, क्षेत्रीय सचिव कुजू प्रदीप कुमार राम, क्षेत्रीय सचिव बड़का स्याल श्याम सुंदर प्रसाद, क्षेत्रीय सचिव रजरप्पा राकेश कुमार, क्षेत्रीय सचिव हजारीबाग जेपी राणा, क्षेत्रीय सचिव एनके उमाकांत सिंह, क्षेत्रीय सचिव राजहरा मनोवर अंसारी, क्षेत्रीय सचिव मगध आम्रपाली आर पी सिंह, क्षेत्रीय सचिव पिपरवार अनिल कुंवर, सीसीएल इनमौसा के सभी क्षेत्रों के अध्यक्ष गण तथा अन्य पदाधिकारी गण, सेमिनार की मेजबानी कर रहे कुजू क्षेत्र से देवेंद्र कुमार शर्मा, राम रतन सिंह तथा पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण जिनकी अहम भूमिका कार्यक्रम को सफल बनाने में रही।

श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत प्रभुदत्त शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

बेरमो : दुगदा रेलवे कॉलोनी में बुधवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दिवंगत समाजसेवी डॉ० प्रभुदत्त शर्मा को श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, जिला परिषद सदस्य संतोष कुमार पांडेय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मधुसूदन सिंह ने डॉ० प्रभुदत्त शर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि डॉ० प्रभु दत्त शर्मा आजीवन समाज सेवा करते रहे। इनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिप सदस्य संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि डॉ० प्रभु दत्त शर्मा हम सबों के दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे। पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता ने कहा कि आने वाली पीढ़ी इनके कार्यकलापों को अपने जीवन शैली में ढालने का काम करेंगी। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह, संतोष सिंह, प्रमोद गुप्ता, कमलेश दसौंधी, जनता मजदूर संघ के सचिव सूर्यबली साव, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के केंद्रीय मंत्री किया। मुकुटधारी गोराई, मटुक महतो, र- किश सिंह, धर्मेंद्र सिंह सत्येंद्र गिरी, सुमन सिंह, अजय जायसवाल शैलेश सुमन आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कोयला चोरी पर लगेगा अंकुश,डीएसपी ने की बैठक

बैठक में शामिल डीएसपी सतीश चंद्र झा समेत सीसीएल व सीआईएसएफ पदाधिकारी

अनुमंडल व स्थानीय प्रशासन, सीसीएल ढोरी और बीएंडके महाप्रबंधक और सीआईएसएफ के अधिकारियो की सयुंक्त बैठक हुई

राष्ट्रीय खबर

बेरमो: बेरमो अनुमंडल के कोयला उत्खनन क्षेत्र में कोयला चोरी पर रोक लगाने के लिए बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को डीएसपी सतीश चंद्र झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सीसीएल और सीआईएसएफ के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में डीएसपी ने कहा कि कोयले की चोरी नहीं होने दी जाएगी। सीआईएसएफ और सीसीएल प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर कोयला चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय थाना प्रभारी अपने-अपने कमांड क्षेत्र में सामंजस्य बनाकर चोरी और अपराध रोकें। बैठक में बीएंडके जीएम एमके राव, ढ़ोरी जीएम एमके अग्रवाल, सीआईएसफ डिप्टी कमांडेंट समेत चंद्रपुरा, बेरमो, गांधीनगर, पेटरवार, बोकारो थर्मल के थाना प्रभारी, ढ़ोरी क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम यूके, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से होम गार्ड की घटना स्थल पर ही हुई मृत्यु

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत बेरमो प्रखंड के जारंगडीह गंगोत्री कॉलोनी से गंगोत्री कालोनी के बीच किसी अज्ञात वाहन का चपेट में आने से होमगार्ड की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खबर सुनते ही स्थानीय लोगों घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। स्थानीय थाना बोकारो थर्मल अपने दल बल के साथ पहुंचे, सीसीटीवी फुटेज और एक अनुमान से पुलिस जांच में जुटी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति रात्री पाली की ड्यूटी कर अपने घर लौट रहा था। जबकि मृतक का नाम विनय राम बताया जाता है और वह गिरिडीह का होमगार्ड जवान था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बिरनी थाना का निवासी था तथा उनका उम्र लगभग 55 वर्ष था। घटना अहले सुबह 5:00 बजे की बताई जाती है।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा आजसू पार्टी का जिला सम्मेलन कल

बेरमो : बेरमो विधानसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी कार्यालय करगली में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया 27 अप्रैल 2023 दिन गुरुवार को आजसू पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा का बोकारो जिला सम्मेलन करगली पार्टी ऑफिस में होगा सम्मेलन में आजसू पार्टी सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सुदेश कुमार महतो गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश संयोजक सांगेन हांसदा प्रो शयम मुर्मू बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन कुमार महतो बेरमो विधानसभा प्रभारी काशीनाथ सिंह मुख्य रूप से शामिल होंगे यह जानकारी बेरमो विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता केंद्रीय सचिव फाइटर संतोष कुमार महतो, केंद्रीय सचिव नवीन कुमार महतो ,केंद्रीय मुख्यालय सचिव टिकैत कुमार महतो ने संयुक्त रूप दिए मौके पर फुसरो नगर अध्यक्ष महेश देशमुख, फुसरो नगर सचिव मनोज कुमार महतो सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल, प्रदीप महतो, अनूप मुर्मू, दिनेश कुमार महतो सलेश कुमार संजय हेंब्रम सिद्धार्थ हेंब्रम हर्षल मरांडी दिनेश मरांडी रतन किस्कू आदि लोग उपस्थित थे।

आस्था मां का ज्योत गाजे बाजे जयकारे के साथ गणेश मंदिर स्थित जागरण स्थल लाया गया

जरीडीह बाजार गणेश मंदिर प्रांगण में माता रानी भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

▶▶प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी

▶▶महिला पुरुष भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया

राष्ट्रीय खबर

बेरमो /जरीडीह बाजार : बेरमो कोयलांचल के जरीडीह बाजार गणेश मंदिर के प्रांगण में मंदिर कमेटी के सौजन्य से माता रानी भक्ति जागरण का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय देवी मंदिर से मां का ज्योत गाजे बाजे जयकारे के साथ गणेश मंदिर स्थित जागरण स्थल लाया गया इस मौके पर मुख्य यजमान के तौर पर बबलू मोदी और उनकी धर्मपत्नी सहित मंदिर कमेटी के सभी सदस्य शामिल थे । धनबाद से पधारे भजन गायक विक्की सिंह ने तेरी जय हो गणेश, मंगल भवन, झूठी दुनिया गाकर उपस्थित महिला पुरुष भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बोकारो की भजन गायिका बेबी रेखा ने आज आए मां के नवरात्र मन लेके आया माता रानी जैसे भजन की गायकी के फन पर लोगों को ताली बजाने और गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया।

भजन गायिका खुशबू ने भोला लागल निमिया ना हमसे भंगिया पिसाई गाकर लोगों को वाह-वाह करने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक सरदार दलजीत सिंह ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी पेश कर पूरा माहौल को भक्तिमय कर दिया। गायक रवि वर्मा ने भोले ओ भोले गाड़ी लेके मत जैया गाकर लोगों को नाचने और गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। रामगढ़ से आए झांकी के कलाकारों ने माता काली,भोलेनाथ, राधा कृष्ण, शिव पार्वती की झांकी पेश कर लोगों को मोह लिया।

जागरण को सफल बनाने में गणेश मंदिर कमेटी के सभी सदस्य सक्रिय दिखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जरीडीह पूर्वी की मुखिया कंचन देवी, अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अनिल अग्रवाल, मानवाधिकार के अनूप साव, समाजसेवी बबलू भगत, विनोद साहू सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

संपादकीय

सुप्रीम कोर्ट का फैसला क्या केंद्र सरकार को हिदायत

देश में अनेक ऐसे मामले चल रहे हैं, जो केंद्रीय एजेंसियों के हाथों में है। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की तरफ से अनेक लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। इनमें से कई लोग कई महीनों तक जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आये हैं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और एक और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन अब भी जेल में है। इसके अलावा वैसे तीन दर्जन से अधिक नेता हैं, जिन पर केंद्रीय एजेंसियों ने केस दर्ज कर रखा है। इन मामलों में नियमित तौर पर कोई खास प्रगति होती हुई नजर नहीं आती है। इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का यह कहना राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक है कि जमानत के अधिकार को खारिज नहीं किया जा सकता और जांच पूरी होने के पहले चार्जशीट दाखिल कर भी इस अधिकार को खत्म नहीं किया जा सकता है। जस्टिस कृष्ण मुरारी और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने जोर देकर कहा कि डिफॉल्ट जमानत का अधिकार केवल एक वैधानिक अधिकार नहीं है, बल्कि एक मौलिक अधिकार है जो संविधान के अनुच्छेद 21 से निकला है। इसलिए, आरोपी व्यक्ति को

स्वाभाविक तौर पर जमानत से वंचित करने के लिए केवल जांच पूरी करने से पहले आरोप पत्र दायर नहीं किया जा सकता है, अदालत ने इसे रेखांकित किया है। पीठ ने यह भी कहा है कि रिमांड और हिरासत की प्रक्रिया, उनके व्यावहारिक अभिव्यक्तियों में, जांच प्राधिकरण और अभियुक्तों के बीच शक्तियों की एक बड़ी असमानता पैदा करती है। जबकि हमारे मन में कोई संदेह नहीं है कि गिरफ्तारी और रिमांड जांच प्राधिकरण के सुचारू कामकाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। न्याय प्राप्त करने के उद्देश्य से, हालांकि, एक शक्ति असंतुलन का संज्ञान होना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यस बैंक को धोखा देने के आरोपी रियल्टी डेवलपर संजय छाबड़िया की डिफॉल्ट जमानत अर्जी का निस्तारण करते हुए एक फैसले में यह टिप्पणी की गई। शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका उनकी पत्नी द्वारा दायर की गई थी। इधर मनीष सिसोदिया पर आरोप क्या है, यह जगजाहिर है पर साक्ष्य क्या है, यह सिर्फ जांच एजेंसियों को पता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की इस बात को सिर्फ एक ही मामले तक सीमित नहीं रखा जा सकता। दरअसल जिस मामले में शीर्ष अदालत ने यह कहा है, उसमें दलील दी गयी थी कि सीबीआई उसे कई पूरक चार्जशीट के बहाने 60 दिनों की वैधानिक सीमा से परे रिमांड में रखेगी। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि जांच अभी भी चल रही है और शिकायत में आरोपी का नाम नहीं लिया गया है। अदालत ने आरोपी को इस साल फरवरी में अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया था, जिसे आज के फैसले से निरपेक्ष कर दिया गया। पीठ ने याचिका की विचारणीयता पर सीबीआई की प्रारंभिक आपत्तियों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह संविधान द्वारा बड़े पैमाने पर व्यक्तियों और समाज की नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सौंपा गया है। अदालत के मुताबिक यह नागरिक स्वतंत्रताएं, जो खुद को मौलिक अधिकारों के रूप में प्रकट करती हैं, वे हैं जो इस देश के लोगों को राज्य के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने और लोगों और राज्य के बीच सामाजिक अनुबंध में सत्ता में समानता बनाए रखने की अनुमति देती हैं। यदि यह न्यायालय इनकार करता है मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में तकनीकीताओं पर अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने के लिए, यह एक लहरदार प्रभाव पैदा करेगा जिसके परिणामस्वरूप एक निष्क्रिय सामाजिक अनुबंध होगा, जिसमें इस देश के लोग राज्य के एक मनमानी और बेरोकटोक अत्याचार के अधीन हो जाएंगे। अदालत ने जोर देकर कहा है कि पहले जांच पूरी की जानी है, और उसके बाद ही निर्धारित अवधि के भीतर चार्जशीट या शिकायत दर्ज की जा सकती है, और ऐसा करने में विफलता सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफॉल्ट जमानत के वैधानिक अधिकार को सक्रिय करेगी। शीर्ष अदालत ने पाया कि मौजूदा मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा तथ्यात्मक स्थिति को याद किया गया, जिसने अभियुक्त को डिफॉल्ट जमानत देने के बजाय रिमांड जारी रखने के लिए यंत्रवत रूप से अधूरी चार्जशीट को स्वीकार कर लिया। जांच एजेंसी और ट्रायल कोर्ट, इस प्रकार, कानून के जनादेश का पालन करने में विफल रहे, और इस तरह से काम किया जो प्रकट रूप से मनमाना था और अभियुक्तों को गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन था। इस बात से स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट देश के विभिन्न भागों में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई और उससे जुड़े घटनाक्रमों से वाकिफ है। अब गुजरात में मानहानि के मामले में घटनाक्रम जिस तरफ बढ़ रहा है, यह साफ हो रहा है कि अंततः राहुल गांधी की मानहानि का मामला भी सुप्रीम कोर्ट में आयेगा। लिहाजा सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच पहले से जारी मतभेदों के असली कारण अब धीरे धीरे उजागर होते चले जा रहे हैं।

नक्सली हिंसा में कब तक शहीद होंगे जवान ?

पाकिस्तान परस्त आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ हम लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। अब तक हमने काफी कुछ खोया है। लेकिन अभी यह जंग जीतना काफी मुश्किल है। हम आंकड़ों के ग्राफ में ऐसी हिंसा की समीक्षा करते हैं। यह हमारे लिए मुनासीब नहीं है। आतंकी और नक्सल हमले कम पिछली सरकारों से कम हुए हैं या अधिक यह सोचने के बजाय समस्या को समूल नष्ट करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। दोनों ही स्थितियों में हमारे निर्दोष जवान मारे जा रहे हैं। हमारी सेना हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। तकनीकी विकास के बावजूद भी हम लगातार सैनिकों को खोते जा रहे हैं। शहीद होने वाले जवानों की तादाद कम कम है या ज्यादा यह खास नहीं। महत्वपूर्ण यह है कि आतंकी और नक्सली मुठभेड़ के दौरान हम कम से कम जोखिम उठाएं। ऐसे हालात में कहीं ना कहीं से हमारी आंतरिक सुरक्षा से

प्रभुनाथ शुक्ल
पत्रकार

संबंधित खुफिया तंत्र भी विफल होता दिखता है। क्योंकि ऐसे हमलों की वह समय पर सही और सटीक सूचना उपलब्ध नहीं करा पाता है या कराता है तो उस पर अमल नहीं होता है।
पुलवामा हमले के बाद भी नक्सली और आतंकी हमले में हमारे जवानों की शहादत जारी है। यह हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। तकलीफ इस बात की होती है कि हमारे जवान युद्ध के बजाय आतंकी और नक्सली साजिश का शिकार बन शहीद होते हैं। हमें अपनी सेना और जवानों पर गर्व है। राष्ट्रीय सुरक्षा में हमारा जवान प्राणों की आहुति दे देता है। एक सप्ताह पूर्व जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले में पांच जवान शहीद हो गए थे। उस घटना से सात दिन बाद भी हमने सबक नहीं लिया और छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में हमारे 11 जवान शहीद हो गए।
कश्मीर में जहां जवानों की गाड़ी पर ग्रेनेड से हमला किया गया था वहीं दंतेवाड़ा में जवान नक्सली ऑपरेशन से वापस लौट रहे थे जब आईईडी ब्लास्ट में मारे गए। दोनों घटनाओं से जहां देश और सेना को भारी नुकसान उठाना पड़ा है वहीं शहीद परिजनों के सपने टूट गए हैं। उनकी नींद उचट गई। मां-बाप पत्नी और बच्चों के भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है कि जिंदगी कैसे चलेगी। क्योंकि ऐसी घटनाओं से परिवार टूट जाता है। जिस बेटे के कंधो पर परिवार के सपने पलते हों जब वहीं अलबिदा कह जाय तो क्या होगा।
सरकार और रक्षा मंत्रालय को सैन्य सेवा करते हुए शहीद होने वाले जवानों के लिए एक अलग से विशेष प्रकार का मंत्रालय और आयोग गठित करना चाहिए। शहीद सैन्य परिवारों को अधिक से अधिक आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। उनकी धर्मपत्नी भाई या खून के रिश्ते में आने वाले लोगों को लम्बी कानूनी प्रक्रिया के बगैर सरकारी नौकरी में रखा जाना चाहिए। पीड़ित परिवारों के लिए भरपूर आर्थिक सहायता के साथ-साथ दूसरी सरकारी सहायता भी मिलनी चाहिए। सेना के जवान का वेतन उस दौरान तक जारी रखना चाहिए जब तक उसके परिवार के लिए मुकम्मल व्यवस्था नहीं हो जाती। शहीद परिजनों को गैस एजेंसी और पेट्रोल पंप जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए। शहीद होने वाले हर जवान को सेना का विशिष्ट सेवा पदक मिलना चाहिए।
सरकारी खर्च पर शहीद होने वाले जवान के गांव में भव्य स्मारक बनना चाहिए। ऐसे जवान के नाम पर सड़कें, स्कूल कॉलेज या सरकारी संस्थाओं के नाम होने चाहिए। सेना के जवानों की शहादत पर सरकार को खुलकर आगे आना चाहिए। हालांकि सरकार की तरफ से इस तरह की काफी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। लेकिन इन कार्यों में इतना विलंब होता है कि पीड़ित परिवार टूट और बिखर जाता है। क्योंकि पूरी प्रक्रिया बेहद लंबी और उबाऊ होती है। इस तरह की खबरें मीडिया में सुर्खियां बनती हैं। ऐसी स्थिति में एक स्वतंत्र मंत्रालय या सेना आयोग पूरी तरह ऐसी घटनाओं के लिए समर्पित होना चाहिए। पीड़ित जवान के परिवार की ए-टूजे मानिटरिंग होनी चाहिए।
हमारे देश में आम तौर पर राजनीतिक बयानबाजी मीडिया की सुर्खियां बनती है। अपराधियों का महिमामंडन किया जाता है। दुर्दांत अपराधी सांसद और विधायक बन जाते हैं। आम लोगों की जमीन हड़प कर भू-माफिया का काम करते हैं। राजनीति में आने के बाद बेशुमार दौलत बना ली जाती है। अपराधी, गुंडों और माफियाओं पर टीवी चैनल 24 घंटे लाइव रिपोर्टिंग करते हैं। यहां तक कि बेशर्म मीडिया अपराधी की तरफ से किए जा रहे है मूत्र विसर्जन को भी लाइव रिपोर्टिंग का हिस्सा बना दिया जाता है। राजनेताओं के अनाप-शनाप बयानबाजी पर लाइव डिबेट आयोजित होती है। लेकिन सेना के जवानों की शहादत पर 24 घंटे लाइव रिपोर्टिंग क्यों नहीं होती। ऐसी दुखद घटनाओं पर डिबेट क्यों नहीं आयोजित की जाती। जबकि इस तरह की शहादत से बढ़कर कोई घटना नहीं हो सकती। यह हमारे लिए बेहद शर्म की बात है।
छत्तीसगढ़ में पिछले 5 साल के दौरान नक्सली हिंसा में 175 जवान शहीद हो चुके हैं। हालांकि इस दौरान जवानों की तरफ से सर्च ऑपरेशन और मुठभेड़ में 328 नक्सली भी मारे गए हैं। लेकिन नक्सली हिंसा में 345 आमनागरिकों को भी जान गवानी पड़ी है। लोकसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की तरफ से दिए गए एक जवाब में बताया गया था कि छत्तीसगढ़ में साल 2018 से फरवरी 2023 तक इतनी जवानों के साथ आम आदमी को भी अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जबकि आतंक प्रभावित जम्मू-कश्मीर में पुलवामा हमले के बाद 1067 आतंकी हमले में 182 जवान शहीद हुए। जबकि 729 आतंकवादी मार गिराए गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से घटना के संबंध में जानकारी ली है। दोनों नेताओं ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपना कर्नाटक दौरा रद्द कर दिया है। लेकिन ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सरकार और सेना को ठोस नीति बनाने की जरूरत है। आतंकी और नक्सली हमले में सेना के जवानों की शहादत हर हाल में रुकनी चाहिए। सेना हमारे देश अहम है। आतंकी और नक्सली हिंसा में सेना की शहादत चिंता का विषय है। ऐसी हिंसा का आखिर खात्मा कब होगा। देश कब तक ऐसी हिंसा को झेलता रहेगा।

नजरिया

कैसी है हमारी व्यावसायिक सुरक्षा और क्या है स्वास्थ्य खतरे ?

डॉ सत्यवान सौरभ
स्तंभकार

व्यावसायिक दुनिया में गहरा परिवर्तन हो रहा है। सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों और अन्य हितधारकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का कार्यस्थल बनाने के अवसरों का लाभ उठाएं। काम पर सुरक्षा और स्वास्थ्य में सुधार के उनके दिन-प्रतिदिन के प्रयास भारत के ठोस सामाजिक आर्थिक विकास में सीधे योगदान कर सकते हैं। विश्व स्तर पर व्यावसायिक दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए हर साल 28 अप्रैल को कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस मनाया जाता है। क्या आप व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य को समझने के इच्छुक हैं? यदि हां, तो व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा सार्वजनिक स्वास्थ्य की एक शाखा है जो कार्यस्थल की बीमारियों और चोटों के रुझानों की जांच करती है और रोकथाम के तरीकों और कानूनों की सिफारिश करती है और उन्हें लागू करती है। व्यावसायिक खतरों के सबसे प्रचलित प्रकारों में ऊँचाई, बिजली के खतरे, सुरक्षात्मक गियर की कमी, गति की चोटें, टक्कर, जैविक खतरे, रासायनिक खतरे, एगोनोमिक खतरे और मनोवैज्ञानिक खतरे शामिल हैं।

व्यावसायिक खतरों के सबसे प्रचलित प्रकारों में ऊँचाई, बिजली के खतरे, सुरक्षात्मक गियर की कमी, गति की चोटें, टक्कर, जैविक खतरे, रासायनिक खतरे, एगोनोमिक खतरे और मनोवैज्ञानिक खतरे शामिल हैं।

व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य विभिन्न कार्यस्थलों में जोखिम को कम करना और समस्याओं की जांच करना है। व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा का क्षेत्र कार्यस्थल के खतरों के उन्मूलन, कमी या प्रतिस्थापन की मांग के लिए नियम बनाता है। ओएचएस कार्यक्रमों में कार्यस्थल की घटनाओं के परिणामों को कम करने के लिए प्रक्रियाएं और कार्यविधियां भी शामिल हैं। यह प्राथमिक चिकित्सा और भारी मशीनरी के सुरक्षित संचालन और संक्रमण की रोकथाम, एगोनोमिक सर्वोत्तम प्रथाओं और कार्यस्थल हिंसा प्रतिक्रिया रणनीति को कवर करता है। व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा (ओएचएस) सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक उपसमुच्चय है जो कार्यस्थल के स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार करता है। यह कर्मचारी की चोट और बीमारी के पैटर्न की जांच करता है और काम पर आने वाले जोखिमों और खतरों को कम करने के लिए सिफारिशें करता है।
प्रत्येक व्यवसाय में स्वास्थ्य और सुरक्षा जोखिम होते हैं, और यह गारंटी देना प्रत्येक नियोक्ता का उत्तरदायित्व है कि उनके कर्मचारी यथासंभव सुरक्षित रूप से अपना काम कर सकते हैं। व्यावसायिक खतरों के परिणामस्वरूप कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। भौतिक जोखिम, रासायनिक खतरे, जैविक खतरे, एगोनोमिक खतरे और व्यवहार संबंधी खतरे छह प्राथमिक खतरे श्रेणियां हैं। व्यावसायिक खतरे वे बीमारियाँ या दुर्घटनाएं हैं जो काम के दौरान हो सकती हैं। दूसरे शब्दों में, कर्मचारियों को अपने कार्यस्थल पर जिन जोखिमों का सामना करना पड़ता है। एक व्यावसायिक खतरा एक नकारात्मक अनुभव या परिणाम है जो किसी व्यक्ति को उनके काम के परिणामस्वरूप होता है। कुछ शब्दकोशों के अनुसार, यह शब्द उन जोखिमों को भी संदर्भित करता है जिनका लोग अपने शौक पर काम करते समय सामना करते हैं। खतरा एक संभावित हानिकारक या अप्रिय घटना है।

समस्याओं का बोझ

प्रेरक-प्रसंग

एक प्रोफेसर कक्षा में दाखिल हुए। उनके हाथ में पानी से भरा एक गिलास था। उन्होंने उसे बच्चों को दिखाते हुए पूछा, ह्लयह क्या है?'छात्रों ने उत्तर दिया, 'गिलास।'प्रोफेसर ने दोबारा पूछा, 'इसका वजन कितना होगा ?'उत्तर मिला, 'लगभग 100-150 ग्राम।'उन्होंने फिर पूछा, 'अगर मैं इसे थोड़ी देर ऐसे ही पकड़े रहूं तो क्या होगा ?'छात्रों ने जवाब दिया, 'कुछ नहीं।''अगर मैं इसे एक घण्टे पकड़े रहूं तो ?'प्रोफेसर ने दोबारा प्रश्न किया। छात्रों ने उत्तर दिया, 'आपके हाथ में दर्द होने लगेगा।'
उन्होंने फिर प्रश्न किया, 'अगर मैं इसे सारा दिन पकड़े रहूं तो क्या होगा'? तब छात्रों ने कहा, 'आपकी नसों में तनाव हो जाएगा। नसें संवेदनशून्य हो सकती हैं।

जिससे आपको लकवा हो सकता है।'
प्रोफेसर ने कहा, 'बिल्कुल ठीक। अब यह बताओ क्या इस दौरान इस गिलास के वजन में कोई फर्क आएगा ?'जवाब था कि नहीं। तब प्रोफेसर बोले, 'यही नियम हमारे जीवन पर भी लागू होता है। यदि हम किसी समस्या को थोड़े समय के लिए अपने दिमाग में रखते हैं। तो कोई फर्क नहीं पड़ता।
लेकिन अगर हम देर तक उसके बारे में सोचेंगे तो वह हमारे दैनिक जीवन पर असर डालने लगेगी। हमारा काम और पारिवारिक जीवन भी प्रभावित होने लगेगा। इसलिए सुखी जीवन के लिए आवश्यक है कि समस्याओं का बोझ अपने सिर पर हमेशा नहीं लादे रखना चाहिए। समस्याएं सोचने से नहीं हल होतीं। सोने से पहले सारे समस्यायुक्त विचारों को बाहर रख देना चाहिए। इससे आपको अच्छी नींद आएगी और आप सुबह तरोताजा रहेंगें।
शिक्षा :-
समस्याओं को लेकर अधिक परेशान नहीं होना चाहिए। इससे हमारा नुकसान ही होता है ।

जानकारी

सेंट स्टीफंस चर्च

सेंट स्टीफंस चर्च ऊटी में देखने लायक एक वास्तुशिल्प सौंदर्य है। नीलगिरी में सबसे पुराने चर्चों में से एक, चर्च विक्टोरियन-युग की वास्तुकला, क्लॉक टॉवर और सना हुआ ग्लास खिड़कियों के लिए जाना जाता है, जो अन्य दृश्यों के साथ, ईसा मसीह और मैरी के सूली पर चढ़ने के लिए बेबी जीसस को गोद में लिए हुए है। अंतिम भोज की एक विशाल पेंटिंग इस चर्च की दीवारों को सुशोभित करती है। दिलचस्प तथ्यः मैसूर युद्ध में अंग्रेजों द्वारा उसे हराने के बाद मुख्य बीम और लकड़ी टीपू सुल्तान के महल से ली गई थी और हाथियों द्वारा यहां लाए गए थे। चर्च का शांतिपूर्ण माहौल इसे खूबसूरत बनाता है शांति और प्रार्थना के लिए पीछे हटना।

iPhone मिल रहा 40 हजार से भी सस्ता

नई **दिल्ली :** Apple IZY iPhone 11 के 64 जीबी स्टोरेज वेरिएंट पर इस वक्त भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। फ्लिपकार्ट पर यह फोन 40 हजार रुपये से भी कम दाम में मिल रहा है। अगर आप इस वक्त नया आईफोन खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो यह मौका आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आइए iPhone 11 पर मिलने वाले ऑफर के बारे में विस्तार से जानते हैं।

iPhone 11 की कीमत और ऑफर

iPhone 11 के 64GB स्टोरेज वेरिएंट की एमआरपी 43,900 रुपये है, हालांकि यह 6 प्रतिशत डिस्काउंट के बाद 40,999 रुपये में लिस्टेड है। अगर आप ईएमआई पर खरीदने का प्लान कर रहे हैं तो 2,539 रुपये प्रति माह की आसान ईएमआई पर भी यह फोन आपका हो सकता है। बैंक ऑफर की बात करें तो इंडसइंड बैंक क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजेक्शन से भुगतान करने पर 10 प्रतिशत (अधिकतम 1 हजार रुपये तक) डिस्काउंट मिल सकता है, जिसके बाद प्रभावी कीमत 39,999 रुपये हो जाएगी। और Flipkart Axis Bank से पेमेंट करने पर 5 प्रतिशत कैशबैक मिल सकता है।
एक्सचेंज ऑफर की बात करें तो पुराना या मौजूदा फोन एक्सचेंज में देने पर 26,250 रुपये तक छूट मिल सकती है, जिसके बाद प्रभावी कीमत 14,749 रुपये हो जाएगी। वहीं इसमें बैंक ऑफर जोड़ने पर कीमत 13,749 रुपये हो जाएगी। ध्यान दें कि एक्सचेंज ऑफर का अधिकतम लाभ एक्सचेंज में दिए जाने वाले डिवाइस की कंडीशन पर निर्भर करता है।

iPhone 11 के स्पेसिफिकेशंस

स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो iPhone 11 में 6.1 इंच की Liquid Retina HD डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 828X1792 पिक्सल है। कैमरा की बात की जाए तो इस आईफोन में 12 मेगापिक्सल का पहला कैमरा और 12 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा है। वहीं इसके फ्रंट में 12 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा है। यह आईफोन A13 Bionic चिप पर काम करता है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

" यूपी में मेयर व सभासद, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष आदि के लिए हो रहे चुनाव में इन संस्थानों में जबरदस्त भ्रष्टाचार, सड़क, सफाई, नाली सहित विकास का घोर अभाव, हाऊस टैक्स में मनमानी वृद्धि व उनपर भारी ब्याज आदि जंजालों से मुक्ति के लिए बीएसपी जैसा सर्वजन हिताय परिवर्तन जरूरी।"

मायावती
बसपा सुप्रिमो



" केवल एक काम जो मैं कर सकती थी कि वो था कि मैं अपने काम को बेहतर करूं, जिससे यह साबित हो जाए कि मैं इस इंडस्ट्री के लिए ही बनीं हूं।हां, इससे मुझे आसान शुरुआत तो मिल गई लेकिन फिर यह आपके हाथ में है कि आप कैसे काम करते हैं। वास्तव में ऑडियंस ही टैलेंट की सबसे अच्छी जज होती है।"

आलिया भट्ट
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

भाजपा का मुस्लिम प्रेम बसपा के लिए खतरे की घन्टी

लोकसभा चुनाव में करीब 20 महीने की समय अवधि शेष है ।भाजपा ने पसमंदा मुस्लिम प्रेम के चलते समाजवादी पार्टी के मार्ग में शूल बिखरने से परेशानी बढ़ गई है ।यूपी के नगर निकाय के चुनाव में 350 मुस्लिमों को भाजपा ने टिकट देकर समाजवादी पार्टी की नींद खराब कर दी है ।भाजपा ने 2023 के विधानसभा में खेल खेल कर विपक्ष को सोचने के लिए मजबूर कर दिया ।मुसलमानो के साथ सौतेला व्यवहार कर ये दल उनका उपयोग कर तुष्टिकरण की जाल में फंसाकर उनका मोहरा बनाते आ रहे है ।मुस्लिम समाज भाजपा पर भरोसा करने लग गया है ।मोदी देश को आर्थिक राजधानी के रूप में उभारने की कोशिश कर रहे है ।जिसके कारण मुसलमानों के बिना संभव नही है ।इस रणनीति के आधार पर मुस्लिम उमीदवारों को भाजपा के बेंनर तले चुनाव लड़ने के लिए टिकट आवंटित किया है ।भाजपा और आरएसएस दोनों सगठनों ने हिन्दू मूसलमान एकता की बात करते रहते है ।यह भी मानते है कि इस देश की सरकार बचाए रखने में हिन्दू मुस्लिम एकता की जरूरत है ।मोहन भागवत कई बार कह चुके है कि हिन्दू मुस्लिम का डीएनए एक है ।आरएसएस के भगीरथ प्रयास का भाजपा को लाभ पहुंच रहा है ।मुस्लिम समाज के लोगो को टिकट देकर भाजपा ने समाजवादी पार्टी को मूसलमानो से दूर रखने की कोशीश की है ।लेकिन समाजवादी की चुले हिलती दिख रही है ।विधानसभा चुनाव में भी मुसलमानो ने भाजपा को वोट किया है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर ›› अपडेट

धान क्रय केंद्र में लॉगिन नहीं खुलने के कारण बिचौलिया किसानों पर हावी

इचाक : इचाक हजारीबाग जिला के धान क्रय केंद्र में अप्रैल महीना में धान खरीदारी नहीं हुआ झारखंड सरकार के द्वारा धान खरीदारी का कार्य 15 दिसंबर से 31 मार्च था इसके बाद झारखंड सरकार एवं एमडी रांची के द्वारा 30 अप्रैल तक धान खरीदने का आदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी हजारीबाग को मिला परंतु अप्रैल माह में लॉगिन नहीं खुलने के कारण हजारीबाग के पैक्स अध्यक्ष किसान का धान ई उपार्जन पोर्टल पर ऑनलाइन नहीं कर सका।

सिटी अपडेट्स ››

भाजपा जिला उपाध्यक्ष को पितृ शोक, अंतिम संस्कार कल गया कि फल्गु में किया जाएगा

चौपारण : चौपारण प्रखंड के ग्राम ताजपुर निवासी सह हजारीबाग भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय के पिता सेवानिवृत फॉरेस्टर 93 वर्षीय रामनंदन सहाय का गुरुवार को निधन हो गया। पार्थिव शरीर कल गया (विष्णु पद) ले जाया जाएगा। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री नाती, पोता सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गए। मौत की खबर सुनते ही पूर्व विधायक मनोज यादव पहुंच कर शोकाकुल परिवार को सान्त्वना दिया। वहीं भारत सरकार के पूर्व वित्त और विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा और सांसद जयंत सिन्हा ने भी शोक व्यक्त किया है। श्री सिन्हा ने अपने शोक संदेश में कहा है कि ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति भी प्रदान करें। इसके अलावे भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, चौपारण जिप सदस्य राकेश रंजन, रवि शंकर अकेला और आरती कौशल, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, मुखिया अर्चना हेमरोम, मुनेश्वर गुप्ता, कास्थ्य महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिन्हा, सत्येंद्र सिंह, कृषण साव, मनीष सिन्हा, अजित सिंह सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त किया है।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

महिलाओं द्वारा 19 डी पर प्रदर्शन एवं सभा

बेरमो /कथारा: रिजेक्ट सेल में भागीदारी को लेकर विस्थापित महिला मोर्चा द्वारा कथारा वाशरी 19 डी सेल पॉइंट पर गुरुवार को प्रदर्शन एवं सभा आयोजित किया गया। नेतृत्व महिला मोर्चा की अध्यक्षता कांति सिंह के द्वारा किया गया।रेलवे कॉलोनी कथारा के समीप 19 डी रिजेक्ट सेल प्वाइंट में प्रदर्शन के बाद स्थानीय खेल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए महिला नेत्री कांति सिंह ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर आंदोलन को कमजोर करने में लगे हैं। उनके रहते यह संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए कहा कि जब तक है।

प्रदर्शन

कहा जान दे देंगे लेकिन हवाई अड्डा के लिए जमीन नहीं देंगे

आदिवासियों के अस्तित्व से खिलवाड़ कर रही है हेमंत सरकार: लोबिन हेंब्रम

अपनी ही सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा,

रैली निकाल हवाई अड्डा निर्माण पर जताया विरोध

राज्य की हेमंत सरकार का स्पीड ब्रेकर बने है लोबिन

राष्ट्रीय खबर

साहिबगंज : झामुमो के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेंब्रम ने राज्य में अपनी ही पार्टी की सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर राज्य के आदिवासियों- मूलवासियों की भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य आदिवासियों का, मंत्री आदिवासी, मुख्यमंत्री आदिवासी फिर भी हमारे ही राज्य और हमारे ही सरकार में आदिवासियों की जल, जंगल और जमीन लूट हो रही है। आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जान दे देंगे, लेकिन हवाई अड्डा के लिए जमीन नहीं देंगे। आरोप लगाया कि हवाई अड्डा के नाम पर आदिवासी गांव को उजाड़ा जाएगा ऐसे में जब यहां आदिवासियों की जमीन ही नहीं बचेगी तो आदिवासी कैसे बचेंगे उन्होंने कहा कि यहां के आदिवासियों का जल, जंगल और जमीन कैसे बचे यहां का पर्यावरण कैसे बचे जैसे मुद्दों को लेकर वे अपनी ही सरकार से लगातार सवाल करते रहे है। यहां जंगल कट रहे हैं, यहां के आदिवासियों की खतियानी और रैयती जमीन की लूट हो रही है। ऐसे में हम विरोध रैली निकालकर हवाई अड्डा निर्माण का विरोध करते हुए सरकार और प्रशासन को आईना दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। अपने ही झामुमो सरकार के द्वारा हवाई अड्डा निर्माण का लिए गए निर्णय का विरोध करने को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि राज्य में हमारी झामुमो की सरकार है, लेकिन कानून को ताक पर रखकर हमारी सरकार भी काम करेगी तो लोबिन हेंब्रम चुप नहीं बैठेगा। कहा कि कभी बंदरगाह के नाम पर तो कभी हवाई अड्डा के नाम पर आदिवासियों की जमीन को हड़पने की हो रही कोशिश को वे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर पार्टी के मनोज तांती, मोहम्मद जब्बार समेत कई अन्य नेता भी शामिल थे। बाद में एक शिष्टमंडल राज्य के राज्यपाल के नाम संबोधित अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन जिले के उपायुक्त रामनिवास यादव को सौंपा। 2024 का झारखंड विधानसभा चुनाव निकट है, ऐसे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के लिए विधायक लोबिन हेंब्रम स्पीड ब्रेकर का काम करने में लगे है। लोबिन ने झारखंड बचाओ मोर्चा के गठन कर लिया है। लोबिन ने मोर्चा गठन के पीछे का कारण झारखंड में आदिवासियों की हो रही जल, जंगल, जमीन की लूट बताया है। हालांकि मोर्चा को अभी राजनीतिक रूप नहीं दिया गया है, लेकिन सत्ता के राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि अगर लोबिन का झामुमो के साथ ऐसे ही नोक झोंक चलती रही तो 2024 के लिए लोबिन इस मोर्चा को राजनीतिक दल में तब्दील कर सकते हैं। हालांकि झामुमो ने विधायक लोबिन के बगावती तेवर को गंभीरता से नहीं लिया। विधायक लोबिन हेम्ब्रम को क्षेत्र के आदिवासियों का हमेशा से साथ और भरोसा मिलता रहा है। यही कारण है कि समय के साथ उनका रवैया और विस्फोटक होता जा रहा है। हवाई अड्डा निर्माण के खिलाफ निकाले गए विरोध रैली के पहले भी शराबबंदी, संथाल परगना के इलाकों में अवैध खनन, पारसनाथ पर्वत विवाद सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर विधायक लोबिन हेम्ब्रम अपनी ही झामुमो सरकार के खिलाफ विरोध जताते रहे हैं।

मां भारती के वीर सपूतों का शहादत व्यर्थ नहीं जाएगा : हर्ष अजमेरा

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 10 जवान शहीद हो गए। वहीं एक नागरिक की भी मौत हो गई है। सभी जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के थे। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में जवानों का वाहन भी गया। 10 जवान शहीद हो गए। जिसमें हेड कॉन्सटेबल जोगा सोढी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, जोगा कवासी, हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम और जगदीश कवासी शहीद हुए हैं। इनके साथ वाहन के चालक धनीराम यादव की भी मौत हो गई है। इसकी सूचना मिलने के उपरांत पूरे देश में शोक की की लहर बहने लगी। प्रधानमंत्री,गृहमंत्री सहित कई अन्य लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया है। तो वहीं दूसरी ओर हजारीबाग शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मातृभूमि की सेवा में मां भारती के अमर लाडलो मैं अपना सब कुछ निछावर किया है इनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर चट्टी बारियातू परियोजना के विस्थापितों का सर्वे करने की हुई शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

केरेडारी: केरेदारी बृहस्पतिवार को भी केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम जोरदाग झुमरीटाड मे चट्टी बारियातू कोयला परियोजना से विस्थापित हुए ग्रामीणों के मुआवजा, रोजगार समेत अन्य विभिन्न मांगों को लेकर सर्वे किया गया। ज्ञातव्य हो कि ग्रामीणों द्वारा चट्टी बारियातू परियोजना के खिलाफ मिल रहे लगातार आवेदन पर विगत दिनों विधायक अंबा प्रसाद ने जिले के उपायुक्त से मुलाकात कर सत्यापन कराने की मांग की थी जिसके बाद उपायुक्त ने प्रखंड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए इस दिशा में कार्य करने को कहा था। दिन सोमवार को सर्वे का कार्य शुरू हुआ और इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को भी सर्वे का कार्य किया गया जिसमें स्थानीय लोगों के लगभग 27 आवेदन प्राप्त हुए, सर्वे का कार्य केरेडारी प्रखंड के अंचल निरीक्षक के द्वारा किया गया। विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रेस रिलीज जारी कर कहा गया कि चट्टी बारियातू एनटीपीसी कोल खनन परियोजना से स्थानीय ग्रामीणों को होने वाली विभिन्न समस्या को देखते हुए परियोजना से संबंधित सभी भू रैयतों की समस्याओं के समाधान हेतु सर्वे का कार्य प्रारंभ किया गया है। विस्थापित क्षेत्र के ग्रामीण जिन्हें मुआवजा, रोजगार, विस्थापन, पुनर्वास संबंधित किसी भी तरह की समस्या हो तो वह अपना पक्ष व लिखित आवेदन सर्वे के दौरान रख सकते हैं।

एक मई को बरही चौक पर होगा नुक्कड़ सभा, जनसंवाद यात्रा की होगी शुरूआत

संजय मेहता एवं भुनेश्वर यादव करेंगे संबोधित

राष्ट्रीय खबर

बरही : बरही विधानसभा एवं हजारीबाग लोकसभा के जनमुद्दों को लेकर बरही न्यू कॉलोनी स्थित संजय मेहता के आवास पर प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस को संजय मेहता एवं भुवनेश्वर यादव ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। कांफ्रेस को संबोधित करते हुए श्री मेहता ने कहा कि बरही विधान सभा एवं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनमुद्दों को लेकर जनता के सवाल गौण हो गए हैं। बरही में विस्थापितों का मुद्दा हो, पानी, बिजली, सड़क, रोजगार की बात हो, हजारीबाग के पत्थर व्यवसायियों की समस्या हो, रामगढ़ में विस्थापितों की समस्या हो, बड़कागांव में विस्थापितों की समस्या की बात हो, मांडू में जन समस्याओं की बात हो हर जगह स्थानीय और मूलनिवासी ठगे जा रहे हैं। जमीनों का अधिग्रहण हो रहा है लेकिन स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। बरही विधानसभा और हजारीबाग लोकसभा सीट पर निर्वाचित प्रतिनिधि इस माटी के नहीं हैं। हालांकि यह समस्या झारखंड के कई निर्वाचन क्षेत्रों की है। चूंकि हम बरही की माटी से संबंध रखते हैं इसलिए हम इस माटी से आवाज बुलंद करेंगे। बरही विधानसभा समेत हजारीबाग लोकसभा में जनता के सवाल और मुद्दे हाशिए पर चले गए हैं। जिससे हमारी पीढ़ियाँ पिछड़ रही है। हमारे माटी में हमारे साथ ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व में हकमारी हो रही है। इस हकमारी से माटी के लोगों के भीतर नेतृत्व का कौशल नहीं पनप पा रहा है। इस कारण एक बड़ी आबादी पिछड़ेपन का शिकार हो रही है। शिक्षा जैसे मसले पर इनका ध्यान नहीं है। आजादी के सात दशक और झारखंड निर्माण के दो दशक से अधिक हो गए हैं।

कुम्हारडिहा में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 30 अप्रैल से शुरू

राष्ट्रीय खबर

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के नयाटाँड़ के कुम्हरडीहा में 30 अप्रैल से कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू होगी,जो 4 मई तक चलेगा.यज्ञ को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रभु सिंह,सचिव अरघु महतो,कोषाध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, उप सचिव राजेंद्र महतो,मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर, जयपाल ठाकुर, पप्पू कुमार, मुरली महतो,हेमंत महतो,मनोज ठाकुर, अनूप रंजन, गौतम ठाकुर, विनोद महतो,बादल कुमार, भवानी महतो,छटू कुमार, कुंवर महतो, ब्रह्मदेव रवानी, राजेंद्र महतो, अशोक महतो,जागेश्वर प्रजापति,रविंद्र महतो,देंवाली महतो,कुलेश्वर ठाकुर समेत सभी सदस्यगण अहम योगदान दे रहे हैं. 30 अप्रैल को रांची विश्वविद्यालय के गोल्ड मेडलिस्ट संस्कृत ज्योतिष आचार्य उमेश पाठक द्वारा यज्ञ का विधि विधान करवाया जाएगा। प्रवचनकर्ता वाराणसी के सुश्री मिथलेश्वरी शास्त्री जी,1मई को देवघर के प्रवचन कर्ता रामानंद जी महाराज द्वारा प्रवचन दिया जाएगा।

अतिक्रमण

कुलीपाड़ा में बुलडोजर लगा से डेढ़ दर्जन दुकानों को किया ध्वस्त

नगर परिषद का रोजगार पचरा डंडा, डेढ़ दर्जन दुकानदार हुए बेरोजगार

बिना पुनर्वास कराए घोट दिया अरमानों का गला

नगर परिषद ने तीन - तीन बार भेजा रहा नोटिस

क्या कहते हैं सिटी मैनेजर

राष्ट्रीय खबर

साहिबगंज : नगर परिषद साहिबगंज ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर एक बार फिर से शहर में डेढ़ दर्जन सभी दुकानदारों को बेरोजगार कर दिया। गुरुवार की सुबह लगाकर शहर के कुलीपाड़ा में नगर प्रशासन ने भी तकरीबन डेढ़ दर्जन दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि नगर परिषद की ओर से दुकानदारों को पिछले कुछ समय से लगातार उक्त दुकान खाली करवाने की नोटिस दी जा रही थी। बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में नगर परिषद के सिटी मैनेजर ब्रेश कुमार की अगुवाई में नगर परिषद से निर्मित उक्त दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर नगर परिषद के अमीन कन्हाई रजक, सुभाष सिंह अनूप हरि, शिवकुमार हरि, संतोष कुमार, समेत अन्य कर्मी मौजूद थे। शहर के लंच घाट रोड के कुलीपाड़ा मोहल्ले में वर्ष 1963 में निर्मित नगर परिषद की 16 दुकानों को नगर परिषद में ध्वस्त कर दिया। नगर परिषद के पदाधिकारियों के अनुसार भवन प्रमंडल विभाग की ओर से उक्त सभी दुकानों को काफी समय पहले ही डैमेज घोषित कर दी गई, दुकानों से जानमाल को खतरा हो सकता था। इसी कारण दुकानदारों को पहले नोटिस भेजकर उक्त डैमेज दुकानों को खाली करने को कहा गया था। खाली करने के बाद ही डैमेज दुकानों को ध्वस्त कर उसके मलबे को वहां से हटा दिया गया। पीड़ित दुकानदारों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने उन लोगों का बिना पुनर्वास कराए उसके अरमानों का गला घोट दिया। कहा कि वे लोग बरसों से अपनी अपनी दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे।वह दुकान उन्नाव का जीने का एकमात्र सहारा था। ऐसे में दुकान तो दी जाने से वह लोग पूरी तरह से सड़क पर आ गए हैं।कहा कि बुधवार को वे लोग एसडीओ सह नगर परिषद के विशेष कार्यपालक पदाधिकारी राहुल जी आनंद जी से मिले थे। अपना दुखड़ा सुनाया था। कहा था कि सर, उनकी दुकान तोड़ने से वेलोग बेरोजगार हो जाएंगे। लेकिन उन्लोगो की एक नहीं सुनी गई। उन लोगों को हटिया परिसर में बने दुकान में शिफ्ट होने को कहा गया। हाट परिसर में बनी दुकानें एक कोने में है, ऐसे में उक्त दुकान में शिफ्ट होने से उन लोगों का रोजगार धंधा नहीं चल पाएगा, उनकी परेशानी जस की तस बनी रहेगी। इधर उन लोगों की दुकानें तोड़ दी गई है। अब वे लोग बेरोजगार हो गए हैं। अपने परिवार को कैसे पालेंगे? अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई कैसे करवाएंगे? उन लोगों के सामने बड़ा सवाल बन गया है। कुलीपाड़ा और कॉलेज रोड में बनी राजेंद्र मार्केट की दुकानों को तोड़ने के लिए नगर परिषद की ओर से संबंधित दुकानदारों को तीन तीन बार नोटिस भेजी गई थी। नोटिस भेजकर सभी दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों को हाट परिसर के नवनिर्मित दुकानों में शिफ्ट होने को कहा गया था। वहीं प्रभावित दुकानदारों का कहना था कि वर्तमान में उनकी यह दुकान मुख्य मार्ग पर है। यहां उन लोगों का धंधा ठीक-ठाक चल रहा है। जबकि हाट परिसर में बनी दुकानें शहर के एक कोने में स्थित है। ऐसे में उन दुकानों में शिफ्ट होने से भी उन लोगों को कोई फायदा नहीं होता। दरअसल मई 2021 में आई यास तूफान के चलते कॉलेज रोड का आसपास का इलाका जलमग्न हो गया था। कहा कि सभी प्रभावित दुकानदारों को हाट परिसर में निर्मित नगर परिषद की दुकानों में शिफ्ट करने को कहा गया है।

न्यूज फटाफट

सुशीला करकेट्टा की खूंटी से राजनैतिक पृष्ठभूमि हुई तैयार : शैलेन्द्र यादव

हजारीबाग : हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार की पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुशीला करकेट्टा की 84 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने कहा कि इनका जन्म सिमडेगा जिले में हुआ था । तब इनके पिता सिमडेगा कोर्ट में कार्यरत थे । बाद में सुशीला केरकेट्टा खूंटी चली गई और वंही से ही उनकी राजनैतिक पृष्ठभूमि तैयार हुई । 1985 से 2000 तक लगातार तीन बार विधान सभा की सदस्य रही 1985 से 1988 तक लघु सिंचाई विभाग के राज्यमंत्री तथा 1988 से 1990 तक ग्रामीण खाद्य आपूर्ति के कैबिनेट मंत्री रही । 1990 से 1995 तक खान और भू-विज्ञान विभाग के कैबिनेट मंत्री 1900 से 2000 तक कांग्रेस पार्टी बिहार विधान सभा के उप नेता रहीं ।सन् 2000 में 14 वीं लोक सभा के लिए चुनी गई तथा बिहार विभाजन के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रदेश अध्यक्ष जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रही । जयंती कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, रविन्द्र प्रताप सिंह, कजरू साव, दिलीप कुमार रवि, मिथिलेश दुबे, गुड्डू सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, सदरूल होदा, विजय कुमार सिंह, भैया असीम कुमार, बाबर अंसारी, जावेद इकबाल, अमृतेष रंजन, शशि कांत यादव, पप्पू कुमार यादव, अंकुश सिंह, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, तस्लीम अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

पानी की समस्या से जूझ रहा पालगंज, कई जलमीनार एवं चापाकल खराब

पीरटांड़ : पीरटांड़ प्रखंड स्थित पालगंज पंचायत के कई जलमीनार एवं चापानल खराब होने से ग्रमीणों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें कि पालगंज के वार्ड नम्बर नौ की बद से बद्तर है शिव मंदिर में लाखों रुपए खर्च कर गांव में जल मीनार तो बना दिया गया लेकिन पानी कब मिलेगा पता नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनार बनने के बाद कुछ महीनों तक पानी नसीब तो हुआ,लेकिन कुछ ही दिन के बाद से पानी मिलना बंद हो गया।यह जलमीनार लगभग पिछले साल से खराब पड़ा हुआ है।जिसे गांव के कई मुहल्लों में लोगों को पानी का दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोग अभी भी पानी के लिए आस लगाए बैठे हैं कि शायद पानी का नसीब हो जाए। ठेकेदार एवं विभाग के लड़ाई के बीच मशीन खराब पड़ा हुआ है। जल मीनार सोलर प्लेट के माध्यम से पानी की आपूर्ति किया जाता था। अब हर समय ग्रामीणों को सोलर प्लेट चोरी हो जाने का डर सता रहा है । वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से सूचना दी गई है जिसके बाद भी आज तक जल मीनार चालू नहीं हो पाया है।आखिर 4 साल से खराब पड़ा जलमीनार की देखरेख करने वाला कौन है,न ही अधिकारी इसकी सुध ले रहे है ओर न ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा कोई कदम उठाया जा रहा है।

71 मरीजों की हुई जांच, चिकित्सकों ने मरीजों को दी उचित परामर्श

हजारीबाग: हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं एन.एस.एस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिन गुरूवार को सदर प्रखण्ड स्थित सिलवार कला में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में निशुल्क दंत जांच के साथ निशुल्क आंख का जांच एंव निशुल्क ब्लड का जांच भी किया गया। शिविर का लाभ कुल 71 मरीजों ने लिया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया। चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। दांतों की देखभाल के लिए विशेष रूप से जानकारी दी। उक्त अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने निशुल्क बुनियादी उपचार के प्रति डेंटल कॉलेज का आभार जताया। डेंटल टीम व मेडिकल टीम की सरहाना की। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि मुंह एवं दांत के उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श ले। उन्होंने बताया कि डेंटल कॉलेज का आदर्श वाक्य कम लागत मे बुनियादी व गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा प्रदान करना है। अन्य उपचारों में मरीजों को 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। वहीं सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. सौम्या राज ने विभिन्न बीमारियों एवं उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। शिविर के दौरान डॉ कुमारी रानी, डॉ. अंशु गुप्ता, डॉ. सायन मित्रा, डॉ. अल्का सिंह, डॉ. अंशु गुप्ता, डॉ मुकेश महतो, डॉ अनिमेष हर्षित, डॉ सोनल सिंह एंव डॉ राज कुमार गुप्ता ने अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी। शिविर की व्यवस्था में जन स्वास्थ्य संपर्क अधिकारी राजकुमार दास ने काफी सहयोग किया।

भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बने बालेश्वर महतो

बडकागांव : बड़कागांव भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी के द्वारा बड़कागांव निवासी बालेश्वर महतो की संगठन में सक्रियता को देखते हुए उन्हें ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव मनोनीत जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी ने जो विश्वास जताते हुए दायित्व सौंपा है उस पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। पार्टी के नीति ,सिद्धांत और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा कर पार्टी को और सशक्त बनाने का काम करूंगा । इनके मनोनयन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी ,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो , भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बिनोद भगत ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोरी राणा,रामपति राम, मोर्चा के जिला महामंत्री महेंद्र ठाकुर ,रामचंद्र चौधरी , महामंत्री कैलाश कुमार, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद ,टुकेश्वर प्रसाद, बालेश्वर कुमार ,नरसिंह प्रसाद ,पूनम साहू, खेमलाल महतो ,नगर पुर्वी अध्यक्ष राकेश वर्मा ,नगर पश्चिमी अध्यक्ष रामजी गुप्ता, इंद्र भूषण, जमुना महतो ,अयोध्या यादव, जिला सह मीडिया प्रभारी तुलसी प्रसाद ने हर्ष व्यक्त किया।

राष्ट्रीय ख़बर प्रदेश
हमारी नज़र
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

प्रदेश >> अपडेट

जिलाध्यक्ष ने किया कौलसेंटर का उद्घाटन

पाकुड़ : भाजपा जिला कार्यालय में विधिवत पाकुड़ जिला कौलसेंटर का उद्घाटन जिला अध्यक्ष अमृत पांडे, प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक ,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मीरा परवीन सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष संपा साहा पूर्व जिप अध्यक्ष बाबू धन मुर्मू , किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शबरी पाल ने फीता काटकर किया। कौलसेंटर से रोजाना ज़िले भर के नेताओं, कार्यकताओं से संपर्क किया जायेगा ।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

15 मई को होगा मुख्यमंत्री आवास का घेराव : रामानुज

पाकुड : झारखंड राज्य के गृह रक्षक 15 मई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे इसकी जानकारी देते हुए झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जीसरकार ने दी है। इसकी जानकारी निवेदक रामानुज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के पूर्व जो वादे किए थे। वह चुनाव के बाद राज्य के रक्षकों को सिर्फ खाली हाथ रहना पड़ा इस पर कोई विचार नहीं आया। न्यायालय द्वारा आदेश देने के बावजूद भी राज्य के जवान को समान काम समान वेतन का अवसर प्राप्त नहीं हो सका। जबकि अन्य प्रदेशों में यह लागू हो चुकी है ।यह इस राज्य के लिए बहुत ही चिंतनीय विषय है कि सरकार कोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं कर रही है। वहीं अगर बिहार राज्य को देखा जाए तो बिहार राज्य को समान काम का समान वेतन के साथ-साथ राज्य के गृह चक जो रिटायरमेंट हो जाते हैं उन्हें डेढ़ लाख रुपए तक राशि दी जाती है। 12 माह रोजगार प्राप्त है। भारत का सबसे धनी राज्य झारखंड सबसे गरीब अवस्था में जी रहा है। सरकार को सिर्फ अपना वेतन बढ़ाने से मतलब है। जिसके कारण राजधानी रांची में 15 मई को विशाल रैली होगी।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

एसकेएमयू के पीजी का परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी

दुमका : सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पीजी का परीक्षा फार्म भरने की तिथि जारी हो गई है। परीक्षा फार्म 30 अप्रैल तक भरे जायेंगे। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-24 के पीजी सेमेस्टर 1 परीक्षा 2022 एवं सत्र 2021-23 के सेमेस्टर 3 का परीक्षा 2022 परीक्षा फार्म ऑनलाईन बिना विलंब शुल्क के 30 अप्रैल तक भरे जायेंगे। विलंब शुल्क 500 रुपए के साथ 1 से 4 मई तक परीक्षा फार्म ऑनलाईन भरने की तिथि निर्धारित है। छात्र-छात्राएं को ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के बाद हार्ड कॉपी कॉलेज एवं विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

डिजिटल लेनदेन के लिए सक्षम केंद्र का हुआ उद्घाटन

दुमका : जेएसएलपीएस के तत्वाधान में आजादी के अमृत महोत्सव 2.0 अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल लेनदेन के बढ़ावा दिया जा रहा। क्लस्टर का पुराना दुमका पंचायत भवन में पुराना दुमका आजीविका महिला संकुल संगठन के पदाधिकारियों ने फीता काटकर विधिवत तरीके से सक्षम केंद्र का उद्घाटन किया। सक्षम केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश में निवास कर रहे हर एक परिवार को वित्त के बारे में साक्षर करना है। जिससे लोगो को बचत कैसे करना हैं। बीमा क्यों करवाना चाहिए, पेंशन क्या है, बैंक क्यों जरूरी हैं, फ्रॉड से सावधान कैसे रहें इत्यादि के बारे में लोगो को जागरूक करना हैं। मौके पर कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस के वाईपी प्रिया धार द्वारा बीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं सभी दीदियों को अपने साथ साथ अपने पतियों और 18 साल से ऊपर के सभी बच्चों का बीमा करवाने तथा मई महीने के अंतिम सप्ताह में बीमा रेनीन्यूअल के लिए अपने अपने खाते में पैसा जरूर रखने का आवाह्न किया गया।

अपराध

जिले के हरिहरगंज पत्थरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत

अज्ञात अपराधियों ने की पत्थर से कूचकर बुजुर्ग किसान की हत्या,जांच में जुटी पुलिस

▶▶ बुधवार देर शाम की गांव से महज सौ मीटर की दुरी पर हुई है

▶▶ फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चला है

राष्ट्रीय खबर

हरिहरगंज/पलामू : जिले के हरिहरगंज पत्थरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत एकौनी गांव निवासी 55 वर्षीय बुजुर्ग किसान को अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कुचलकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी। मृतक रामस्वरुप यादव की पहचान एकौनी गांव के पूरन यादव के पुत्र के रूप में हुई है। घटना बीते बुधवार देर शाम की गांव से महज सौ मीटर की दुरी पर हुई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर गुरुवार की अहले सुबह हरिहरगंज के एसआई निर्भय कुमार, निरंजन कुमार, शिवशंकर उरांव और पत्थरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजने के साथ ही घटना की छानबीन शुरू की। इस संबन्ध में मृतक के बहु अंजु देवी ने बताया कि बुधवार की शाम 6:30 बजे गाय भैंस को खूंटे में बांधकर घर से दक्षिण के ओर निकले थे जो फिर लौटकर नहीं आए। इसके बाद उसी रात उन्हें खोजबीन भी किया। जबकि गुरूवार की सुबह में नित्यकर्म के लिए गईं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा हड़ही नदी में खून से लथपथ शव पड़े होने की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों को दी गई। बताया गया कि मृतक की पत्नी सोनकलिया देवी अपने रिश्तेदार के घर गई थी। जबकि मृतक का एकलौता पुत्र शिवनंदन यादव भी घर पर नहीं था। इस संबन्ध में पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि मृतक के सिर को पत्थर से कुचला गया है। घटना स्थल पर खून से रंगे पत्थर भी बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चला है। इस दौरान घटना की जानकारी मिलने पर सरसोत पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, कमलेश यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, अमरेश यादव सहित आस पास के सैकडों ग्रामीण भी पहुंचकर संवेदना जताई ।

न्यूज फटाफट

30 अप्रैल को होगा मन की बात प्रसारण का 100 वां एपिसोड लोग बेसब्री से कर रहे हैं इंतजार -हिसाबी

पाकुड : भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 100 वां एपिसोड इस महीने के अंतिम रविवार 30 अप्रैल को प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए पाकुड़ जिला ऑटो-ई-रिक्शा ऑनर्स-चालक एसोसिएशन की बैठक अध्यक्ष हिसाबी राय की अध्यक्षता में रेलवे मदन पाकुड़ में आयोजित किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री राय ने कहा कि 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे के दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम प्रसारण शुरू की शुरूआत की थी। जिसका 30 अप्रैल को 100 वां एपिसोड पूरा होने जा रहा है। इस एपिसोड को सुनने के लिए पाकुड़ जिला ऑटो-ई-रिक्शा ऑनर्स-चालक एसोसिएशन के कार्यकर्ता भी प्रसारण को सुनेंगे। एसोसिएशन के सचिव अनिकेत गोस्वामी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात के जरिए देश की जनता को छोटे-छोटे प्रयोग कर समाज को सही और सकारात्मक दिशा देने का काम किया है। हर जनमानस को यह कार्यक्रम सुनना चाहिए और पाकुड़ जिला ऑटो-ई-रिक्शा ऑनर्स-चालक एसोसिएशन भी इस कार्यक्रम को सुनने के लिए उत्साहित हैं।

कोल कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने फिर किया नारा बुलंद

शिकारीपाड़ा : जहां एक और कोल कंपनियां शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में प्रस्तावित एवं आवंटित कोल ब्लॉक में कोयले का उत्खनन करने के लिए कोशिश में लगी हुई है। वहीं ग्रामीण एवं जमीन के रैयत लगता है कि ठान चुके हैं कि अपनी जमीन को कंपनियों को नहीं देना है। बताते चलें कि शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के शहरपुर जमरूपानी कोल ब्लॉक उत्तर प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड लिमिटेड को आवंटित है। इसके अलावा भी संथाल परगना प्रमंडल के दुमका जिला में लगभग 11 कोल ब्लॉक आवंटित है।

एलीट पब्लिक स्कूल के बच्चों को दिया गया खसरा और रूबेला का टीका

▶▶ 236 बच्चों को सफलतापूर्वक एमआर टीकाकरण किया गया

राष्ट्रीय खबर

पाकुड़: जिले के चक बलरामपुर में स्थित एलीट पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा खसरा और एमआर (रूबेला मीजल्स) टीका दिया गया। एलीट स्कूल के डायरेक्टर अरविंद साह ने बताया कि 236 बच्चों को सफलतापूर्वक एमआर टीकाकरण किया गया। प्रचार्या अनुपमा साहा ने बताया कि नर्स द्वारा बच्चों को टीकाकरण से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। एक दिन पूर्व अभिभावक - शिक्षक संघोषटी रखी गई थी जिसमें डॉ0 मनीष कुमार सिन्हा, ऊफउल्लड तथा विनोद वर्मा, ऊवल्लट उपस्थित थे। जिन्होंने टीकाकरण के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी तथा उनके सवालों के जवाब दिये। वहीं, एलीट पब्लिक स्कूल के बच्चों को खसरा और रूबेला का टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा आई हुई सात एनम तथा सहीया द्वारा सफलतापूर्वक दिया गया। बता दें कि सभी सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में एम-आर का टीका दिया जा रहा है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थे जिनके बिना यह कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता।

बालू का अवैध ना करें भंडारण पकड़े जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर

महेशपुर (पाकुड़): बालू के अवैध उत्खनन एवं भंडारण के खिलाफ बुधवार देर रात सीओ रितेश जायसवाल ने थाना प्रभारी संतोष कुमार के साथ थाना क्षेत्र के डूमरघट्टी- धनजोड़ी गांव के पास अवैध रूप से डंप किए काफी मात्रा में बालू को जब्त किया है। इस संबंध में सीओ रितेश जायसवाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि धनजोड़ी गांव के स्थित एक पहाड़ के पास काफी मात्रा में बालू डंप करके रखा गया है। उपायुक्त के निर्देश पर पुलिस अधिकारी के साथ छापेमारी कर बालू को जब्त कर लिया गया। बताया कि जिस जगह पर बालू डंप किया गया है व स्थल दुमका, पाकुड़ जिले के बॉर्डर के समीप है। बालू को जब्त कर थाना प्रभारी को हैंड ओवर कर दिया गया है। अभी इस बात की जांच की जा रही है, कि जिस जमीन पर बालू डंप कर रखा गया था। वह जमीन रैयत की है या फिर वन विभाग की,जांच के बाद अगर यह बात सामने आती है कि वन विभाग की जमीन है तो आगे की कार्रवाई के लिए वन विभाग को सूचित किया जाएगा और अगर किसी रैयत की जमीन है तो संबंधित जमीन के रैयत तथा उस जमीन पर अवैध रूप से डंप बालू रखने वालों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि जब्त किए गए बालू को वर्तमान में चौकीदार की निगरानी में रखा गया है। वहां से बालू को थाने लाने की प्रक्रिया की जा रही है अवैध रूप से डंप बालू को जब्त किए जाने के बाद से बालू के अवैध धंधे से जुड़े माफियाओं के बीच बेचैनी का माहौल व्याप्त है। थाना प्रभारी ने बताया कि लगभग 40 से 50 ट्रैक्टर बालू डंप करके रखा गया है।

पीएम आवास योजना के लाभुकों के बालू उठाव को प्रशासन ने दी स्वीकृति

गरीब लाभुकों को मिलेगा लाभ : कर्नल संजय

राष्ट्रीय खबर

पलामू: जिला प्रशासन द्वारा पलामू जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास कार्य हेतु बालू उठाव का स्वीकृति मिलने के बाद किसानों में खुशी की लहर है। वैसे गरीब किसान जिनका प्रधानमंत्री आवास बालू के अभाव में अवरोध था तथा सरकार द्वारा समय पर आवास का निर्माण नहीं पूरा करने के चलते व्याज सहित आवास का पैसा वापस लेने की नोटिस भी जारी की जा चुकी थी। उनको अब बड़ी राहत मिली है। इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा सीमेंट छड़, ईट भट्ठा, ट्रेक्टर व्यापारियों, राज मिस्त्री, दैनिक मजदूर के मंद पड़े धंधा भी पुनः चालू होगें। उक्त बातों की जानकारी भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को हुसैनाबाद अनुमंडल के मैदान में किया गया किसानों का विशाल महापंचायत के माध्यम से मैंने प्रशासन से बालू उठाव पर लगे रोक को हटाने का लिखित आग्रह किया था। उसके बाद दिनांक 3 अप्रैल 2023 को पलामू उपायुक्त को बालू उठाव संबंधित ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू की स्विकृति मांगी थी । तथा इसी महीने 21 अप्रैल 2023 को महामहिम राज्यपाल को हमारे नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपकर बालू के अभाव में हो रहे समस्याओं से अवगत कराया था तथा प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य विकास कार्यो के लिए सरकार से बालू की स्विकृति दिलाने की आग्रह किया था। आज उसी का नतीजा है कि पलामू जिला प्रशासन के तरफ से बालू उठाव के लिए स्वीकृति मिला है। इसके लिए हमलोग समस्त क्षेत्र वासियों की तरफ से पलामू उपायुक्त सहित महामहिम राज्यपाल तथा उनके अधिनस्थ सभी पदाधिकारी गणों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हक के लिए हमारा लड़ाई आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर भुनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि ये सैन्य प्रकोष्ठ के संयोजक कर्नल संजय सिंह के अथक प्रयास से ही बालू उठाव का आदेश पारित किया है। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब किसानों ने कर्नल संजय को साधुवाद दिया है। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, विजय चौहान, अमित सिंह, मनोहर सिंह, समाजसेवी लालधन ठाकुर, अजय सिंह, सत्यनारायण यादव, अशोक सिंह, गणेश प्रजापति, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पंचायत दिवस के अवसर पर सीओ ने किया पंचायत का निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

महेशपुर (पाकुड़): पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को सीओ रितेश जायसवाल ने प्रखंड के रोलाग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। सीओ ने रोलाग्राम पंचायत भवन में पंचायत के मुखिया नरेश मुर्मू एवं ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि पंचायत भवन में बैठक के क्रम में आवास से संबंधित एक आवेदन, ग्रीन कार्ड से संबंधित एक आवेदन, कूप मरम्मती से संबंधित एक आवेदन तथा प्रामाणिक नियुक्ति से संबंधित जांच प्रतिवेदन देने के लिए एक आवेदन प्राप्त हुआ है। आपूर्ति विभाग के निरीक्षण के क्रम में नारी शक्ति एसएचजी की जांच की गई। उनके द्वारा पीएच एवं अंत्योदय का 31 क्विंटल 72 किलोग्राम चावल का उठाव किया गया पाया गया। साथ ही 31 क्विंटल का वितरण तथा 72 किलोग्राम अवशेष चावल पाया गया। गेंहू के संबंध में पीएच एवं अंत्योदय में आठ क्विंटल 18 किलोग्राम का उठाव किया गया पाया गया। जिसमें आठ क्विंटल का वितरण तथा 18 किलोग्राम गेंहू अवशेष पाया गया। अमीना बीबी के आवास निर्माण कार्य की जांच की गई। जिसमें अबतक प्रथम किश्त के रुप में 40 हजार रुपए की निकासी की जा चुकी थी। लिंटन स्तर तक का कार्य पूर्ण पाया गया। एवं ढलाई कार्य प्रक्रियाधीन था। प्राथमिक विद्यालय रोलाग्राम की जांच की गई। नामांकित 128 बच्चों में 53 बच्चे उपस्थित पाए गए। दो शिक्षिकाएं उपस्थित पाई गई। मध्या? भोजन योजना संचालित था। अब्दुल बसर रोजगार सेवक की प्रतिनियुक्ति पंचायत दिवस के लिए रोलाग्राम पंचायत भवन में की गई थी। पर वह अनुपस्थित पाए गए। साथ ही राजस्व उप निरीक्षक सुबल चंद्र सिंह भी अनुपस्थित पाए गए हैं।

समीक्षा

20 सूत्री की बैठक में विभागों का लचर प्रदर्शन आया सामने

कार्यशैली व प्रदर्शन सुधारें अधिकारी: गोपाल

राष्ट्रीय खबर

पलामू : छतरपुर प्रखंड बीस सूत्री की दूसरी बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में की गई जिसकी अध्यक्षता बिससूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित विभागों की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान जन वितरण प्रणाली के कार्य पर सवाल उठाते हुए बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर प्रखंड में जिस महीने में जिला से आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है । उस महीने में भी लाभुकों को पीएमजीवाई का अनाज का वितरण दिखाया गया है जबकि जिस माह का अनाज मिला है उसके बावजूद भी लैप्स दिखाया गया है जो एक गंभीर मामला है जिसके जवाब में एमओ ने कहा कि यह सारा गोलमाल सरकार के द्वारा किया जा रहा है । जिस पर श्री सिन्हा ने आपत्ति जताई एवं इसकी सूचना सरकार को देने की बात कही गई पशुपालन विभाग के कार्यों पर असंतुष्टि जताते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभार्थियों के चयन में अनियमितता बताई गई। साथ ही नगर पंचायत से एक भी लाभुक का चयन नहीं किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया।

पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि प्रखंड में पशुओं के गभार्धान हेतु 8 लोगों को नियुक्त किया गया है । जिसमें सिर्फ तीन ही लोग काम कर रहे हैं । इस पर उन्हें निर्देश दिया गया कि शेष 5 लोगों को से सरकार से प्राप्त संसाधन को वापस लिया जाए एवं किसानों से क्रॉस वेरिफिकेशन के द्वारा यह पता किया जाए की पशुओं को सरकार के निदेर्शानुसार गभार्धान कराया जा रहा है या नहीं किसी भी हालत में अवैध वसूली को स्वीकार नहीं किया जाएगा । बैठक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहरा ही के जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला उठाया गया। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अभिलंब विद्यालय के जमीन की माफी कराकर सीमांकन कराने का आदेश दिया आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मनरेगा योजना में हर एक पंचायत से पांच योजनाओं को तत्काल जारी करने का निर्देश सरकार से प्राप्त है जिससे संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई । जिस पर बिससूत्री के उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक माह में मनरेगा योजना अंतर्गत कितने श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग की गई और कितने श्रमिकों को कार्य या बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराया गया से संबंधित रिपोर्ट सूत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएं छतरपुर अंचल के जमीन सम्बंधित कागजात किसी दलाल के घर पर उपलब्ध होना विभाग एवं कागजातो के सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा करता है। जिस पर अंचलाधिकारी द्वारा सरकारी भवन में सभी कागजातों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया ।

झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आह्वान पर कलम बंद कार्य बहिष्कार सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय खबर

महेशपुर (पाकुड़): झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आवाहन पर गुरुवार को प्रखंड के जन सेवकों ने कलम बंद कार्य बहिष्कार किया तथा बीडीओ उमेश मंडल को ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए जन सेवक सुमित कुमार मिश्रा ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से 2012 में नियुक्त जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 करने के विरोध में कलमबंद कार्य बहिष्कार का किया गया। बताया गया कि अब प्रतिदिन जनसेवक कार्यालय आकर उपस्थिति बनाएंगे। परंतु किसी प्रकार का कार्य का निष्पादन नहीं करेंगे। बताया कि जन सेवकों की ओर से कृषि मंत्री, कृषि सचिव और कृषि निदेशक के इस निर्णय की घोर निन्दा की गई। वहीं कर्मियों को अनावश्यक परेशान करने वाला कदम बतलाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इसे यथाशीघ्र रद करते हुए कृषि मंत्री को पद से मुक्त करने की मांग की है। वहीं कृषि सचिव और कृषि निदेशक पर कार्रवाई करने की मांग की गई। पत्र रद्द नही होने की स्थिति में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने की स्थिति से भी इंकार नहीं किया।

शहर ›› अपडेट

अस्पताल प्रबंधन समिति की हुई बैठक

पेटरवार : पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा प्रभारी के कक्ष में गुरुवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की मासिक बैठक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन राज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एम्बुलेंस चालक के वेतन, कैंटीन संचालन, बिजली की समस्या, आयुष्मान डेस्क निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर गहंतापूर्वक चर्चा की गई।

सिटी अपडेट्स ››

कार्यपालक अभियंता ने पंचखेरो जलाशय योजना का निरीक्षण किया

मरकच्चो: प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो से महज एक किलोमीटर दूरी पर स्थित पंचखेरो जलाशय योजना का निरीक्षण कार्यपालक अभियंता प्रभाकर दास जल पथ प्रमंडल बरही (हजारीबाग) के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जलाशय का दायां मुख्य नहर और बायां मुख्य नहर दोनों नहर के आउटलेट गेट खोल कर जायजा लिया। अनावश्यक तरीके से बड़े पमाने पर बह रहे पानी को रोकने हेतु निरीक्षण किया और लाइनिंग आउटलेट इत्यादि सभी कार्यो का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ जलाशय मेड़ पर बने रोड का जर्जर व टूट-फूट को देखते हुवे मरम्मत की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान सतीश कुमार सहायक अभियंता, कनीय अभियंता अंकित कुमार, प्रभात कुमार साथ में मौजूद थे। वही कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दिया कि सभी जर्जर कार्य का प्राक्कलन बनाकर स्वीकृति हेतु सरकार को भेजा गया है और पचखेरो में फंड दो वर्षो से नही मिला है। फंड मिलने के तुरंत बाद संविदा निकाल कर सभी कार्यो की मरम्मत करवा ली जाएगी।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

नीरू पहाड़ी सपही ढोढाकोला रोड़ के लिए ग्राम सभा आयोजित

कोडरमा: इंदरवा पंचायत मुखिया उमा देवी की अध्यक्षता में नीरू पहाड़ी सपही रोड़ के लिए ग्राम चितरपुर रा प्रा विद्यालय के प्रांगण में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में पथ निर्माण विभाग, प्रमंडल कोडरमा के कार्यपालक अभियंता सहित विभाग के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। वन विभाग के व्यवधान के कारण कई वर्षो से यह रोड़ निर्माण के लिए अधर में लटका हुआ है। जिससे इस रोड़ पर चलना काफी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह पर सड़क इतनी खराब है कि लोग वाहन से चलने के बाद पैदल से भी ज्यादा कष्टदायक लगता है। सड़क निर्माण कार्य के पूर्व रैयतों का मुआवजे की मांग को लेकर प्रस्ताव रखा गया व मुआवजे के बाद ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जा सकेगा तथा ग्रामीणों व रैयतों के तरफ से यह भी प्रस्ताव रखा गया कि भविष्य में अगर बस व टैक्सी स्टैंड का प्रस्ताव नीरू पहाड़ी में सरकार द्वारा लिया जाता है तो प्राथमिकता मूल रैयतों व चितरपुर वासियों को ही मिलना चाहिए। इस मौके पर इंदरवा पंचायत समिति सदस्य ललिता देवी, वार्ड सदस्य राजकुमार यादव, इंदरवा वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष कन्हाई यादव, दिलीप यादव और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने धरना को समर्थन दिया

कोडरमा: तिलैया थाना कांड संख्या 103/23 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष मृतक प्रदीप यादव की पत्नी सरिता देवी एवं उनका भाई पप्पू यादव अपने बाल बच्चों के साथ हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

बैठक

बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें: रामधन

टीबी मुक्त पंचायत को लेकर हुई बैठक

- स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें
- टीबी से संक्रमित मरीजों द्वारा जहॉ-तहॉ थूकने से स्वस्थ व्यक्तियों में टीबी संक्रमण का खतरा बना रहता है,
- शुगर बिमारी से ग्रसित मरीजों को टीबी का स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए,

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: गुरुवार को डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार, कोडरमा में टीबी मुक्त पंचायत से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव की उपस्थिति में जिले के सभी प्रखण्ड से आये जिला परिषद सदस्य एवं मुखिया मौजूद रहे।

जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी के संभावित लक्षण होने पर स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें। टीबी से संक्रमित मरीजों द्वारा जहॉ-तहॉ थूकने से स्वस्थ व्यक्तियों में टीबी संक्रमण का खतरा बना रहता है, एवं शुगर बिमारी से ग्रसित मरीजों को टीबी का स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए, रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी के कारण टीबी का खतरा बना रहता है।

उप विकास आयुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से टीबी बिमारी के तहत सरकार द्वारा उपलब्ध उपचार की सुविधा एवं मरीजों को उपचार अवधि तक दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की विस्तृत जानकारी दी।

डीपीसी (यक्ष्मा) अखिलेश कुमार ने बताया कि झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2024 के अंत तक टीबी मुक्त झारखण्ड का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जिला, प्रखण्ड स्तर पर सभी प्रखण्ड़ों के पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं सभी पीआरआई सदस्यो के साथ संयुक्त रूप से टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु आग्रह किया गया। एसटीएलएस प्रकाश कुमार रवि ने बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को यक्ष्मा की बिमारी से संबंधित विस्तृत जानकारी, जिले में उपलब्ध यक्ष्मा की जॉच एवं ईलाज से अवगत कराया तथा नियमित दवा का सेवन नहीं करने से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया।

11 केन्द्रों पर 2206 अभियार्थी होंगे शामिल

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 29 को

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2023 (वर्ग छह के लिए) 29 अप्रैल को जिले के 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। इसमें 80 बच्चों का चयन किया जायेगा। इसमें जिले के 11 केन्द्रों पर 2206 अभियार्थी शामिल होगें। यह जानकारी नवोदय विद्यालय पुतो की प्राचार्य महुआ गुहा राय ने दी। उन्होंने बताया कि जिले के रामेश्वर मोदी महादेव मोदी प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवारा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उरवां, चंदवारा, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय जयनगर, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय जयनगर, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय देवीपुर मरकच्चो, राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय, बासोडीह सतगावां, सीएम +2 उच्च विद्यालय डोमचांच, इंटर कॉलेज डोमचांच परीक्षा केन्द्र पर चयन परीक्षा आयोजित होगी।

लगभग डेढ़ माह से हाथियों का झुंड बेहरवा जंगल में विचरण कर रहे हैं

हाथियों का झुंड कर रहा फसलों का नुकसान

राष्ट्रीय खबर

मरकच्चो: बेहरवा जंगल में इन दिनों डेढ़ माह से हाथियों का झुंड ने अपना बसेरा बना लिया है। लगभग डेढ़ माह से हाथियों का झुंड बेहरवा जंगल में विचरण कर रहे हैं। दिन भर जंगलों में आराम करने के बाद जंगल से सटे गांव पपलो, अम्बाडीह, खण्डहरारडीह, बिंधनिया, हरलाडीह, जामु समेत कई गांवों में किसानों के द्वारा लगाए गए गेंहू फसल को चट करने के बाद जेठुवा फसल भिंडी, खीरा, ककड़ी, कदु, कटहल का छोटा पौधा, केला पौधा को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग के रेंजर रविंद्र कुमार, सिपाही अभिमन्यु कुमार, केटलगार्ड अफताब आलम, दामोदर पंडित, शारदा सिंह समेत कई वन कर्मियों ने 3 दिन पूर्व हाथियों के दल को बेरहवा जंगल से रास्ता दिखाते हुए बराकर नदी के तलहटी में भेज दिया था। लेकिन दूसरे ही दिन मंगलवार को हाथियों का झुंड जंगल में पहुंच गया है। सूचना मिलने पर वन कर्मियों के द्वारा फिर से उन्हें रास्ता दिखाते हुए बराकर नदी के किनारे कर दिया गया है। हाथियों के झुंड के द्वारा पिछले डेढ़ माह से बेरहवा जंगल से सटे गांवों में उत्पात जारी है जिससे अगल-बगल के ग्रामीण काफी दहशत में हैं।

बिरहोर बच्चों के वैन को रोकने वाले रेंजर पर कार्यवाई की मांग

- जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है
- पिछड़े आदिवासी समुदाय पेट काट कर अपने बच्चों को किसी तरह पढ़ा लिखा रहें है

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा : बिरहोर समुदाय के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में अवरोध उत्पन्न करने वाले रेंजर रामबाबू पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने इसमें कहा कि राज्य के धरोहर एवं पहचान माने जाने वाले आदिम जनजाति (आदिवासी) समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन अपने उत्कृष्ट प्रयासों से उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसे में कोडरमा जिले के फुलवरिया एवं डुमरियाटांड जैसे जंगली एवं मूलभूत सुविधाओं से वंचित क्षेत्र में गरीबी एवं पिछड़ेपन का दंश झेलकर जीवन यापन कर किसी तरह मासूम बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की जद्दोजहद कर रहे आदिम जनजाति के स्कूली छात्रों का वैन रोककर रेंजर रामबाबू राम द्वारा घर आने से वंचित कर दिया गया। पिछड़े आदिवासी समुदाय पेट काट कर अपने बच्चों को किसी तरह पढ़ा लिखा कर नौकरी करवाने के सपने संजोए है ताकि वह भी समाज के मुख्यधारा से जुड़ कर सम्मान से जीवन जी सकें। लेकिन एक गैर जिम्मेदार सरकारी कर्मी द्वारा स्कूली वैन रोककर ना ही उनके मनोबल को तोड़ा गया है बल्कि एक बार फिर उन्हे अपेक्षित महसूस करने जैसी स्थिति को अंजाम दिया गया है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए उपायुक्त से आग्रह किया है कि आदिवासी समुदाय के स्कूली बच्चों के वैन को रोकने वाले रेंजर रामबाबू राम पर अविलंब कार्यवाही की जाय। ताकि भविष्य में ऐसे घृणित कृत्य की पुनरावृति किसी सरकारी कर्मी के द्वारा दोबारा ना हो सके।

कोडरमा जिले में अपराधियों का मनोबल बढ़ा- प्रकाश रजक

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा : तिलैया थाना कांड संख्या 103/23 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने को लेकर मृतक भंडरवा निवासी स्वर्गीय प्रदीप यादव की पत्नी सरिता देवी अपने बाल बच्चों एवं मृतक के भाई पप्पू यादव के साथ 26 अप्रैल से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हुई है। धरना के दूसरे दिन धरना को भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, जयनगर अंचल मंत्री अर्जुन यादव, कोडरमा अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव ने धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन देते हुए मृतक के परिजनों को साहस दिलाते हुए कहा कि आपका आंदोलन जायज है। तिलैया थाना पुलिस के निष्क्रियता के कारण मजबूरन अनिश्चितकालीन धरना पर बैठना पड़ा है। जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा पुलिस अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे पीड़ित परिवारों से कोई पदाधिकारी आज तक नहीं मिलने आया, ना कोई हालचाल जानने का कोशिश किया। इससे प्रतीत होता है कि पीड़ित परिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ही न्याय दिला पाएगी। श्री रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है एवं भू माफियाओं के चलते घटनाएं बढ़ रही है। इस संबंध में कोडरमा उपायुक्त को भी संज्ञान में लेने की जरूरत है। कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार गौरव से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है कि उक्त कांड के सभी अभियुक्तों को अविलंब गिरफ्तार किया जाय।

आस्था

श्याम मित्र मंडल ने पांच नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई

किसने सजाया तुझको बाबा, बड़ा प्यारा लागे बड़ा सोना लागे

- संगीता जेठवा ने किसने सजाया तुमको बाबा बड़ा प्यारा लागे बड़ा सोना लागे..
- सुधा पचीसिया ने थाली भर के लाई खीचड़ो..

राष्ट्रीय खबर

झुमरीतिलैया: श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का गुलाब के फूलों से श्रृंगार किया गया।भजन कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ शुरू हुई। इस अवसर पर मंडल के पांच नए सदस्य नवीन पंड्या, राजा चौरसिया, मनीष अग्रवाल बोटा, संतोष सिंदुरिया एवं राजेश शर्मा को प्रदीप खाटू वाला और रमेश कंदोई ने बाबा श्याम की तस्वीर प्रतीक चिन्ह के रूप में एवं दुपट्टा ओढ़ा कर सदस्यता ग्रहण कराया। कार्यक्रम का संचालन गिरधारी सोमानी ने किया। इसके बाद भजन गायक नवीन पंड्या ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं.. संगीता जेठवा ने किसने सजाया तुमको बाबा बड़ा प्यारा लागे बड़ा सोना लागे.. सुधा पचीसिया ने थाली भर के लाई खीचड़ो.. मनोज लड्ढा ने कब आएगा मेरा सांवरिया जाने कब आएगा.. राजा चौरसिया हारे का सहारा है तू सावरा.. पंकज केसरी एक आस तुम्हारी विश्वास.. दीपक बसंत हारे.. हारे..हारे.. तुम हारे के सहारे.. जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे।

मौके पर बृजमोहन महेश्वरी, सुशील पोगलियां, सुरेश पचीसिया, प्रमोद जायसवाल, संजय खेमानी, गणेश मजूमदार, प्रवीण सिंह, विवेक सहल, राजेंद्र वर्मा, नितेश जेठवा, पंकज तर्वे, रणधीर कपसीमे, विष्णु खटोर, श्याम चौधरी, किशोर पांडे, विशाल कपसीमे, शोभा खटोर, लता बसंत, लक्ष्मी लड्ढा, रश्मि लड्ढा तथा रामगढ़ की सीमा लाठा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम श्याम आरती और स्तुति के साथ संपन्न हुई।

न्यूज फटाफट

थाना दिवस पर जमीन विवादों का निपटारा किया गया

मरकच्चो: प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित थाना प्रांगण में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अंचलाधिकारी मरकचो राम सुमन प्रसाद ने की जबकि संचालन थाना प्रभारी मरकचो लव कुमार ने किया। अंचलाधिकारी मरकच्चो राम सुमन प्रसाद ने बताया कि थाना दिवस के मौके पर जमीन संबंधी विवादों का निपटारा किया जाता है। बुधवार को थाना दिवस के मौके पर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से आये जमीन संबंधी 15 से 20 मामले का निपटारा किया गया। इस मौके पर अंचल निरीक्षक आलोक कुमार, राजस्व कर्मचारी नीतीश कुमार, तालेश्वर राम, मरकचो थाना एएसआई शम्भू नाथ मिश्रा, संतोष कुमार समेत जमीन संबंधी दोनों पक्षो के दर्जनों रैयत लोग उपस्थित थे।

कोडरमा वासियों के लिए पुनःराहत बनकर बरसे मंत्री बादल

कोडरमा : झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख का कोडरमा जिला वासियों के प्रति विशेष लगाव रहा है। विगत माह मंत्री के कोडरमा आगमन पर कई जरूरतमंदों ने मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर आर्थिक सहायता हेतु गुहार लगाई थी जिस पर उन्होंने सहयोग हेतु आश्वस्त किया था। आज झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के टेलीफोन एक्सचेंज के सामने राहुल टी स्टॉल पर उपस्थित होकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने मंत्री के वैवेकिक कोष द्वारा प्रदत्त आर्थिक सहायता राशि का ड्राफ्ट लाभुकों के बीच वितरित किया। आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी आशीष पांडेय कांग्रेस नेता सहूद खान ने उपस्थित होकर लाभुकगण जिसमें मुख्य रुप से चाय दुकान चलाकर जीवन यापन कर रहे दिव्यांग अजय यादव, लिट्टी ठेला दूकानदार मुन्ना प्रसाद एवं दैनिक मजदूर उपेंद्र सिंह को ड्राफ्ट सुपुर्द किया। लाभुक अजय यादव जो दिव्यांग हैं ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था की मंत्री द्वारा सहायता राशि दी जाएगी । आज ड्राफ्ट पाकर मैं अपने चाय दुकान को सुचारू रूप से चला लूंगा। प्रदेश सचिव सहाय ने कहा कि पूर्व में भी दर्जनों जरूरतमंदों के बीच मंत्री द्वारा आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है और आगे भी कोडरमा के आम जनों के हर सुख दुख में मंत्री जी ने उपलब्ध रहने का विश्वास जताया है। मौके पर दीपक सिंह चौहान मो रजाक, संजय शर्मा उमेश कुमार उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी सेविकाओं को बच्चों के स्किल डेवलपमेंट पर प्रशिक्षण

कोडरमा: उपायुक्त कोडरमा के निदेशानुसार कोडरमा जिला के 100 आंगनवाड़ी सेविकाओ को पंचायत रिसोर्स सेंटर फरेंदा भवन मे बच्चों को शुरूआती शिक्षा, बच्चों को समुचित विकास करना और बच्चों की स्किल डेवलपमेंट आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने गुरुवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सेविकाओ को विभिन्न गतिविधियो की सहायता से आंगनवाड़ी केन्द्रों को कैसे और बेहतर किया जाए और आंगनबाड़ी केंद्रों आने वाले बच्चों को कैसे उनका सही स्किल डेवलपमेंट किया जाए आदि के विषय पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले सभी बच्चों का समुचित विकास करें। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी व अन्य मौजूद रहे।

मधुमक्खियों के हमले से दो मनरेगा कर्मी घायल

चंदवारा: प्रखंड क्षेत्र के बेंदी पंचायत मे मनरेगा योजनाओं के निरीक्षण के लिए गए मनरेगा कर्मियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले से मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुकुंद कुमार श्रीवास्तव, कनीय अभियंता अजय कुमार यादव घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुकुल कुमार श्रीवास्तव, कनीय अभियंता अजय कुमार यादव, पंचायत सेवक राकेश कुमार, रोजगार सेवक धीरेंद्र बेंदी पंचायत के बोंगादाग में मनरेगा के तहत बनने वाले कूप के लिए स्थल निरीक्षण करने गए थे। देर शाम निरीक्षण कर लौटने के क्रम में बोंगादाग -चोरहीचट्टान मार्ग घनघोर जंगल में अचानक मधुमक्खियों ने इस कर्मियों पर हमला कर दिया। बीपीओ मुकुंद कुमार श्रीवास्तव एवं कनीय अभियंता अजय कुमार यादव मधुमक्खियों के हमले से बुरी तरह से गिर गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो द्वारा इन्हें इलाज के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां बीपीओ श्रीवास्तव को लगभग दो घंटे के बाद होश आया, फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं।

जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल को

मरकच्चो: जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा-2023 शनिवार 29 अप्रैल को होगी। मरकच्चो प्रखण्ड में दो परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय मरकच्चो तथा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय देवीपुर है। सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय मरकच्चो के केंद्राधीक्षक धर्मचंद मंडल ने बताया कि सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय में 192 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु 8 वीक्षक लगाये जायेंगे। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय देवीपुर के केंद्राधीक्षक परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो की प्राचार्य स्वर्णलता ने बताया कि इस केंद्र पर 116 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन हेतु 5 वीक्षक लगाये जायंगे। परीक्षा की सारी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है।

घंघरी में निःशुल्क योग शिविर का हुआ आयोजन

कोडरमा: पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन योगी सुषमा सुमन की अगुवाई में हुआ। कोडरमा जिला के प्रत्येक स्कूल में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी की जा रही है। जयनगर प्रखंड उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय घंघरी में शिविर का आयोजन किया गया। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि जिस तरह योग के प्रति ध्यान दिया जा रहा है आने वाले दिन प्रत्येक बच्चा स्वास्थ्य के प्रति जागृत हो जाएगा। सभी बच्चे शिविर में भाग लेने के बाद बहुत खुश हुए और हाथ उठाकर शपथ भी लिए कि प्रत्येक दिन योग करूंगा और राष्ट्र की सेवा निशुल्क करूंगा। शिविर समापन के बाद शिक्षक राजेंद्र मंडल ने कहा कि सभी शिक्षक भी योग करेंगे। प्रदीप कुमार सुमन ने सभी शिक्षकों को योग का पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिवलाल कुमार यादव, विद्या प्रकाश यादव, महेंद्र प्रसाद, विजयकांत गिरी, संजय कुमार बरनवाल, देवेंद्र कुमार राणा, मुकेश कुमार सिंह, महेश कुमार पांडे, सीताराम कुमार, आशा देवी, अरुण कुमार पटेल और त्रिभुवन मोदी मौजूद थे।

न्यूज फटाफट

स्पेशल ओलंपिक खेलों के लिये भारत ने चुने 177 एथलीट

नोएडा : जर्मनी की राजधानी बर्लिन में 17 से 25 जून तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व ग्रीष्मकालीन खेलों के लिये भारत ने 177 स्पेशल एथलीटों सहित 380 सदस्यीय दल का चयन किया है। स्पेशल ओलंपिक भारत ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि देश के 23 राज्यों से आने वाले ये एथलीट यहां एमिटी यूनिवर्सिटी में युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय द्वारा समर्थित एथलीट राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में 15 खेलों के लिये प्रशिक्षण लेंगे। इस अवसर पर भारतीय हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं पद्मश्री रानी रामपाल, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, एसओ भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा, एसओ भारत साइक्लिंग एथलीट सुश्री शिवानी, एसओ भारत के कार्यकारी निदेशक एलके शर्मा सहित विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। पद्मश्री रानी रामपाल ने एथलीटों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, ''मैं इस तरह के सुंदर प्रयास का हिस्सा बनकर बहुत खुश महसूस कर रही हूं,जो वैश्विक स्तर पर मानवीय भावना की सच्ची सुंदरता का प्रदर्शन कर रहा है। केवल खेलों में ही हम सभी को एक साथ लाने और मौजूदा बाधाओं को तोड़ने की शक्ति है। डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा,विश्व खेल एथलीटों के लिये अपनी काबिलियत, सकारात्मकता और आत्मविश्वास दिखाने का एक शानदार अवसर है। इस खेल आयोजन में दुनिया को विविधता और समावेशन की सुंदरता देखने को मिलती है। एमिटी यूनिवर्सिटी के संस्थापक डॉ. अशोक के. चौहान ने कहा, ''एमिटी 'मैनिटी फाउंडेशन (एएचएफ) की देखरेख में अमिताशा और अतुलशा स्कूलों के माध्यम से एमिटी दिव्यांग और हाशिये पर रहने वाले बच्चों का समर्थन करने के लिये जबरदस्त काम कर रहा है।

शिकस्त कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों मिली 21 रन की शिकस्त के बाद कहा

हम हार के हकदार थे : विराट कोहली

एजेंसियां

बेंगलुरु : रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान विराट कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों मिली 21 रन की शिकस्त के बाद कहा कि खराब फील्डिंग और लापरवाह बल्लेबाजी के कारण वह हार के हकदार थे। केकेआर ने बुधवार को खेले गये आईपीएल मुकाबले में आरसीबी के सामने 201 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में आरसीबी 179 रन तक ही पहुंच सकी। आरसीबी ने फील्डिंग करते हुए नीतीश राणा के दो कैच छोड़े और नीतीश ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए 21 गेंद पर 48 रन बनाकर अपनी टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। कोहली ने मैच के बाद कहा, सच कहूं तो हमने मैच उनके हवाले कर दिया। हम हार के हकदार थे। हम पर्याप्त रूप से पेशेवर नहीं थे। हमने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन फील्डिंग निम्न स्तरीय थी। हमने मुफ्त में जीत उन्हें सौंप दी। उन्होंने कहा, फील्डिंग करते हुए हमने दो कैच छोड़े, जिसके कारण वे 25-30 रन ज्यादा बना सके। बल्लेबाजी करते हुए हमने अच्छी शुरुआत की लेकिन चार-पांच विकेट बहुत लापरवाही से गिरे। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने तेज शुरुआत की लेकिन फाफ डु प्लेसिस (सात गेंद, 17 रन) सुयष शर्मा की गेंद पर आउट हो गए, जबकि ग्लेन मैक्सवेल (पांच) भी बड़ा योगदान नहीं दे सके। विराट कोहली (37 गेंद, 54 रन) ने शुरुआती झटकों के बाद आरसीबी की पारी को संभाला लेकिन उनके आउट होने के बाद मेजबान टीम जीत से दूर जाती रही। कोहली ने कहा, हमारे बल्लेबाज जिन गेंदों पर आउट हुए वे विकेट लेने वाली गेंदें नहीं थीं। हमने उन्हें सीधा फील्डर के हाथों में खेला। लक्ष्य का पीछा करते हुए एक साझेदारी हमें मैच में वापस ले आयी थी लेकिन एक और साझेदारी की जरूरत थी। हमें हमेशा चौकन्ना रहना होगा और आसानी से विकेट नहीं देने होंगे। आरसीबी का अगला मुकाबला एक मई को लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा।

बीसीसीआई ने की महिलाओं के लिये केंद्रीय अनुबंध की घोषणा

एजेंसियां

मुंबई: भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को 2022-23 सीजन के लिये सीनियर महिला टीम के केंद्रीय वार्षिक अनुबंध की घोषणा की। आगामी सत्र के लिये कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बीसीसीआई की केंद्रीय अनुबंध सूची में शीर्ष ए-ग्रेड अर्जित किया है। शीर्ष ब्रैकेट में पिछले साल पांच खिलाड़ी थे लेकिन इस बार राजेश्वरी गायकवाड़ को ग्रेड बी और पूनम यादव को केंद्रीय अनुबंध से पूरी तरह से गायब कर दिया गया है। युवा प्रतिभा जेमिमा रॉड्रिग्स, ऋचा घोष और शेफाली वर्मा जैसे युवाओं को ग्रेड-बी में जगह दी गयी है। जेमिमा, ऋचा और रेणुका ठाकुर ने महिला विश्व कप 2022 और महिला टी20 विश्व कप 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद ग्रेड-सी से ग्रेड-बी में छलांग लगायी है। मेघना सिंह, देविका वैद्य, सबबिनेनी मेघना, अंजलि सरवानी, राधा यादव और यस्तिका भाटिया जैसे कई नये चेहरों को ग्रेड सी श्रेणी में पहला केंद्रीय अनुबंध सौंपा गया है। स्नेह राणा और हरलीन देओल ने सूची में अपना स्थान बरकरार रखा है जबकि पूजा वस्त्राकर ग्रेड-बी से ग्रेड-सी में आयी हैं। पिछले साल की केंद्रीय अनुबंध सूची से मिताली राज और झूलन गोस्वामी का नाम भी गायब है। दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। महिला विश्व कप 2022 के ग्रुप चरण में बाहर होने के बाद हरमनप्रीत कौर की टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट के उद्घाटन संस्करण में रजत पदक हासिल किया। भारतीय महिलाओं ने रिकॉर्ड सातवीं बार एशिया कप जीतने के बाद महिला टी20 विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल तक भी सफर किया। बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध सूची : ग्रेड एः हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा ग्रेड बीः रेणुका ठाकुर, जेमिमा रॉड्रिग्स, शेफाली वर्मा, ऋ चा घोष, राजेश्वरी गायकवाड़ ग्रेड सीः मेघना सिंह, देविका वैद्य, सबबिनेनी मेघना, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, राधा यादव, हरलीन देओल, यस्तिका भाटिया।

झारखंड के भोलानाथ सिंह जूरी ऑफ अपील बनाये गये

रांचीः जापान के ककमीगहरा में एशिया हॉकी महासंघ के द्वारा 02 से 11जून तक महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता आयोजित है। हॉकी झारखंड के अध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव एवं एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष भोलानाथ सिंह को इस प्रतियोगिता के लिए चेयरमैन जूरी ऑफ अपील बनाया गया है। एशिया हॉकी महासंघ ने अध्यक्ष श्री फुमियो ओगुरा ने पत्र के माध्यम से भोलानाथ सिंह को चेयरमैन जूरी ऑफ अपील महिला जूनियर एशिया कप के लिए सूचना दी है। एक छोटे से राज्य झारखंड के भोलानाथ सिंह को एशिया महाद्वीप के लिए आयोजित इस बड़े प्रतियोगिता का चेयरमैन जूरी ऑफ अपील बनाना समस्त झारखंड वासियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।संभवत झारखंड के खेल इतिहास में यह पहला अवसर है जब झारखंड वासी किसी खेल प्रशासक को इतने बड़े प्रतियोगिता के लिए चेयरमैन जूरी ऑफ अपील नियुक्त किया गया है।पिछले माह ही भोलानाथ सिंह एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे और साथ साथ उन्हे एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ सर्वश्रेष्ठ खेल प्रशासक के लिए सम्मानित किया गया था। अब एक और उपलब्धि मिलने पर उन्हें हॉकी इंडिया के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने एवं झारखंड के सीईओ रजनीस कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्राणी मजूमदार, अशोक कुमार भगत, धर्मेंद्र सिंह,अरविद कुमार तूफानी,अरविंद सिंह,महासचिव विजय शंकर सिंह संयुक्त सचिव माइकल लाल, बिगन सोय, बीर सिंह मुंडा,विजय प्रताप सनातन,सुरजीत झा,संतोष कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, एक्सक्यूटिव डायरेक्टर शशि कांत प्रसाद सहित हॉकी झारखंड के सभी सदस्यों और सभी जिला के अध्यक्ष तथा सचिव ने बधाई दी है।

हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सुंदर आईपीएल से बाहर

एजेंसियां

हैदराबाद : सनराइजर्स हैदराबाद के हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के आगामी मैचों से बाहर हो गये हैं। सनराइजर्स ने गुरुवार को ट्विटर पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईपीएल 2023 से बाहर हो गये हैं। हम वाशी के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। सुंदर ने आईपीएल 2023 के सात मैचों में 15 की औसत से 60 रन बनाये हैं और तीन विकेट भी लिये हैं। सनराइजर्स ने आईपीएल 2022 की नीलामी में सुंदर को 8.25 करोड़ रुपये की कीमत में खरीदा था। सनराइजर्स इस समय सात मैचों में दो जीत और पांच हार के साथ अंक तालिका में नौंवे स्थान पर है। उसका अगला मुकाबला शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स से है जो इतने ही अंकों के साथ 10वें पायदान पर है।

सनराइजर्स हैदराबाद स्क्वाड : अभिषेक शर्मा, हैरी ब्रूक, एडेन मार्करम (कप्तान), मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मार्को जैनसेन, मयंक मारकांडे, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, राहुल त्रिपाठी, नीतीश रेड्डी, विवरांत शर्मा, ग्लेन फिलिप्स, मयंक डागर, आदिल राशिद, अकील हुसैन, समर्थ व्यास, अनमोलप्रीत सिंह, उपेंद्र यादव, कार्तिक त्यागी, संवीर सिंह, फजलहक फारूकी, अब्दुल समद।

नेपोटिज्म के कारण इंडस्ट्री में आगे नहीं जा सकते : आलिया

एजेंसियां

मुंबईः बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि नेपोटिज्म (भाईभतीजावाद) के कारण आपको इंडस्ट्री में शुरूआत मिल सकती है लेकिन आप आगे नहीं जा सकते हैं। आलिया भट्ट ने नेपोटिज्म पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आलिया ने स्वीकार किया कि नेपोटिज्म के कारण उन्हें आसान शुरुआत मिल गई थी। आलिया ने यह कहा केवल नेपोटिज्म के दम पर ही आप इतनी दूर तक नहीं आ सकते है क्योंकि आखिर में दर्शक की पसंद ही मायने रखती है। आलिया भट्ट ने कहा, केवल एक काम जो मैं कर सकती थी कि वो था कि मैं अपने काम को बेहतर करूं, जिससे यह साबित हो जाए कि मैं इस इंडस्ट्री के लिए ही बनीं हूं।हां, इससे मुझे आसान शुरुआत तो मिल गई लेकिन फिर यह आपके हाथ में है कि आप कैसे काम करते हैं। वास्तव में ऑडियंस ही टैलेंट की सबसे अच्छी जज होती है।

'जब वी मेट' के लिए बॉबी देओल के अपोजिट कास्ट किया गया था : भूमिका चावला

एजेंसियां

मुंबई : बॉलीवुड अभिनेत्री भूमिका चावला का कहना है कि उन्हें फिल्म जब वी मेट के लिए बॉबी देआल के अपोजिट कास्ट किया गया था। इम्तियाज अली ने शाहिद कपूर और करीना कपूर को लेकर सुपरहिट फिल्म जब वी मेट बनायी थी। भूमिका चावला ने बताया है कि फिल्म जब वी मेट में पहले उन्हें बॉबी देओल के अपोजिट कास्ट किया गया था। लेकिन बाद में उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया। भूमिका चावला ने बताया कि एक ही बार मुझे बुरा लगा था, जब मैंने 'जब वी मेट' साइन की और नहीं हुई। मैं और बॉबी देओल इस फिल्म के लिए पहली पसंद थे। तब इसका नाम ट्रेन रखा जाना था।

28 अप्रैल को रिलीज होगी अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म 'कौन अपना कौन पराया'

एजेंसियां

मुंबई : भोजपुरी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म कौन अपना कौन पराया 28 अप्रैल को रिलीज होगी। पद्मावती पिक्चर्स के बैनर तले बनीं भोजपुरी पारिवारिक फिल्म कौन अपना कौन पराया 28 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्माता जगदीश के अजानी का कहना है कि फिल्म समाज का एक आईना होता है,समाज में जो घटना होती है उसे हम पर्दे पर रूबरू दिखलाने का कोशिश करते आ रहे हैं। निर्देशक अरविंद चौबे ने कहा, मेरे लिए कल्लू हमेशा से लक्की साबित हुये है। हम दोनो की ट्यूनिंग बड़ी ही गजब है। इस फिल्म में वह डबल किरदार में नज़र आने वाले है। फिल्म को हमने पूरी शिद्दत के साथ बनायी है। फिल्म के मुख्य किरदार में अरविंद अकेला कल्लू,रक्षा गुप्ता,मणि भट्टाचार्य, माया यादव एवं अन्य है, लेखक सलिल सुधाकर हैं।

'आवारा पागल दीवाना 2' में नजर आयेगी संजय दत्त-अरशद वारसी की जोड़ी

एजेंसियां

मुंबई : बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त और अरशद वारसी की सुपरहिट जोड़ी सुपरहिट फिल्म आवारा पागल दीवाना 2 में नजर आ सकती है। बॉलीवुड फिल्मकार फिरोज नाडियाडवाला सुपरहिट फिल्म आवारा पागल दीवाना का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। आवारा पागल दीवाना में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, परेश रावल और जॉनी लीवर की अहम भूमिका होगी। इस फिल्म में संजय दत्त और अरशद वारसी की एंट्री भी हो गई है। ऐसे में फिल्म में जबरदस्त धमाल होने वाला है। बताया जा रहा है कि फिरोज नाडियाडवाला कई अन्य कलाकारों को फिल्म में लेने का मन बना रहे हैं। इस समय सभी टेक्निकल क्रू पर काम कर रहे हैं जिससे लोकेशन पर शूट अच्छी हो। फिरोज नाडियाडवाला कलाकारों के साथ बैठकर डेट पर काम करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस वर्ष या अगले साल की शुरुआत में शुरू होगी।

तालिबान ने काबुल एयरपोर्ट ब्लास्ट के मास्टरमाइंड को मार गिराया

एजेंसियां

वाशिंगटन: अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया है कि तालिबान ने उस आईएस आतंकवादी को मार गिराया है, जिसने काबुल हवाई अड्डे पर हमला किया था। याद दिला दें कि 26 अगस्त, 2021 को काबुल एयरपोर्ट के गेट पर धमाका हुआ था। इसमें 170 आम अफगान भी मारे गए। वहीं, 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। अब उस हमले का मास्टरमाइंड मारा गया है। तालिबान ने 2021 में काबुल हवाई अड्डे पर आत्मघाती बम विस्फोट की घटना के मास्टरमाइंड को मार डाला, जब अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया। 20 साल के युद्ध के बाद जब अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ा तो पूरी दुनिया ने एक अभूतपूर्व दृश्य देखा। अमेरिका अपने कुछ नागरिकों और आम अफगानियों को अफगानिस्तान से बाहर अपने

साथ ले जा रहा था। 26 अगस्त ऐसे ही बीत रहा था। उस वक्त काबुल एयरपोर्ट के मेन गेट पर आत्मघाती धमाका हुआ था। इसमें 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। वहीं, 170 आम अफगान भी मारे गए। अमेरिका का दावा है कि तालिबान ने उस विस्फोट के मास्टरमाइंड को मार गिराया है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने एक बयान में कहा, मृतक आईएसआईएस का सदस्य था और इस किस्म के कई आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने वालों में से एक था। लेकिन उसके लिए कोई नई साजिश संभव नहीं होगी। मृतक का नाम पता नहीं चला है। गत 15 अगस्त, 2021 को तालिबान ने आधिकारिक तौर पर काबुल पर फिर से कब्जा कर लिया। दूसरी बार अफगानिस्तान में तालिबान शासन की स्थापना के बाद, अमेरिका ने धीरे-धीरे देश को कम करना शुरू कर दिया। आखिरी उड़ान अगस्त 2021 के अंत में काबुल हवाई अड्डे से रवाना हुई। उसी समय यह भयानक विस्फोट हुआ। संयोग से, तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भी, आईएसआईएस (क्षेत्र के पुराने नाम खुरासान से) खंडित अफगान क्षेत्र में हमेशा तालिबान विरोधी रहा है। काबुल की गद्दी पर काबिज होने के बाद भी आईएसआईएस-के के खिलाफ तालिबान की लड़ाई जारी रही। इस बार, काबुल हवाई अड्डे पर विस्फोट करने वालों को तालिबान ने निशाना बनाया। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक इस्लामिक स्टेट का सरगना कुछ हफ्ते पहले मारा गया था। लेकिन उस जानकारी की पुष्टि करने में समय लगा। हालांकि मारे गए आईएस नेता के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि वे खुफिया और निगरानी के माध्यम से निश्चित हैं कि आईएस नेता मारा गया है। लेकिन अधिकारियों ने इस बारे में विस्तार से बताने से इनकार कर दिया कि उन्हें कैसे पता चला या हमलावर कौन थे। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने सीबीएस को बताया, सरकारी विशेषज्ञ पूरी तरह से निश्चित हैं कि यह व्यक्ति ही उस हमले के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार है।

प्रदेश ›› अपडेट

सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारी

हैदराबाद : हैदराबाद के बेगमपेट के चिकोटी गार्डन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने गुरुवार तड़के अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी देवेंद्र के रूप में हुई है , जो सीआरपीएफ के आईजी महेश चंद्र के अधीन तैनात था। शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया गया है।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

मिश्र को 'महर्षि परशुराम' पुस्तक की प्रथम प्रति भेंट

जयपुर : राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र को आज यहां डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा की पुस्तक 'महर्षि परशुराम' की प्रथम प्रति भेंट की गई । मिश्र को राजभवन में शर्मा ने यह प्रति भेंट की। शर्मा ने बताया कि 'महर्षि परशुराम' के आदर्श जीवन और चरित्र के संदर्भ में लिखी इस पुस्तक में समाज में धर्म और न्याय के संरक्षक के रूप में किए गए उनके कार्यों के बारे में शोधपरक प्रेरणास्पद जानकारी का समावेश किया गया है। राज्यपाल ने उन्हें पुस्तक के लिए बधाई दी।

कोयला कारोबारी के ठिकानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई

सतना : मध्यप्रदेश के सतना जिले में आयकर विभाग की विशेष जांच टीम ने कोयला कारोबारी मोती लाल गोयल के आवास और कार्यालय परिसर में आज दूसरे दिन भी कार्रवाई की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की टीम ने संबंधित कारोबारी के सतना और शहडोल में स्थित ठिकानों पर कल कार्रवाई प्रारंभ की थी। यह कार्रवाई आज भी जारी रही। ठिकानों से कुछ दस्तावेज मिलने की बात की जा रही है, लेकिन इस संबंध में अधिकृत ब्यौरा नहीं मिल पाया है। कर चोरी की आशंका अवशय व्यक्त की गयी है।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

कनिष्ठ अभियंता रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

हरियाणा : हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने करनाल जिले के असंध में तैनात उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता को एक किसान से उसके खेत में ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिये 45 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ब्यूरो के प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी बलकार सिंह को करनाल जिले के सलवान गांव निवासी रणदीप सिंह की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने अपने खेतों में ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिये आवेदन किया था जिस पर आरोपी कनिष्ठ अभियंता ने रूपयों की मांग की। शिकायतकर्ता ने इस पर ब्यूरो को शिकायत दी। ब्यूरो अधिकारियों ने शिकायत के आधार पर प्रारम्भिक जांच करने के बाद जाल बिछा कर आरोपी को रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत करनाल थाने में मामला दर्ज किया गया है।

भाजपा में महिला यौन शोषकों को सत्ता सरंक्षण

चंडीगढ़ : स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया है कि एक ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का जुमला उछालकर महिलाओं और समाज को ठगते है, वहीं महिला यौन शोषकों पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें सत्ता सरंक्षण देते हैं। महिला कुश्ती पहलवानों के भारतीय कुश्ती फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा यौन शोषण मामले में जंतर-मंतर पर दूसरी बार धरने पर बैठकर न्याय की गुहार करना बताता है कि जब मोदी-भाजपा-संघ राज में ओलिम्पिक, एशियाड, कामनवेल्थ गेम में गोल्ड मेडल लाने वाली महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा।

जम्मू कश्मीर में रुक-रुक कर बारिश जारी

श्रीनगर : केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बुधवार रात से रुक-रुक बारिश होने के कारण गुरुवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। मौसम विभाग ने चार मई तक मौसम खराब रहने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने बयान में कहा गया कि केन्द्रशासित प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में कई स्थानों पर आज दोपहर बाद रुक-रुक कर बारिश होने के साथ गरज के साथ छींटे पड़ने और हिमपात होने का अनुमान जताया है। प्रदेश में 28 अप्रैल को कई स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश या ऊंची चोटियों में हिमपात के अलावा आंधी चलने का अनुमान जताया गया है। विभाग के अनुसार प्रदेश में 29 और 30 अप्रैल को हल्के बादल छाये रहने और रुक-रुक का बारिश या फिर गरज के साथ छींटे पडने के अनुमान जताया गया हैं।

सभी के लिए स्थायी भविष्य बनाने के लिए शिक्षा की शक्ति का उपयोग आवश्यक: डॉ जोशी

एजेंसियां

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने कहा है कि नयी शैक्षणिक संरचना की शुरुआत, शिक्षण मानकों में सुधार, अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को अपनाकर ही की जा सकती है। डॉ जोशी ने गुरुवार को यहां चतुर्थ डॉ राजाराम जैपुरिया मेमोरियल व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि शिक्षा की शक्ति का उपयोग करके सभी का स्थायी भविष्य बनाने का महत्वपूर्ण रोडमैप तैयार किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निहित दृष्टि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सबके लिए तकनीक और प्रौद्योगिकी का उपयोग किये बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। समग्र विकास के लिए तकनीक और प्रौद्योगिकी को प्रमुख स्थान देना ही होगा। डॉ जोशी ने इस मौके पर राष्ट्र निर्माण में जैपुरिया परिवार, खासकर डॉ राजाराम जैपुरिया के योगदान की सराहना की। सेठ आनंदराम जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया ने इस मौके पर अपने उद्बोधन के दौरान स्थाई भविष्य के निर्माण में शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि सभी 17 सतत विकास लक्ष्य(एसडीजी) में शिक्षा शायद एकमात्र ऐसा लक्ष्य है, जिसका अन्य स्थायी लक्ष्यों पर व्यापक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, इसलिए वैश्विक समस्याओं के समाधान के केन्द्र में हमारी शिक्षा प्रणाली का होना सबसे महत्वपूर्ण है। इसी के साथ भविष्य की पीढ़ी की सहायता करना, वैश्विक मानसिकता को अपनाना और कौशल को बढ़ावा देना भी जरूरी है। यह व्याख्यान डॉ राजाराम जैपुरिया की विरासत और स्मृति को कायम रखने के लिए किया गया। डॉ राजाराम जैपुरिया को शिक्षा, प्रगतिशील औद्योगिक एवं सामाजिक कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए जाना जाता है।

छोटे किसानों को मिलें टेक्नालॉजी का लाभ : तोमर

एजेंसियां

नयी दिल्ली: कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने छोटे किसानों को तकनीक और मशीनरी का दिए जाने पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सीमित भूमि के बाबजूद खाद्यान का उत्पादन बढ़ाते रहना होगा। तोमर ने कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) तथा ट्रैक्टर एंड मैकेनाइजेशन एसोसिएशन (टीएमए) के फार्म मशीनरी टेक्नालॉजी पर आयोजित शिखर सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश में लगभग 85 प्रतिशत छोटे किसान हैं, जिन्हें टेक्नालॉजी-मशीनरी का लाभ मिलना चाहिए। कृषि यंत्रीकरण उप-मिशन (एसएमएएम) के तहत प्रशिक्षण, परीक्षण, सीएचसी, हाई-टेक हब, फार्म मशीनरी बैंकों (एफएमबी) की स्थापना जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक राज्यों को 6120.85 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, वहीं राज्य सरकारों के माध्यम से ट्रैक्टर, पावर टिलर और स्वचालित मशीनरी सहित सब्सिडी पर 15.24 लाख कृषि मशीनरी और उपकरण वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ''केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण और परीक्षण संस्थान'' (सीएफएमटीटीआई), बुदनी (म.प्र.) में ट्रैक्टरों के परीक्षण की नई व्यवस्था लागू कर परीक्षण को पूरा करने की अधिकतम समय-सीमा को घटाकर 75 कार्य दिवस कर दिया गया है। साथ ही, वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक केंद्र सरकार के चार एफएमटीटीआई एवं चिह्नित नामित अधिकृत परीक्षण केंद्रों के माध्यम से 1.64 लाख प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया हैं। एक लाख करोड़ रुपए के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की शुरूआत भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय में तीन नये न्यायाधीशों की नियुक्ति

एजेंसियां

नैनीताल: केन्द्र सरकार की ओर से उत्तराखंड उच्च न्यायालय में तीन नये न्यायाधीशों की नियुक्ति की गयी है। नव नियुक्त न्यायाधीश शुक्रवार को शपथ लेंगे। केन्द्र सरकार के विशेष सचिव राजेन्द्र कश्यप की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अधिवक्ता राकेश थपलियाल, अधिवक्ता पंकज पुरोहित के अलावा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल विवेक भारतीय शर्मा को बतौर न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। तीनों की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण की तिथि से मानी जायेगी। इस प्रकार उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश समेत अब न्यायाधीशों की संख्या आठ हो गयी है। नव नियुक्त न्यायाधीश कल शुक्रवार को पद शपथ लेंगे। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी नव नियुक्त न्यायाधीशों को शपथ दिलायेंगे।

हमला डोनबास में यूक्रेनी कब्जे वाले शहर कोन्स्टेंटिनोवका पर रूसी मिसाइल हमले में

रूस ने इस्कांदर मिसाइल चलाया साठ विदेशी सैनिक मारे गये

राष्ट्रीय खबर

मास्को: रूस का दावा है कि डोनबास में यूक्रेनी कब्जे वाले शहर कोन्स्टेंटिनोवका पर रूसी मिसाइल हमले में कम से कम 60 भाड़े के सैनिक मारे गए थे। इस हमले में रूसी सैनिकों ने कम दूरी की इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया था। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल इगोर कोनाशेंकोव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिसाइल हमले में भाड़े के 60 से अधिक सैनिक मारे गए और उनके 15 वाहन नष्ट हो गए। इसके अलावा, 20 भाड़े के लड़ाके गंभीर रूप से घायल हो गए। जनरल कोनाशेंकोव ने कहा कि

मिसाइल हमला कोन्स्टेंटिनोवका शहर के एक पुस्तकालय पर किया गया था।

विदेशी भाड़े के सैनिक वहां गोला-बारूद और सैन्य उपकरण जमा कर रहे थे। पिछले साल मार्च में, यूक्रेन की राजधानी कीव के पास भाड़े के जॉर्जियाई सेना के लड़ाकों ने कई रूसी सैनिकों को यातनाएं दी और मार डाला। जनरल कोनाशेंकोव ने कहा कि जो भी रूसी सैनिकों की हत्या में शामिल थे, रूस के पास उनके बारे में जानकारी है और उनमें से प्रत्येक को दंडित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि युद्ध प्रारंभ होने के दौरान ही पहली बार रूस ने यह दावा किया था कि यूक्रेन की युद्धभूमि में विदेशी सैनिक भी मौजूद हैं, जो रूसी सेना के खिलाफ लड़ रहे हैं।

बाद में युद्ध के दौरान कई अमेरिकी और ब्रिटेन के सैनिक भी रूसी सेना के हाथ लगे। कुछ अन्य लोगों के बारे में उनके देश की तरफ से बताया गया कि वे दरअसल पूर्व सैनिक हैं और स्वयंसेवी संगठनों के साथ काम करने वाले थे। इस बीच एक ब्रिटिश सांसद के पुत्र की तस्वीर जारी कर रूस ने विदेशी सैनिकों के वहां होने की पुष्टि कर दी। रूस का पहले से ही यह आरोप है कि पश्चिमी दुनिया के देश यूक्रेन को मोहरा बनाकर रूस के खिलाफ युद्ध कर रहे हैं।

न्यूज फटाफट

पाकिस्तान में बदमाशों के साथ मुठभेड़ में छह पुलिस कर्मियों की मौत

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में बदमाशों के साथ झड़प में छह पुलिसकर्मी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए। प्रांतीय गृह मंत्री जियाउल्लाह लैंगोव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को जाफराबाद जिले में उस वक्त हुई, जब पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए उनकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी, जिसमें छह पुलिसकर्मी मारे गए, जबकि दो अन्य घायल हो गए। दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उन्हें पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने आगे की जांच के लिए घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है।

पाकिस्तान में चुनाव में विलंब को लेकर सुनवाई

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव की तारीख तय करने में विफल रहने के बाद देश के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ चुनाव में विलंब पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई गुरुवार से फिर से शुरू करेगी। पिछली सुनवाई में अदालत ने राजनीतिक दलों से 26 अप्रैल को बातचीत करने और हितधारकों को एक समझौते पर पहुंचने का मौका दिया था जिसके बाद उन्हें 27 अप्रैल तक अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया था, क्योंकि चुनाव के लिए 14 मई की तारीख तय की गई थी और यह आदेश सभी अधिकारियों के लिए बाध्यकारी था।

दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स सम्मेलन से पहले नहीं छोड़ सकता आईसीसी : कानूनी विशेषज्ञ

जोहान्सबर्ग: दक्षिण अफ्रीका यदि उचित संसदीय प्रक्रिया का पालन करता है तो वह अगस्त में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) से हटने में सक्षम नहीं होगा। प्रिटोरिया विश्वविद्यालय में कानून के व्याख्याता लेवेलीन कर्लेविस ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस पार्टी हेग स्थित अदालत से हटने का इरादा बना रही है क्योंकि उसने अफ्रीकी देशों के साथ गलत व्यवहार किया है। उनके कार्यालय ने बाद में कहा कि राष्ट्रपति गलत बोल रहे हैं। कर्लेविस ने कहा कि एएनसी को देश के अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से हटने के फैसले पर बहुमत हासिल करने में संसद सदस्यों के समर्थन की दरकार होगी और उन संगठनों की चुनौती से भी निपटना होगा जो पहले से ही सरकार के इस फैसले को न्यायालय में चुनौती देने की तैयारी में हैं। कानूनी विशेषज्ञ ने कहा ''मुझे नहीं लगता के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बाद भी सरकार अगस्त में होने जा रहे ब्रिक्स सम्मेलन से पहले एएनसी की सरकार इन सभी चुनौतियों से पार पा सकेगी।'' आईसीसी द्वारा रूस के राष्ट्रपति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निकालने पर एएनसी ने आईसीसी छोड़ने का फैसला किया था। दुनिया में उभरती हुई पांच अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों ब्राजील, रूस, भारत , चीन और दक्षिण अफ्रीका के संगठन ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस को भी आमंत्रित किया था। इन देशों का 22 से 24 अगस्त के बीच डरबन में मिलना तय है। यूरोप में अदालत पर लंबे समय से अफ्रीकी देशों पर नये औपनिवेशवाद का एजेंडा थोपने पर लगे हैं। वर्ष 2021 में आईसीसी ने अमेरिका में अपराधों को लेकर चल रही उसकी जांच को भी बीच में छोड़ दिया था, यह अपराध अमेरिका ने अफगानिस्तान में रहते हुए किये थे।

रूस के गैस क्षेत्र में भीषण आग लगी, नौ लोग घायल

याकुत्स्क : रूस के सखा गणराज्य के मिर्निंस्की जिले में एक गैस क्षेत्र में मरम्मत कार्य के दौरान रिसाव के कारण भीषण आग लगने से नौ लोग अचेत हो गए। रूसी मंत्रालय के आपातकालीन क्षेत्रीय विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय समयानुसार देर रात करीब 01:35 बजे गैस रिसाव होने के कारण आग लग गयी, जिसमें करीब नौ लोग अचेत हो गए। इन सभी को मिर्नी के केंद्रीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

पाकिस्तान में चुनाव की सुगबुगाहट, 10 सदस्यीय समिति गठित करेगी सरकार

लाहौर : पाकिस्तान में सत्तारुढ़ गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए एक ही तिथि पर देश भर में चुनाव कराने के मुद्दे पर बातचीत करने के लिए समान प्रतिनिधित्व वाली 10 सदस्यीय संसदीय समिति के गठन का प्रस्ताव दिया है, जिसमें सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों के ही प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस बीच पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सत्ताधारी गठबंधन से बातचीत के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इन राजनीतिक गतिविधियों के बाद देश में चुनाव को लेकर तकरार खत्म होने की उम्मीद दिखाई देने लगी है। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कानून मंत्री आजम नजीर तरार और रेल मंत्री ख्वाजा साद रफीक ने इस संबंध में सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी से संपर्क किया है। सरकार ने सुझाव दिया है कि संसदीय समिति में सरकार और विपक्ष दोनों पक्ष से पांच-पांच सदस्य शामिल होने चाहिए और संसद में बातचीत करने के लिए समिति को आवास प्रदान किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के मुताबिक संजरानी इसके अलावा विपक्ष को सरकार के सुझावों के बारे में सूचित करने के लिए एक पत्र लिखेंगे।

डिंडोरी मामले को लेकर कमलनाथ का महिला आयोग को पत्र

भोपाल : मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने डिंडोरी जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत किए गए विवाहों के दौरान कथित तौर पर युवतियों के प्रेगनेंसी टेस्ट के मामले को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा वर्मा को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की है। कमलनाथ ने अपने पत्र में कहा है कि डिंडोरी जिले में 22 अप्रैल को हुए विवाह आयोजन के दौरान मेडिकल टेस्ट के नाम पर युवतियों के प्रेगनेंसी टेस्ट कराए गए। ये महिलाओं की निजता और उनके मौलिक अधिकारों का हनन है।

आज का इतिहास

- 1740 : मराठा शासक पेशवा बाजीराव प्रथम का निधन।
- 1829 : यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने नये प्रेस कानून पारित किये।
- 1847 : जार्ज बी. वेशन अमेरिका के न्यूयॉर्क न्यायालय में जाने वाले पहले अश्वेत नागरिक बने।
- 1910 : इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम वाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया।
- 1914 : अमेरिका में वेस्ट वर्जीनिया के एस्सेल्स इलाके में एक कोयला खदान हादसे में 181 लोगों की मौत।
- 1932 : इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा।
- 1935 : रूस की राजधानी मॉस्को में भूमिगत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत।
- 1943 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से जापान की अपनी यात्रा के दौरान मेडागास्कर के निकट एक जर्मन पनडुब्बी से जापानी पनडुब्बी में सवार हुए।
- 1945 : इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी, उनकी प्रेमिका क्लारा पेटाची और उसके सहयोगियों की हत्या।
- 1964 : जापान आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में शामिल हुआ।
- 1986 : सोवियत संघ ने हादसे के दो दिन बाद स्वीकारा कि 25 अप्रैल को यूक्रेन के चेरनोबिल में परमाणु रिसाव हुआ।
- 1995 : दक्षिण कोरिया में मेट्रो में गैस विस्फोट होने से 103 लोगों की मौत।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची शुक्रवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
28 : 04: 2023

रिम्स परिसर में ठेला-खोमचा लगाने वालों ने घेरा उपाधीक्षक कार्यालय

रांची: रिम्स के डीएमएस कार्यालय में गुरुवार की सुबह-सुबह स्थानीय लोग अचानक पहुंच गए और विरोध जताने लगे। पूरे मामले को लेकर प्रबंधन की तरफ से जानकारी दी गई कि वर्तमान में रिम्स के विभिन्न जगहों पर से अतिक्रमण को हटाने का काम किया जा रहा है। उपाधीक्षक कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के द्वारा अतिक्रमण हटाया जा रहा था। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने महिलाओं पर गलत व्यवहार किया। जिस पर स्थानीय लोगों और ठेले खोमचे वालें ने विरोध जताया। तब सुरक्षाकर्मियों के द्वारा कहा गया कि उपाधीक्षक कार्यालय से आदेश है कि किसी भी हालत में अतिक्रमण हटाना है। यदि लोग अतिक्रमण ना हटाए तो उन पर लाठियां चलाई जाए।

राजधानी अपडेट्स

हाई कोर्ट ने प्रार्थी को अवैध माइनिंग मामले में फर्द बयान दर्ज कराने का दिया निर्देश

रांची: साहिबगंज में अवैध माइनिंग में पंकज मिश्रा, दाहू यादव समेत अन्य की संलिप्तता की सीबीआई जांच कराने का आग्रह करने वाली तीर्थ नाथ आकाश की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार को कहा कि वह साहिबगंज में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर लोकल पुलिस स्टेशन में जाकर फर्द बयान दर्ज कराएं। अगर आरोप बनता है तो संबंधित थाना इंचार्ज हाईकोर्ट के आदेश के जारी होने की तिथि के 7 दिनों के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराएं।प्रार्थी की ओर से सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि साहिबगंज में 1000 करोड़ से अधिक का माइनिंग घोटाला हुआ है। इस अवैध माइनिंग के धंधे में सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, उनके सहयोगी दाहू यादव के अलावे अन्य लोगों की संलिप्तता है। इसकी सीबीआई से जांच कराई जाए। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी से कहा है कि पहले इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए, तभी यह मामला सीबीआई को दिया जा सकता है। इसलिए पहले प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए।

आरोप गठन

मनी लॉन्ड्रिंग मामला और पीआईएल मैनेज करने को लेकर

अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल पर आरोप किया गठन

▶▶ गुरुवार को आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल ईडी कोर्ट पहुंचे

राष्ट्रीय खबर

रांची: मनी लॉन्ड्रिंग मामला और पीआईएल मैनेज करने को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल पर ईडी कोर्ट ने आरोप गठन कर दिया है। गुरुवार को आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल ईडी कोर्ट पहुंचे। जहां पर ईडी के विशेष न्यायधीश प्रभात कुमार शर्मा ने दोनों को आरोप पढ़कर सुनाया और उनके ऊपर चार्ज फ्रेम किया गया।रांचीः मनी लॉन्ड्रिंग मामला और पीआईएल मैनेज करने को लेकर अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल पर ईडी कोर्ट ने आरोप गठन कर दिया है। गुरुवार को आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल ईडी कोर्ट पहुंचे। जहां पर ईडी के विशेष न्यायधीश प्रभात कुमार शर्मा ने दोनों को आरोप पढ़कर सुनाया और उनके ऊपर चार्ज फ्रेम किया गया।

ईडी के द्वारा अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ पिछले वर्ष 13 अक्टूबर को ही आरोप पत्र फाइल किया गया था। जिसमें 27 अप्रैल यानी गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के द्वारा आरोप गठन कर दिया गया है।मालूम हो कि अधिवक्ता राजीव कुमार और कारोबारी अमित अग्रवाल ने अपने आप को निर्दोष साबित करने के लिए कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दायर किया था। लेकिन ईडी कोर्ट ने दोनों के डिस्चार्ज पिटीशन को 6 अप्रैल को ही खारिज कर दिया। डिस्चार्ज पिटीशन खारिज होने के बाद दोनों के ऊपर कोर्ट ने आरोप गठन कर दिया है। अब दोनों आरोपियों पर कोर्ट में सुनवाई होगी।

अधिवक्ता राजीव कुमार वर्ष 2022 के जुलाई महीने में 50 लाख रुपए के साथ कोलकाता में गिरफ्तार किए गए थे। जिसके लिए उन्हें करीब 103 दिनों तक जेल में रहना पड़ा था। अधिवक्ता राजीव अग्रवाल का मामला पिछले वर्ष चर्चा का विषय रहा था। राजीव कुमार पर आरोप लगाए गए थे कि वो पीआईएल मैनेज करने के लिए लोगों से अवैध तरीके से पैसे लेते थे। फिलहाल आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार और आरोपी अमित अग्रवाल सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत पर जेल से बाहर हैं।

लालपुर में बिल्डर के स्टाफ से छह लाख की लूट

राष्ट्रीय खबर

रांची : लालपुर थाना क्षेत्र के डिस्टलरी पुल के पास गुरुवार की दोपहर बाइक सवार अपराधियों ने बिल्डर हितेंद्र सिंह के स्टाफ रंजीत से छह लाख रुपये लूट कर फरार हो गये। ये पैसे फ्लैट खरीदने के लिए बैंक से निकाले गये थे। बिल्डर का आदमी रंजीत पैसा लेकर जा रहा था, उसी दौरान यह घटना हुई।बताया गया कि अपराधियों ने पैसा लेकर जा रहे रंजीत के सिर पर किसी ठोस वस्तु से वार किया और रुपये लूट कर भाग गये। हमले में रंजीत का सिर फट गया। सूचना मिलने पर लालपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गयी। पुलिस घटना की जांच कर रही है। खबर लिखे जाने तक अपराधियों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।बिल्डर हितेंद्र सिंह का बरियातू में फ्लैट है। प्रज्ञा तिवारी उस फ्लैट की रजिस्ट्री करवाने वाले थे। फ्लैट रजिस्ट्री के लिए प्रज्ञा तिवारी ने 6 लाख का चेक दिया था। बिल्डर का स्टाफ रंजीत लालपुर स्थित आईसीआईसीआई बैंक चेक को कैश कराने गया था। बैंक से पैसा लेकर लौट रहा था कि लालपुर सब्जी मंडी से आगे अपराधियों ने मारपीट कर उससे पैसा लूट लिया।

लातेहार से हिमाचल में बेचे गए तीन बच्चे बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

रांची/लातेहार: लातेहार एएचटीयू थाना पुलिस ने संजय साई लोहरा, सुजीत सिंह और संजू घासी नामक बच्चे को हिमाचल प्रदेश के शिमला सहित अन्य इलाको से बरामद किया है। वही चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के कमारु निवासी ठीकेदार इन्द्रजीत सिंह उर्फ सुनिल कुमार, कमलेश यादव, अनिता देवी और डबरी निवासी सम्पतिया कुंवर का नाम शामिल है।

उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के नाम पर जमीन कारोबारियों को खुली चेतावनी

गरीब रैयतों को छोड़ दें सताना

राष्ट्रीय खबर

रांची: उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति) के द्वारा एक पत्र जारी कर जमीन कारोबारियों और भू-माफिया को चेतावनी दी गई है। संगठन के अनुसार आदिवासी जमीनों को अंचल, थाना और भू माफियाओं के द्वारा जबरन या फिर जाली कागज बनाकर कब्जा किया जा रहा है। ऐसे लोगों को कठोर सजा देने की बात संगठन के द्वारा कही गई है।

पत्र में दी गई है धमकी: टीएसपीसी के मध्य सब जोनल कमेटी के अरविंद जी के द्वारा पत्र में यह लिखा गया है कि संगठन के पास लगातार गरीब रैयत यह शिकायत लेकर आ रहे हैं कि उनके जमीनों पर अंचल, थाना और भू-माफियाओं के द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। जो लोग अपनी जमीन नहीं देना चाहते हैं उनके जाली कागजात बनवाकर दबंगों के द्वारा उस पर कब्जा कर लिया जा रहा है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि रांची के बुढ़मू, ठाकुरगांव, रातू, कांके, पिठोरिया, ओरमांझी और चंदवे के आस पास काम कर रहे भू-माफियाओं को यह कड़ी चेतावनी दी जाती है कि संगठन उन्हें चिन्हित कर उनके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई करेगा।

संगठन ने सरकारी कर्मचारियों को भी यह धमकी दी है कि अगर वह मूल रैयतों के जमीन के लूट में भू-माफियाओं का साथ दे रहे हैं तो उन्हें भी संगठन चिन्हित कर सजा देगी।निलय कॉलेज के पास की गई थी गोलीबारी: टीएसपीसी संगठन के द्वारा जारी किए गए पत्र को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि यह सही है कि कई स्थानों पर टीएसपीसी संगठन के नाम पर पर्चे जारी किए गए हैं। कुछ लोगों को अरविंद जी के नाम पर फोन भी आए हैं। बीते मंगलवार को निलय कॉलेज के पास भी इसी संगठन के द्वारा गोलीबारी की गई थी। मामले को लेकर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई गई है।

जांच में जुटी है पुलिस: ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पर्चा जारी करने और गोलीबारी दोनों में ही मामले की तफ्तीश की जा रही है। एक टीम का गठन कर इस ग्रुप के लोगों को गिरफ्तार करने का प्रयास भी किया जा रहा है। पुलिस यह भी जानकारी जुटा रही है कि अरविंद जी नाम का सदस्य वाकई संगठन से जुड़ा हुआ है या फिर किसी आपराधिक गुट के द्वारा इस तरह के पर्चे जारी किए जा रहे हैं।

सेना जमीन घोटाला, रिमांड खत्म होने पर सभी आरोपियों को भेजा गया जेल

राष्ट्रीय खबर

रांची: सेना की जमीन को अवैध तरीके से बेचे जाने के मामले में पकड़े गए सातों आरोपियों को ईडी कोर्ट ने गुरुवार को जेल भेज दिया है। सात में से एक आरोपी फैयाज खान को 3 दिन पहले ही जेल भेज दिया गया था जबकि बांकि बचे छह आरोपियों को ईडी के आग्रह के बाद कोर्ट ने रिमांड अवधि तीन दिन के लिए बढ़ा दिया था। सभी आरोपियों से तीन दिन की पूछताछ के बाद ईडी ने बुधवार को भी कई जगहों पर छापेमारी की थी जिसमें कई तथ्य सामने आए थे।

सेना की जमीन को बेचने के मामले में सभी आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद सभी को एक बार फिर से गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। सातों आरोपियों का अब 60 दिनों के बाद चार्जशीट फ्रेम होगा और फिर उसके बाद आरोप गठन किए जाएंगे। सात आरोपी में रिम्स के निलंबित टेक्नीशियन अफसर अली, बड़गांई अंचल के सीआई भानु प्रताप, कारोबारी प्रदीप बागची, ताल्हा खान, मोहम्मद सद्दाम, इम्तियाज खान और फैयाज खान का नाम शामिल हैं। गुरुवार को सात में से छह आरोपी को ईडी के अधिकारियों ने कोर्ट में पेश किया। जहां पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय ने सभी को जेल भेज दिया है।सभी आरोपियों को पिछले 13 अप्रैल को ईडी के द्वारा गिरफ्तार किया गया था और पूछताछ के दौरान सभी ने कबूला था कि वह शहर के विभिन्न क्षेत्रों के कई जमीनों को अवैध तरीके से बेचने का काम कर चुके हैं। 13 अप्रैल को की गई छापेमारी के दौरान आरोपियों के घर से जमीन के कागजात और कई संदेहास्पद सामान भी पाए गए थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भी बताया गया है कि पकड़े गए सभी आरोपी सिर्फ सेना की ही जमीन नहीं बल्कि बरियातू क्षेत्र में कई ऐसे जमीन हैं, जिसे गलत तरीके से बेचा है। इनके घरों में छापेमारी और गिरफ्तार किए गए सभी लोगों पर दबाव बनाने के बाद कई बड़े चेहरे का भी नाम सामने आया। जिसमें बड़गांई अंचल के अचलाधिकारी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से भी पूछताछ की गई थी।

वार्ड पार्षद ने कहा सेवा में तत्पर रहूंगी

राष्ट्रीय खबर

रांची: वार्ड नंबर 11 की पार्षद श्रीमती रंजू सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 28 अप्रैल को मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है लेकिन जनता के लिए वह 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी वार्ड नंबर 11 के लोगों की जो भी समस्या है वह पूर्व की भांति अपने आवासीय कार्यालय जे०सी०रोड लालपुर से सुचारू रूप से जारी रखेगी। इन 5 वर्षों में उन्होंने दिन रात जनता की समस्याओं के लिए हमेशा प्रयासरत रही हैं और उनकी समाधान में लगी रही इसी बीच जनता का मुझे भरपूर स्नेह एवं आशीर्वाद मिला। 28 अप्रैल को मेरा कार्यकाल खत्म होते ही रोड नाली साफ सफाई की सभी समस्याओं का समाधान सीधे नगर निगम के द्वारा होगा लेकिन मैं वार्ड 11 की जनता की समस्या का समाधान के लिए हमेशा प्रयास करती रहूंगी ताकि जनता को नगर निगम जाने की जरूरत ना पड़े।

रोड,नाली सड़क,बिजली,साफ सफाई,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन सहित सभी समस्याओं की

सिरम टोली में शुरू हुआ सरना स्थल के सौंदर्यीकरण का काम

भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद

▶▶ मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष ही सौंदर्यीकरण को लेकर शिलान्यास किया था

▶▶ कुछ लोग सरना स्थल के सौंदर्यीकरण के काम का विरोध कर रहे थे

राष्ट्रीय खबर

रांची: राजधानी रांची के सिरम टोली स्थित मुख्य सरना स्थल के सौंदर्यीकरण का काम गुरुवार से पुलिस की सुरक्षा में शुरू कर दिया गया है। कुछ लोग सरना स्थल के सौंदर्यीकरण के काम का विरोध कर रहे थे, जिसके बाद मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले वर्ष ही मुख्य सरना स्थल सिरम टोली के सौंदर्यीकरण को लेकर शिलान्यास किया था, लेकिन कुछ लोग इसका लगातार विरोध कर रहे थे। जिसकी वजह से सौंदर्यीकरण का काम शुरू नहीं हो पाया।सिरम टोली में जब सौंदर्यीकरण काम शुरू करने के लिए प्रशासन की टीम पहुंची तो भीड़ के द्वारा उन्हें वहां से भगा दिया गया। जिसके बाद गुरुवार को मजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर सरना स्थल के सौंदर्यीकरण का काम शुरू करवाया गया है।

क्यों किया जा रहा था विरोध: सरना स्थल आदिवासी समुदाय का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। कुछ लोगों को यह मानना था कि जिस स्थिति में सरना स्थल अभी है उसे उसी स्थिति में छोड़ दिया जाए उसके सौंदर्यीकरण पुरानी धार्मिक मान्यता को ठेस पहुंचेगा। हालांकि बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग सौंदर्यीकरण के पक्ष में हैं। मौके पर मौजूद लोगों को यह समझाया गया कि मूल पूजा करने वाले सरना स्थल पर कोई छेड़छाड़ नहीं की जा रही है सिर्फ मंच की जगह पर सामाजिक धार्मिक गतिविधियों के लिए भवन का निर्माण हो रहा है।बाधा डालने वालो के पास कोई ठोस वजह नहीं: मौके पर मौजूद मजिस्ट्रेट अमित भगत ने बताया कि कुछ लोग बेवजह सरना स्थल के सौंदर्यीकरण का विरोध कर रहे है। जबकि उनके पास इसकी कोई ठोस वजह भी नहीं है। मामले में विवाद होता देख पुलिस बल की मौजूदगी में निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है।

दो चिटफंड कंपनियों के खिलाफ एफआईआर करने का हाईकोर्ट ने रांची एसएसपी को दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड हाईकोर्ट ने विनोद भगत की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड में छोटे छोटे व्यवसायियों से ठगी करने वाली दो चिटफंड कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश रांची एसएसपी को दिया है। इनमें किम इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड एवं नेक्टर कामर्शियल स्टेट लिमिटेड नाम की दो चिटफंड कंपनियां शामिल हैं। झारखंड जिला मुख्यालयों में यह कंपनियां नन बैंकिंग ऑफिस संचालित कर रहीं थीं। यह कंपनियां छोटे छोटे दुकानदारों जैसे सब्जी विक्रेता, ठेला, खोमचा वालों से प्रतिदिन एक राशि जमा करवाती थी। इसके अलावा फिक्स्ड डिपॉजिट राशि को दोगुना करने का लालच देकर लोगों के पैसे का निवेश कंपनी में करवाती थी। वर्ष 20007-08 से ये कंपनी झारखंड में काम कर रही थी। कंपनी ने लोगों के पैसे को लेकर वर्ष 2015-16 में अपने ऑफिस को बंद कर दिया था। कंपनी की ओर से 10 करोड़ से अधिक की राशि की ठगी लोगों से कर ली गई थी। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह हाईकोर्ट के आदेश की प्राप्ति के एक सप्ताह के भीतर रांची एसएसपी एवं सुखदेव नगर थाना इंचार्ज के पास उक्त चिटफंड कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर लिखित आवेदन दें। जिसके बाद पुलिस द्वारा इस पर एफआईआर किया जाए। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने पैरवी की।